फाल्गुन कृष्ण पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 27 फरवरी 2024
वर्ष -34, अंक -33, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल 16

फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज 15

बैजबॉल धराशायी, भारत ने सीरीज कब्जाई

3-1 से आगे है भारतीय टीम अंतिम टेस्ट 7 मार्च से

17 वीं शृंखला लगातार मेजबान के तौर पर भारत ने जीती

रांची। टेस्ट में बैजबॉल से प्रहार करने वाली इंग्लैंड की टीम को भारत ने अपने घर में एक बार फिर धूल चटाई है। भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों को लेकर कप्तान रोहित शर्मा ने यह भ्रम भी तोड़ दिया कि अनुभव ही सर्वोपरि है। पांच मैचों की शृंखला में भारत ने इंग्लैंड को 3-1 से हराकर सीरीज अपने कब्जे में ली। भारतीय टीम की अपनी सरजमीं पर लगातार 17वीं शृंखला जीती हैं। भारत ने 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40 रन से आगे खेलना शुरू किया। यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। उसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। अब शृंखला का अंतिम मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कानपुर के डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्यूनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन

यूपी अब देश के विकास में 'ब्रेक थ्रू', रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में जुटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज यूपी, देश के डेवलपमेंट में ब्रेकर नहीं बल्कि ब्रेक थ्रू का काम कर रहा है। यहां स्थापित डिफेंस कॉरिडोर के सभी छह नोड्स भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में जुट गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में जब पहली इन्वेस्टर्स समिट हुई थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी। यूपी में अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड्स बन रहे हैं। आज कानपुर में अडाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस ने काम शुरू कर दिया है। समारोह में सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय भी मौजूद रहे। अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के सीईओ करण अडाणी ने स्वागत किया। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान आदि मौजूद थे।

अडाणी एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में सेनाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, अडाणी ग्रुप के सीईओ आशीष राजवंशी। ● अमृत विचार

- 500 एकड़ में बना दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा आयुध कॉम्प्लेक्स

चार हजार प्रत्यक्ष, 20 हजार परोक्ष रोजगार

अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अडाणी ने बताया कि 15 महीने में पांच हजार एकड़ में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स तैयार हुआ है। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष 150 मिलियन राउंड एम्युनेशन उत्पादन की है। यहां रायफल, लाइट मशीन गन (एलएमजी), एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें, हैंड ग्रेनेड निर्मित किए जाएंगे।

आईआईटी कानपुर, बीएचयू सेंटर फॉर एक्सीलेंस

मुख्यमंत्री ने बताया कि डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फॉर एक्सीलेंस नामित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने भी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में साझेदारी दिखाई है। उद्देश्य है कि भारत डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के साथ दुनिया की जरूरत की पूर्ति करे।

नया भारत बड़े सपने देखता है और उसे दिन रात एक कर पूरा भी करता है : मोदी

प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया दो हजार से अधिक रेल प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण-शिलान्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि रेलवे के कायाकल्प अभियान शुरू हो चुका है और उनके तीसरे कार्यकाल में रेलवे के विकास का स्केल एवं स्पीड अभूतपूर्व होगी। मोदी ने सोमवार को वीडियो लिंक के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की दो हजार से ज्यादा रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड (रफ्तार), अभूतपूर्व स्केल (कौशल) से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत-विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक साथ रेलवे से जुड़ी 2000 से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। अभी से जिस स्केल पर काम होना शुरू हो गया है, जिस स्पीड पर काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने जम्मू से एक साथ आईआईटी-आईआईएम जैसे दर्जनों बड़े शिक्षा संस्थानों का लोकार्पण किया। कल ही मैंने राजकोट से एक साथ पांच एम्स और अनेक मेडिकल संस्थानों का लोकार्पण किया। अब आज का ये कार्यक्रम है, आज 27 राज्यों के, करीब 300 से अधिक जिलों में साढ़े 500 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है।

उत्तर प्रदेश के जिस गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा 1500 से ज्यादा रोड ओवरब्रिज, अंडरपास की परियोजनाएं भी शामिल हैं। 40 हज़ार करोड़ रुपये की ये परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतर रही हैं। कुछ महीने पहले ही हमने अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत की थी। तब भी 500 से अधिक स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरु हुआ था। अब ये कार्यक्रम इसे और आगे बढ़ा रहा है। ये दिखाता है कि भारत की प्रगति की रेल किस गति से आगे बढ़ रही है।

- बोले-रेल परियोजनाओं की अभूतपूर्व रफ्तार और कौशल हैरत में डालने वाली

पुनर्विकास योजना में उप्र के 74 रेलवे स्टेशन 267 रोड ओवरब्रिज व अंडरपास भी शामिल

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के भी 74 रेलवे स्टेशन और 267 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) व अंडरपास का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इनमें वे परियोजनाएं शामिल हैं जिनका पुनर्विकास एवं निर्माण किया गया है। उप्र. में जिन 74 स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया उनमें मेरठ नगर जं., मऊ जं., मानिकपुर जं., श्रीकृष्णा नगर, ऊंचाहार जं., मानकनगर, चुनार जं., गढ़मुक्तेश्वर, गोंडा जं., जौनपुर सिटी, ललितपुर जं, मल्हार, चित्रकूट धाम कर्वी, खुर्जा जं., लखीमपुर, कानपुर अनवरगंज, भटनी, हैदरगढ़, मैलानी जं., अकबरपुर ज., मिर्जापुर, गोविंदपुरी, भरतकुंड, सलेमपुर ज., महोबा जं., पीलीभीत जं., कन्नौज, स्वामी नारायन छपिया, सोनभद्र, लम्भुआ, मड़ियाहूँ, ईदगाह आगरा जं., तुलसीपुर, शिकोहाबाद जं., निहालगढ़, आंवला, आनंद नगर जं., बाबतपुर, लखनऊ सिटी, बरेली सिटी, पुखरायां, मोहनलालगंज, गोमती नगर, कानपुर पुल बाया, खोरासन रोड, बांदा, बढ़नी, बालामऊ जं., शिवपुर, गौरीगंज, सिद्धार्थनगर, व्यासनगर, किनारा, डालीगंज, कप्तानगंज जं., स्योहारा, बलरामपुर, फिरोजाबाद, उरई, लालगंज, खलीलाबाद, रामघाट हॉल्ट, गुरसहायगंज, गाजीपुर सिटी, फाफामऊ जं., मुजफ्फरनगर, बेल्थरा रोड, बुलन्दशहर, लोहता, राजा की मंडी, चिलबिला, कुंडा हरनामगंज, बादशाहपुर, तकिया और मैनपुरी जं. हैं। उधर, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअली जुड़े। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान है।

- भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान : योगी

ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा करने पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति की अपील खारिज करते हुए जिला जज के आदेशानुसार व्यास तहखाना (ज्ञानवापी मस्जिद का दक्षिणी तहखाना) में पूजा जारी रखने की अनुमति दे दी है। मालूम हो कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने 11 दिन पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधक) ने 1 फरवरी को हाईकोर्ट के समक्ष वाराणसी के जिला जज के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती देते हुए अपील दाखिल की थी, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद स्थित तलघर में हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति दी गई थी। इसके तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट ने व्यास जी का तहखाना में पूजा की अनुमति देने वाले आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार किया था।

दरअसल, मस्जिद समिति का मानना है कि व्यास तहखाना मस्जिद परिसर का हिस्सा होने के कारण उनके कब्जे में है और व्यास परिवार या किसी अन्य को तहखाने के अंदर पूजा-पाठ करने का कोई अधिकार नहीं है। समिति का यह भी तर्क था कि वर्ष 1993 के बाद से तहखाने में कोई पूजा नहीं हुई, इसलिए अगर 30 वर्षों के बाद न्यायालय रिसीवर नियुक्त कर रहा है और यथास्थिति बदल रहा है तो इस फैसले के पीछे कोई ठोस कारण होना चाहिए। यह भी प्रस्तुत किया गया कि व्यास तहखाना कभी भी हिंदू वादी के कब्जे में नहीं था और कब्जे के बारे में सवाल केवल मुद्दों के तैयार होने के बाद ही तय किया जा सकता है। दूसरी ओर हिंदू पक्षकारों का लगातार यह तर्क था कि तहखाने के अंदर पूजा-पाठ कभी नहीं रुका और यह वर्ष 1993 के बाद भी जारी रहा, जब सीआरपीएफ ने इसे अपने कब्जे में ले लिया था।

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की आपत्ति की खारिज
- जिला जज वाराणसी कोर्ट ने 31 जनवरी को दी थी अनुमति

एक नजर

पेटीएम बैंक के चेयरमैन पद से हटे विजय शेखर

नई दिल्ली। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) के अंशकालिक गैर-कार्यकारी चेयरमैन पद से विजय शेखर शर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। बैंक ने निदेशक मंडल को पुनर्गठित किया है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. को 15 मार्च के बाद ग्राहकों से कोई भी नई जमा राशि या टॉप अप स्वीकार करने से रोक दिया है। बैंक ने सोमवार को कहा कि श्रीनिवासन श्रीधर, देबेंद्रनाथ सारंगी, अशोक गर्ग और रजनी सेखरी सिब्बल की नियुक्ति के साथ निदेशक मंडल का पुनर्गठन किया है।

कठुआ स्टेशन मास्टर सहित छह निलंबित

चंडीगढ़। जम्मू के कठुआ से रविवार को एक चालक रहित 53 वैगन वाली मालगाड़ी चलने के मामले में फिरोजपुर के डीआरएम संजय साहू ने उच्चस्तरीय की जांच के आदेश के बाद कठुआ स्टेशन के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इनमें स्टेशन अधीक्षक, लोको पायलट, सहायक पायलट, प्वाइंट्समैन और टीआरआई शामिल हैं। साहू ने कहा कि जम्मू से पंजाब के लिए चिप पत्थर लेकर जा रही मालगाड़ी लोको पायलट बदलने के लिए कठुआ में रुकी थी।

ट्रू-कॉलर की एआई-कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू

नई दिल्ली। कॉल करने वाले की पहचान से संबंधित एप 'ट्रूकॉलर' ने सोमवार को भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू करने की घोषणा की। इस सुविधा में कॉल का सारांश एवं ब्योरा भी मिलेगा। कंपनी ने कहा कि एआई-आधारित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा के लिए शुल्क लगेगा और यह प्रीमियम सदस्यता के साथ उपलब्ध होगी। यह एंड्रॉयड और आईओएस दोनों ऑपरेटिंग प्रणालियों वाले मोबाइल फोन पर काम करेगी। इस सुविधा के तहत उपयोगकर्ताओं को सीधे ट्रूकॉलर ऐप के भीतर इनकमिंग और आउटगोइंग कॉल रिकॉर्ड करने की क्षमता होगी।

मतदान आज, भाजपा का साथ देंगे राजा भैया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

राज्यसभा चुनाव

- जनसत्ता दल के दो विधायकों का साथ लेने की समाजवादी पार्टी की मुहिम को लगा झटका

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की दस सीट के लिए होने वाले चुनाव में जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के मुखिया रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनकी पार्टी के विधायक विनोद सोनकर भाजपा के उम्मीदवार को वोट देंगे। राजा भैया के इस फैसले से समाजवादी पार्टी की उम्मीद खत्म हो गई है। अब राज्यसभा के लिए मंगलवार को होने वाला चुनाव राजनीतिक उठापटक और दांवपेच वाला होगा। इस बीच एक-एक वोट का महत्व समझाकर सोमवार को भाजपा और सपा ने अपने-अपने विधायकों को मतदान का प्रशिक्षण दिया।

उप्र. में राज्यसभा की दस सीटों के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। आठ प्रत्याशी भाजपा ने खड़े किए हैं, जबकि तीन प्रत्याशी सपा से हैं। सपा के तीनों उम्मीदवारों को जीतने के लिए कुल 111 वोट की जरूरत है। सपा के पास अपने विधायक 108 ही हैं।

अगर कोर्ट आदेश देगी तो ईडी के समक्ष पेश होऊंगा

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल ने कहा कि अगर अदालत इस संबंध में आदेश देगी तो वह ईडी के समक्ष पेश होंगे। यह सातवीं बार है, जब केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री को सातवां समन जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने पेश होने को कहा था। आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेताओं के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के एक साल पूरा होने पर सोमवार को राजघाट पहुंचे मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ये समन उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया छोड़ने के लिए दबाव डालने का एक औजार है।

- ईडी के 7वें समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

नहीं रहे प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास

मुंबई, एजेंसी

- लंबी बीमारी के बाद 72 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

दिल की रगों को चीरते दर्द, इश्क में डूबी उदास शामों और मुहब्बत की रूबाइयों को अपनी मखमली, लरजती आवाज का सहारा देने वाले मशहूर गजल गायक पंकज उधास (72) सोमवार को अपने लाखों चाहने वालों को छोड़कर चले गए। चांदी जैसा रंग है तेरा, इक तरफ उसका घर, चिट्ठी आई है, आहिस्ता कीजिए बातें और जीएं तो जीएं कैसे जैसे लोकप्रिय फिल्मी गीतों तथा मशहूर गजलों से अपने चाहने वालों के दिलों में उतरने वाले पंकज उधास लंबे समय से बीमार थे।

उनकी बेटी नयाब ने बताया कि पंकज उधास ने ब्रीच कैंडी अस्पताल में पूर्वाह्न 11 बजे अंतिम सांस ली। उधास ने दयावान, नाम, साजन और मोहरा सहित कई हिंदी फिल्मों में पार्श्व गायक के रूप में भी अपनी पहचान बनाई थी। पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को होगा। उनके परिवार में पत्नी फरीदा और बेटियां रेवा तथा नयाब हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम हस्तियों ने अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट कीं।

सीआईएससीई 12वीं रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली। भारतीय विद्यालयीय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने सोमवार को अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए 12वीं कक्षा की रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा 21 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। सीआईएससीई की उप सचिव संगीता भाटिया ने स्कूल प्राचार्यों को भेजे एक पत्र में कहा कि सोमवार, 26 फरवरी 2024 को होने वाली आईएससी वर्ष 2024 रसायन विज्ञान पेपर 1 (थ्योरी) परीक्षा को अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा गुरुवार, 21 मार्च, दोपहर दो बजे पुनर्निर्धारित की गई है। परीक्षा स्थगित करने के सटीक कारणों के बारे में पूछे गए सवालों पर बोर्ड की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। लेकिन सीआईएससीई से जुड़े कुछ सूत्रों ने दावा किया कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न-पत्र कथित तौर पर सोशल मीडिया पर लीक हो गया था। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सीआईएससीई बोर्ड परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुई थीं।

- अब 21 मार्च को दोपहर दो बजे होगी आयोजित

किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

होशियारपुर/सिरसा, एजेंसी

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले किसानों ने सोमवार को 'डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) छोड़ो दिवस' मनाया, ट्रैक्टर मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। डब्ल्यूटीओ का पुतला भी फूंका।

जालंधर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले भर में कई स्थानों पर सड़क के किनारे अपने ट्रैक्टर खड़े करके विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का उद्देश्य केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव डालना था, जिसमें उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी, ऋण माफी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करना, किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन और अन्य मांगों को वापस लेना शामिल था।

- सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़े करके जताया डब्ल्यूटीओ का विरोध
- हरियाणा में टोल प्लाजा पर किया प्रदर्शन

हरियाणा के सिरसा में किसानों ने ट्रैक्टर परेड किया और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -नौ पर खैरेकां गांव के पास लगे टोल पर डब्ल्यूटीओ के पुतले फूंके। किसान नेताओं ने कहा कि भारत सरकार डब्ल्यूटीओ से खेती बाड़ी व जनवितरण प्रणाली को बाहर रखे।

उधर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला। मुजफ्फरनगर और बागपत में ट्रैक्टर की श्रृंखला बनाकर विरोध जताया। मेरठ में एकजुट किसानों ने विश्व व्यापार संगठन का पुतला फूंका।

इनसे सीखें यूपी में पहले स्वच्छता मिशन में गांव को बनाया अग्रणी, फिर परिवारों को दिए रोजगार के अवसर

कूड़े से पैदा किए रोजगार के अवसर, बने ब्रान्ड एम्बेसडर

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में जहां एक तरफ कूड़े के ढेर के निस्तारण को लेकर लंबे-चौड़े बजट का सहारा लिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर इस तामझाम से दूर एक युवक ने ऐसा कुछ कर दिखाया कि वो प्रदेश ही नहीं देश के लिए भी नजीर बन गया। दरअसल, इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके मेरठ के मोहिद्दीनपुर निवासी ने लोगों को जागरूक कर गांव से निकले कूड़े-कचरे से बिजली तैयार कराई, फिर इसे बेचकर गांव की सूरत बदल दी। हाल-फिलहाल लघु उद्यम के सहारे गांव वालों को रोजगार मिले हैं। स्वच्छता मिशन की इस अलख को कई प्रदेशों में सम्मान भी मिल चुका है।

मेरठ निवासी विजय नामदेव बताते हैं कि वो कई साल पहले इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर गांव मोहिद्दीनपुर लौटे तो देखा, समस्या रोजगार और कूड़े के निस्तारण को लेकर थी। ऐसे में उन्होंने लोगों को जागरूक किया, फिर युवाओं की एक टीम तैयार की। सूखे और गीले कूड़े को अलग कर बेचा और निजी कंपनी की मदद से बिजली तैयार कराई, ऐसे में कई गांव रोशन हुए। बताते हैं कि गांव की स्वच्छता को प्रदेश में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन सम्मान के अलावा स्वच्छता ग्रामीण सम्मान भी मिल चुका है। पंजाब के मोहाली में हुए राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में उद्यमता को भी पुरस्कृत किया जा चुका है।

लखनऊ में हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में गांव के मॉडल की जानकारी देते विजय नामदेव।

मोहिद्दीनपुर गांव के बच्चों ने प्रधानमंत्री से की मन की बात

मोहिद्दीनपुर गांव को मॉडल बनने में कई हाथ जुड़े हैं। विकास यहीं पर खत्म नहीं हुआ। विजय ने स्मार्टक्लास (आधार शिला) के सहारे बच्चों को प्रशिक्षित कराया। ऐसे में विद्यालय के छात्रों ने जब बुलेट ट्रेन और रोबोट तैयार किए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मन की बात के सहारे बच्चों से बात किए बिना नहीं रह सके।

गांव के बजट से युवाओं को मिला रोजगार

विजय बताते हैं कि ग्राम प्रधान विमला देवी की मदद से सफाई के नाम पर घरों से दो रुपया और दुकानदारों से पांच रुपया वसूल किया गया। कूड़े से बेचे गए रुपयों के सहारे चंद माह में करीब पांच लाख का राजस्व इकट्ठा हुआ। इससे बेरोजगार पुरुषों और महिलाओं को रोजगार देने में मदद मिली।

एक नजर

जान-बूझकर पेपर लीक कराती है सरकार: अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी एक बयान में आरोप लगाया कि सरकार जान-बूझकर पेपर लीक कराती है। उन्होंने सवाल उठाया कि, पेपर छपाई से लेकर वितरण और परीक्षा कराने तक में सरकार के लोग शामिल रहते हैं तो पेपर लीक कैसे हो जाता है?, उन्होंने कहा है कि सरकार नौजवानों को नौकरी नहीं देना चाहती है।

यूपी आखिर कब पेपर लीक मुक्त प्रदेश होगा: मायावती

अमृत विचार, लखनऊ: बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश आखिर कब पेपर लीक मुक्त होगा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने से सम्बन्धित परीक्षा का रद्द होना अति-गंभीर व चिन्तनीय है।

अभ्यर्थियों का प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से मिला

अमृत विचार, लखनऊ: बीटीसी, डीएलएड, टीईटी व सीटीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से मिला और अपनी समस्याएं बताईं। प्रतिनिधि मंडल में डीएलएड संयुक्त प्रशिक्षित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रजत सिंह, संयुक्त मोर्चा संघ के अध्यक्ष राहुल यादव, ज्ञानेंद्र वर्मा, लवकुश मौर्य, आलोक पांडेय आदि शामिल रहे।

29 को आ सकती है निर्वाचन आयोग की टीम

अमृत विचार, लखनऊ: भारत निर्वाचन आयोग की टीम के 29 फरवरी को राजधानी में पहुंचने की संभावना है। टीम लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेगी। साथ ही, राजनीतिक दलों व अफसरों के साथ अलग-अलग बैठक करेगी।

गोमती नगर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का सपना हुआ साकार : राजनाथ

लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए रक्षा मंत्री, बोले- इसके लिए करनी पड़ी काफी मेहनत

▸▸ **अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 स्टेशनों का हो रहा पुनर्विकास**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

गोमती नगर रेलवे स्टेशन पर विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार: गोमती नगर रेलवे स्टेशन के लोकार्पण अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की बहुत सारी रेल परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं। मुझे जो जानकारी दी गई है, उसके अनुसार उत्तर प्रदेश में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारतीय रेल के 554 स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोड ओवर ब्रिज, अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन कर राष्ट्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को समर्पित कर रहे हैं। इनकी लागत 41 हजार करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि पहले तो मैं दिल्ली से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोमती नगर रेलवे स्टेशन के कार्यक्रम में जुड़ना चाहता था लेकिन यह मेरा प्रोजेक्ट था, इसलिए मैं खुद को यहां आने से रोक नहीं सका। इस स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का सपना आज पूरा हुआ।

रक्षामंत्री ने बताया कि एयरपोर्ट की तरह गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को बनाने के पीछे काफी मेहनत की गई। उन्होंने बताया कि तत्कालीन रेल मंत्री सदानंद गौड़ा रेलवे बजट पर स्पीच दे रहे थे। उन्होंने कुछ रेलवे स्टेशनों की चर्चा की, जिन्हें विश्व स्तरीय बनाया जाना था। इसमें लखनऊ का नाम नहीं था। उसी समय मैंने रेल मंत्री को नाम लिख कर दिया और इसकी घोषणा करने को कहा। उन्होंने बजट स्पीच देते समय गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को भी विश्व स्तरीय बनाने की घोषणा की। इस स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने में लंबा समय लगा है बीच में कुछ परेशानियां भी हुई।

रक्षा मंत्री ने रेलवे के सभी अधिकारियों को इसके लिए बधाई दी। इंजीनियरों को भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने मजदूरों को भी धन्यवाद दिया जिनके खून पसीने की मेहनत से ही गोमती नगर रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा हुआ। कार्यक्रम में मंच पर राज्यसभा सांसद बृजलाल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, दारा सिंह चौहान, महापौर सुषमा खर्कवाल, दिवाकर त्रिपाठी, राघवेंद्र शुक्ला, मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर सुधीर सिंह और रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।

दो फ्लाई ओवर का तेजी से चल रहा निर्माण कार्य

उन्होंने कहा कि लखनऊ में दो फ्लाईओवर पर काम चल रहा है। आठ से नौ फ्लाईओवर और नए हैं, जिन पर काम शुरू होना है। रिंग रोड का भी निरीक्षण मैंने किया है। उसका काम भी तेजी से किया जा रहा है। आगामी तीन-चार दिनों के अंदर उसका काम पूरा हो जाएगा।

देश की सुरक्षा के लिए मिसाइल का निर्माण जरूरी

रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं यह भी बताना चाहूंगा कि अब लखनऊ की धरती पर ब्रह्मोस मिसाइल बन रही है। दूसरे सप्ताह में इसका भी लोकार्पण जरूर हो जाएगा। मैं नहीं चाहता हूं कि दुश्मनों पर कभी मिसाइल चलाने की जरूरत पड़े, लेकिन देश की सुरक्षा के लिए यह जरूरी है इसलिए इसका निर्माण लखनऊ में शुरू हुआ है। पूरा काम होने में साल 2026 तक का समय है लेकिन इसका लोकार्पण मार्च के दूसरे सप्ताह में हो जाएगा।

होमगार्ड ड्यूटी घोटाले के आरोपी की जांच सुस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **विभाग बीओ की बर्खास्तगी की तैयारी में और जांच अभी तक नहीं पहुंची किसी नतीजे पर**

अमृत विचार: होमगार्ड जवानों की दोहरी ड्यूटी लगाकर चार करोड़ से अधिक के घोटाले की जांच पर कमिश्नरेट पुलिस कुंडली मारकर बैठ गई है। तकरीबन आठ माह होने को हैं और कमिश्नरेट पुलिस की जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है, जबकि होमगार्ड विभाग मुख्य आरोपी बीओ एवं अन्य की बर्खास्तगी की तैयारी में बैठी है। इसके चलते विभाग के आला अफसरान दबी जुबान यह मानने लगे हैं कि कमिश्नरेट पुलिस ब्लाक आर्गनाइजर व अन्य को बचाने के चक्कर में जांच को लटकाए हुए है।

मुख्य सचिव के आफिस-आवास व अन्य सरकारी संस्थानों में लगे होमगार्ड जवानों को ड्यूटी से हटाकर दूसरे स्थानों पर ड्यूटी कराए जाने का मामला जून, 2023 में सामने आया था। डीजी होमगार्ड ने मामले की जांच कराई तो भ्रष्टाचार के सबूत मिले थे। इसके बाद पूर्वी परिक्षेत्र के डीआईजी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। इस समिति ने मई 2003 से 2017 के बीच की लगाई गई ड्यूटी की जांच की तो तकरीबन साढ़े चार करोड़ रुपए के घोटाला किए जाने का मामला सामने आया।

इस मामले में गोमतीनगर विस्तार थाने में ब्लाक आर्गेनाइजर (बीओ) सुरेश सिंह और अन्य के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई। डीजी होमगार्ड ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर इस मामले में सभी आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने की भी सिफारिश कर रखी है, जिससे अपराध से कमाई गई संपत्ति को जब्त कराया जा सके।

होमगार्ड विभाग के बड़े अफसरों का कहना है कि बीओ के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं। ऐसे में विभाग उसकी बर्खास्गी की तैयारी कर चुका है, लेकिन कमिश्नरेट पुलिस की ओर से अभी तक जांच पूरी नहीं की जा सकी है।

13 रेलवे क्रॉसिंगों पर बनेंगे अंडरपास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के पहले फेज की सौगात दी। साथ ही लखनऊ में रेलवे क्रॉसिंगों पर जाम से निपटने के लिए 13 अंडरपास और दो ओवरब्रिज, डालीगंज और लखनऊ सिटी स्टेशन का भी शिलान्यास व लोकार्पण भी किया। उन्होंने मल्हौर, मानकनगर और मोहनलालगंज रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प, यात्री सुविधाओं, नई ट्रेनों की शुरुआत और ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने जैसी सुविधाओं का लोकार्पण और शिलान्यास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया।

यहां बनेंगे अडंरपास

लखनऊ-कानपुर की पिपरसंड-लुन्हा क्रॉसिंग, गोंडियाखेड़ा-लुन्हा क्रॉसिंग, सुजानौर गढ़ी चुनौटी क्रॉसिंग, लखनऊ-बाराबंकी रूट की पत्रकारपुरम क्रॉसिंग, लखनऊ-सुलतानपुर रूट की डिबापुर-चौधरी खेड़ा क्रॉसिंग, लखनऊ-कानपुर की कनौर रोड-पिपरसंड क्रॉसिंग, आलमबाग-कनौसी रेलवे क्रॉसिंग, लखनऊ-शुक्लागंज बाईपास, कृष्णानगर-छपराखेड़ा क्रॉसिंग, लताखेड़ा-पंडितखेड़ा क्रॉसिंग, नादरगंज-समदर क्रॉसिंग, अमौसी-खुर्रमपुर क्रॉसिंग, पिपरसंड-गुल्लुखेड़ा क्रॉसिंग। वहीं जगपालखेड़ा क्रासिंग उतरेठिया आलमनगर की पारा क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनेंगे।

गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर 385 करोड़ खर्च: गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय यात्री सुविधाओं के मानक पर 385 करोड़ रुपर्य से विकसित किया जा रहा है। यहां पर छह प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं। हर प्लेटफॉर्म को कॉर्नकोर्स से जोड़ा गया है।

आठ करोड़ से तैयार हुआ सिटी स्टेशन: लखनऊ सिटी रेलवे स्टेशन पर नई यात्री सुविधाओं के साथ ही पुरानी सुविधाओं को आठ करोड़ से अपग्रेड किया गया है। प्रवेश द्वार सुंदरीकरण, प्लेटफॉर्म अपग्रेडेशन, कोच गाइडेंस सिसूरम, ट्रेन डिस्पले बोर्ड, डिजिटल घड़ियों, उद्घोषणा प्रणाली, सोलर प्लांट, वाटर कूलर, एसी आदि यात्री सुविधाएं शामिल हैं।

सपा के रात्रिभोज में नहीं पहुंचे आठ विधायक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▸▸ **विधायकों की अनुपस्थिति से सपा को राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की आशंका**

▸▸ **सपा को अपना तीसरा तो भाजपा को आठवां उम्मीदवार जिताने को करना होगा संघर्ष**

अमृत विचार: राज्यसभा में उप्र. की रिक्त सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले सोमवार की शाम मुख्य विपक्षी दल सपा को शुभ संदेश देने वाली नहीं रही। दरअसल, सपा ने मतदान की पूर्व संध्या पर अपने सभी विधायकों की बैठक बुलाई थी और उनके लिए रात्रिभोज आयोजित किया था। लेकिन उसके आठ विधायक बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए। चायल विधायक पूजा पाल, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, अमेठी विधायक महाराजी देवी, काल्पी विधायक विनोद चतुर्वेदी ,अंबेडकरनगर विधायक राकेश पांडेय, और विधायक पल्लवी पटेल सपा की बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए।सपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने अनुपस्थित विधायकों के बारे में अमृत विचार को बताया कि, कुछ ने न आने का व्यक्तिगत कारण बताया लेकिन असलियत कल मतदान में पता चलेगी।

पार्टी की बैठक और डिनर विधायकों की अनुपस्थिति से सपा को राज्यसभा चुनाव में इनके क्रॉस वोटिंग करने का डर सताने लगा है। अगर ऐसा हुआ तो सपा का खेल बिगड़ सकता है। सपा को जहां अपना तीसरा उम्मीदवार जीताने की मुश्किल होगी वहीं, भाजपा अपना आठवों उम्मीदवा जिता ले जाएगी।

विधायकों की गुणा-गणित में उलझी: उत्तर प्रदेश की राज्यसभा में दस रिक्त सीटों के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। सपा के पास अपने विधायक 108 ही हैं। अपने तीनों उम्मीदवारों को जिताने के लिए सपा को 37 प्रति विधायक के हिसाब से 111 विधायकों का समर्थन चाहिए। अब राजा भैया की पार्टी के दो वोट सपा को नहीं मिलेंगे। ऐसे में सवाल बड़ा यह है कि सपा के अपने तीसरे उम्मीदवार को जिताने के लिए क्या जुगत भिड़ाएगी। अखिलेश यादव के सामने न केवल सपा की सहयोगी पार्टी अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल की नाराजगी एक चुनौती है, बल्कि रालोद के भाजपा के साथ खड़े होने जाने से भी वह खुद को कमजोर महसूस कर रही है। हालांकि सपा के विधायक रमाकांत यादव और इरफान सोलंकी जेल में बंद हैं। इन्हें मताधिकार का अवसर मिला तो स्थितियां कुछ और होंगी।

सपा के उम्मीदवार- जया बच्चन, आलोक रंजन, रामजी लाल सुमन

भाजपा के उम्मीदवार- आरपीएन सिंह, अमरपाल मौर्य, चौ. तेजवीर सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, संगीता बलवंत (बिंद), साधना सिंह नवीन जैन और संजय सेठ।

राजा भैया को अपनी ओर करने में आखिरकार सफल हुई भाजपा

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ के बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को बीते लगभग दस सालों से अपने साथ लाने में जुटी थी। मंगलवार को राज्यसभा के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले भाजपा आखिर अपने इस लक्ष्य में सफल हो गई। अब जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के दोनों विधायकों का वोट भाजपा को जाएगा। दरअसल, राजा भैया के दल का गठन होने के पहले भाजपा उन्हें साल 2014 में अपने साथ लाने का प्रयास किया था। तब उन्हें भाजपा के सिंबल पर प्रतापगढ़ से लोकसभा चुनाव का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन वह नहीं माने, फिर उन्हें साल 2017 में भाजपा के साथ आने का प्रस्ताव दिया गया। तब भी बात नहीं बनी थी।

यहां तक कि, बीते विधानसभा चुनाव के पहले राजा के दल को एनडीए का घटक भी बनाने का प्रयास असफल रहा था। लेकिन इस बार यहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दिल्ली से शीर्ष भाजपा नेताओं ने जो प्रयास किया, उसका प्रभाव हुआ और राजा भैया भाजपा के उम्मीदवार को वोट देने को राजी हो गए।

भाजपा भी कहां से लाएगी और विधायक

अमृत विचार: विधानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या 252 है। सहयोगियों से 34 विधायक और भाजपा के खाते में जुड़ते हैं। इनमें अपना दल के 13, रालोद के 9, निषाद पार्टी और सुभासपा के 6-6 विधायक शामिल हैं। यानि यह संख्या मिलाकर 286 तक ही पहुंचती है। जनसत्ता दल के दो एमएलए जोड़ लें तो संख्या होती है 288 है। अब अगर भाजपा को अपने सभी आठ उम्मीदवार जिताने के लिए 296 विधायकों का साथ चाहिए तो नौ की गणित कैसे सधेगी?। कुल मिलाकर राज्यसभा चुनाव में क्रॉसवोटिंग की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

एनडीए विधायकों ने किया पूर्वाभ्यास

अमृत विचार: भाजपा राज्यसभा चुनाव में अपने आठवें प्रत्याशी की जीत को लेकर आश्वस्त दिख रही है। पार्टी नेताओं का दावा है कि उनके पास सभी आठ प्रत्याशियों की जीत के लिए जरूरी संख्या बल है। एनडीए के सभी विधायकों को सोमवार को दिनभर दो सत्रों में लोकभवन में मतदान का प्रशिक्षण दिया गया। शाम के सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। योगी ने सभी विधायकों को रात्रि भोज भी दिया। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक के अलावा सहयोगी दलों के नेता शामिल रहे।

इस बार गर्मियों में नहीं होगी बिजली की किल्लत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में इस बार लोगों को बिजली की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। पावर बैंकिंग समझौते के तहत प्रदेश को 11 राज्यों से बिजली मुहैया होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल से सितंबर के बीच बिजली की ज्यादा मांग होना संभावित है। बिजली की संभावित मांग की भरपाई के लिए गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तराखंड व केरल से पहली बार पावर बैंकिंग के तहत समझौता हुआ है। इन पांच राज्यों से प्रदेश को 171.4 करोड़ यूनिट बिजली मिलेगी, जबकि पूर्व में हुए समझौते के तहत मध्य प्रदेश, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व कर्नाटक से भी बिजली मिलेगी। इन 11 राज्यों से कुल 458.4 करोड़ यूनिट बिजली मुहैया होगी। अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल गर्मी के दिनों में अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट तक पहुंची थी, पर प्रदेश में नये उद्योगों की स्थापना के कारण इस बार 30 हजार मेगावाट से ऊपर पहुंचने की संभावना है। अधिकारियों के अनुसार समझौते के तहत तेलंगाना से 116.9 करोड़ यूनिट, गुजरात 17.7 करोड़ यूनिट, महाराष्ट्र 23.3 करोड़ यूनिट व उत्तराखंड 4.9 करोड़ यूनिट बिजली प्रदेश को मिलेगी, जबकि केरल से 8.6 करोड़ यूनिट बिजली मिलेगी।

पांच आईएएस अधिकारियों का तबादला

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य सरकार ने सोमवार को पांच आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। अयोध्या के नगर आयुक्त व अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह को विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक बनाया गया है। बृज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ व मथुरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नागेंद्र प्रताप को महानिदेशक आयुष बनाया गया है।विशेष सचिव पर्यटन अश्वनी कुमार पांडेय को अयोध्या विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष शर्मा को नगर आयुक्त अयोध्या का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शाहजहांपुर के सीडीओ श्याम बहादुर सिंह को मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष व ब्रज तीर्थ विकास परिषद का सीईओ बनाया गया है।

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

शहर में आज

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आपदा जोखिम न्यूनीकरण में भूमिका विषय पर कार्यशाला - 9:00 बजे।
- पीडब्ल्यूडी मुख्यालय में राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा पुरस्कार वितरण - 10:00 बजे।
- मोहन मेकिन रोड डालीगंज में चन्द्रशेखर आजाद के 93वें बलिदान दिवस पर कार्यक्रम - 12:00 बजे।
- समाज कल्याण निदेशालय में समाधान केंद्र हेल्पलाइन कल्याण साथी-14568 और कल्याण साथी मोबाइल एप की शुरुआत - 4:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी में नाटक असमंजस बाबू की आत्मकथा का मंचन - 6.30 बजे।

एक नजर

परमिट अस्वीकृत हुआ तो दो माह के भीतर करें शुल्क वापसी का आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : परमिट के आवेदन पत्र के साथ ही जमा परमिट फीस वापस प्राप्त किए जाने की समय सीमा निर्धारित कर दी गई है। परमिट अस्वीकृत होने की दशा में आवेदक को परमिट शुल्क वापस किया जाएगा। परमिट शुल्क वापसी के लिए आवेदक को दो माह के भीतर प्रार्थना पत्र देना होगा। जांच के बाद जमा परमिट फीस वापस हो जाएगी। यह जानकारी राज्य परिवहन प्राधिकरण के सचिव सगीर अहमद ने दी। उन्होंने बताया कि दो माह बाद प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि गत दिनों हुई एसटीए की बैठक में इस पर फैसला लिया गया है।

चिन्हांकन के दौरान डंप मिला कमरे में लहसुन

अमृत विचार, लखनऊ : एलडीए ने अकबर नगर में रविवार को मकानों को ध्वस्त करने के लिए चिन्हांकन किया था। सुबह से देर शाम तक प्रक्रिया की गई थी और ध्वस्तीकरण की तैयारी की थी। इस दौरान अकबर नगर प्रथम में चिन्हांकन के दौरान एक मकान के दो कमरों में कई बोरे लहसुन डंप मिला था। जो किसी आढ़ती ने दाम बढ़ने के चक्कर में रखा हुआ था।

कुकरैल के पुनर्जीवन में बाधा बने मकानों पर चला बुलडोजर

अकबर नगर : एलडीए ने पुलिस-प्रशासन के साथ शुरू की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई, कई परिवार हटे तो कई डटे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने दल-बल के साथ सोमवार को अकबर नगर में कुकरैल नदी के पुनर्जीवन में बाधा बने मकानों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। पहले दिन अकबर नगर द्वितीय में नदी की जमीन और बंधे पर कब्जा कर वर्षों से बने 8 पक्के मकान, 22 झोपड़ी, टीनशेड आदि ध्वस्त किए। सुबह 11 बजे से शुरू हुई कार्रवाई देर शाम तक चली।

सबसे पहले अनाउंसमेंट करके लोगों को बाहर निकाला गया और उनकी सहमति पर मजदूरों को लगाकर घर खाली कराए गए। पहले मजदूरों ने ऊपर की तरफ बने मकान हथौड़े व अन्य उपकरणों से तोड़े। इसके बाद जगह बनाकर नीचे बुलडोजर उतारकर बने पक्के मकान ध्वस्त किए। कार्रवाई हाईकोर्ट से अनुमति मिलने पर उन घरों पर की गई जिनकी याचिका दायर नहीं की थी। यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। जहां, 1200 मकान, दुकान व शोरूम आदि ध्वस्त किए जाने हैं और कुकरैल का स्वरूप लौटाकर रिवर फ्रंट बनाना है। कार्रवाई से लोगों में दहशत रही और मायूसी भी रही।

रोता देख मौके पर दिए 59 आवास, 11 परिवार शिफ्ट : अकबर नगर (प्रथम व द्वितीय क्षेत्र) में सभी मकान व अन्य बिना मानक के निर्माण ध्वस्त किए जाने हैं। कुछ में हाईकोर्ट की रोक भी है। इस क्रम में पहले चरण में प्रथम व द्वितीय में 59 मकान क्रास का निशान लगाकर चिह्नित किए हैं। द्वितीय में मकान खाली कराने की कार्रवाई शुरू हुई तो महिलाएं व बच्चे रोने लगे और विरोध कर रहने का ठिकाना मांगा।

जबकि प्रथम में दूसरे दिन कार्रवाई होने के कारण कुछ परिवारों ने घर नहीं खाली किए। इस पर उपाध्यक्ष ने मौके पर योजना अधिकारी व कर्मचारियों को बुलाकर बसंतकुंज योजना में बिना शुल्क प्रधानमंत्री शहरी आवास आवंटित किए। प्रथम के 16 व द्वितीय के 43 परिवारों को आवास की पर्ची दी। इसमें 11 परिवारों का परिवहन विभाग की तरफ से लगाए गए वाहनों से सामान भेजकर शिफ्ट किया। उप सचिव अतुल कुमार द्वारा वहां परिवारों को खाना-पानी उपलब्ध कराया गया। मंगलवार को टीम प्रथम में तोड़फोड़ करते हुए आगे बढ़ेगी।

नहीं जले चूल्हे, पशु भूख से बेहाल : यूं तो कार्रवाई से पूरे अकबर नगर में अफरा-तफरी का माहौल रहा, लेकिन जहां ध्वस्तीकरण किया गया, वहां के हालात खराब रहे। लोग सिर्फ परिवार के साथ सामान समेटते रहे। इस वजह से घरों पर चूल्हे नहीं जले। भूख से बच्चे रोते रहे तो उनके पशुओं को भी चारा पानी नहीं मिला। कुछ लोगों ने दोपहर बाद इंतजाम कर खिलाया।

सोमवार को अकबर नगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान बिना मानक के बने मकानों को तोड़ते श्रमिक। अमृत विचार

अकबर नगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान रोते स्थानीय लोग। अमृत विचार

ड्रोन से बढ़े आगे, हर गतिविधियों पर रही नजर

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होने से पहले ड्रोन से गतिविधियां देखीं गईं। चिह्नित मकानों के आसपास ड्रोन उड़ाया गया। गलियों व छतों पर नजर रखी गई। ड्रोन से मकान खाली या उनमें कोई रह गया यह सब देखा गया। इसकी मदद से टीम आगे बढ़ती रही। वहीं, मुख्य सड़क चारों तरफ से बैरीकेडिंग कर बंद कर दी गई और पुलिस व अधिकारियों के अलावा अन्य को नहीं जाने दिया। मेन रोड पर 100 से अधिक शोरूम भी तोड़े जाने हैं। जहां सन्नाटा रहा और सभी में पुलिस व पीएसी तैनात रही।

पीएसी के साथ उपाध्यक्ष क्षेत्र में रहे मौजूद

कार्रवाई के दौरान एलडीए, जिला व पुलिस प्रशासन, नगर निगम समेत कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा बराबर खड़े रहे और दिशा निर्देश देते रहे। कार्रवाई के दौरान जब मजदूर नीचे उतरे तो उपाध्यक्ष पीएसी के साथ पहुंचे और गलियों का भ्रमण कर हालात देखे। लोगों से बात की। इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, एडीएम एफआर राकेश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ, जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी समेत कई अधिकारी रहे।

- अनाउंसमेंट कर मजदूरों के सहयोग से नदी की जमीन व बंधे से खाली कराए मकान
- परिवारों को बसंतकुंज में किया शिफ्ट, कुकरैल का स्वरूप लौटाकर बनेगा रिवरफ्रंट

> अकबर नगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामला हाईकोर्ट में है। जिन लोगों ने याचिका दाखिल नहीं की कोर्ट की अनुमति पर उनके मकान तोड़े जा रहे हैं। इस प्रक्रिया में समय लगेगा।
>
> –ज्ञानेंद्र वर्मा, अपर सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण।

अकबर नगर इलाके में दिन-भर बाधित रहा यातायात

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर इलाके के अकबर नगर में सोमवार को बिना मानक के निर्माणों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की वजह से दिन भर यातायात बाधित रहा। इसके चलते इलाके में रूट डायवर्जन लागू किया गया था। ऐसे में वैकल्पिक रास्तों से आवागमन के चलते दिन भर पॉलीटेक्निक चौराहा, आम्रपाली चौराहा, बादशाह नगर मैट्रो स्टेशन के समीप दिन भर यातायात बाधित रहा। कई बार ट्रैफिक कर्मी भी बेबस नजर आये। अकबर नगर में कार्रवाई के चलते डायवर्जन लागू किया गया था। इससे इस इलाके के अलावा अन्य मार्गों पर भी दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। वाहन चालक परेशान दिखे। चौक चौराहों पर सिग्नल लाल होते ही वाहनों की लंबी लाइनें लगी नजर आईं। इसके चलते पॉलीटेक्निक चौराहा, नीलगिरी तिराहा, अम्रपाली चौराहा, बंधा रोड, आईटी, बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन, कार्मल चौराहा व वायरलेस चौराहे पर लोग जाम में फंसे नजर आये। फिलहाल ट्रैफिक कर्मी मशक्कत करते रहे, लेकिन वाहनों की लंबी-लंबी लाइनों के जाम से निजात दिलाने में बेबस नजर आये।

अकबर नगर में कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद एलडीए उपाध्यक्ष और नगर आयुक्त।

लगे 250 मजदूर, 15 से अधिक मशीन

अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जानी है। पहले दिन 250 मजदूर लगाए गए। तो 15 से अधिक जेसीबी व अन्य मशीन तोड़फोड़ के लिए खड़ी की गईं। लोगों का सामान ढोने और मलबा आदि कार्य के लिए नगर निगम ने 30-35 लोडर, ट्रैक्टर-ट्राली, ट्रक, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, ई-रिक्शा आदि लगाए। पास बने ब्रिज पर भी अतिरिक्त मशीने व वाहन खड़े किए गए।

चोट लगने वाले श्रमिक का हालचाल लेते पुलिसकर्मी।

हाथ में हथौड़ा पड़ने से मजदूर घायल

मकानों के घने, छोटे और ऊपर-नीचे बने होने के कारण उन्हें तोड़ने में परेशानी हुई। इसलिए बुलडोजर की बजाए पहले मजदूरों ने हथौड़ा चलाया। इस दौरान एक मजदूर के हथौड़ा चलाने पर पास में काम कर रहे दूसरे मजदूर रवी सैनी के सीधे हाथ में पड़ गया और वह रोते हुए गिर पड़ा। हालत खराब होने पर उपाध्यक्ष ने फौरन एंबुलेंस से उसे अस्पताल भेजा।

अकबर नगर मामले में सुनवाई पूरी फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अकबर नगर मामले में अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने फैसला आने तक याचिकाएं दाखिल करने वाले कब्जेदारों के खिलाफ कार्रवाई पर लगी अंतरिम रोक को बरकरार रखा है। हालांकि कुछ मामलों में मंगलवार को भी सुनवाई होगी।

सोमवार को न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अकबर नगर मामले में दाखिल सभी याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली। इस मामले में सबसे पहले 21 दिसम्बर 2023 को पूरे अकबर नगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर एकल पीठ ने रोक लगा दी थी। हालांकि बाद में मामला दो सदस्यीय खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए चला गया। खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट किया कि ध्वस्तीकरण पर अंतरिम रोक का लाभ उन्हीं कब्जेदारों को मिलेगा जिनके मामले न्यायालय के समक्ष आए हैं, बाकियों पर कार्रवाई के लिए एलडीए व सरकार स्वतंत्र हैं। इस दौरान न्यायालय ने करदाता कब्जेदारों व गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों के मामलों को अलग-अलग करते हुए भी सुनवाई की। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान यह भी टिप्पणी की कि टैक्स भरने वाले या लखनऊ शहर में दूसरी संपत्तियों के मालिक कब्जेदारों की संख्या अच्छी-खासी है। लिहाजा न्यायालय ने बाकी याचियों को भी आदेश दिया कि वे भी अपने पैन नम्बर अथवा आईटीआर इत्यादि की जानकारी दें। उल्लेखनीय है कि याचियों की ओर से स्व स्थाने मलिन बस्ती पुनर्विकास नीति 2021 का हवाला देते हुए दलील दी गई है कि उक्त नीति के प्रावधानों के तहत याचियों का पुनर्वास नहीं किया जा रहा है।

कार्रवाई के दौरान टोके जाने से भड़की महिला दरोगा से बोली- आप तो चुप ही रहिये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भीड़ से निपटने के लिए पुलिस अधिकारियों ने खुद संभाला मोर्चा
- अकबर नगर आने-जाने वाले मार्गों पर रही कड़ी निगरानी

अमृत विचार : अकबर नगर में बिना मानक के निर्माण ढहाने की कार्रवाई से सोमवार को लोगों में नाराजगी दिखी। एक दरोगा ने गली से निकल कर रोड की ओर जा रही महिला को टोका तो वह भड़कते हुए बोली, आप तो चुप ही रहिए...।

चप्पे-चप्पे पर तैनात पुलिस कर्मियों को लोग बेबस नजरों से घूरते दिखे। फिलहाल पुलिस कर्मियों की सख्ती से लोग कार्रवाई का विरोध करने का साहस नहीं जुटा सके। इस दौरान डीसीपी मध्य रवीना त्यागी फोर्स के संग घूम-घूम कर लोगों को हिदायत देती रहीं।

अकबर नगर में सोमवार को बिना मानक के निर्माणों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जानी थी। इसके चलते सुबह 7 बजे से ही डीसीपी रवीना त्यागी समेत कई थानों की पुलिस फोर्स समेत अन्य बल ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। अकबर नगर के सभी मार्गों पर बैरिकेडिंग कर लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गयी। इस बीच कई स्थानों पर भीड़ लगी नजर आयी। गड़बड़ी की आशंका होते ही डंडा फटकार कर पुलिस कर्मियों ने भीड़ को तितर बितर किया। पुलिसकर्मियों की युवाओं पर कड़ी नजर रही। जहां पर भी युवाओं का जमावड़ा दिखता, पुलिसकर्मी तत्काल उनको घरों की ओर रुख करने की हिदायत देते रहे। बीच-बीच में कुछ लोगों ने शोर-शराबा कर कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया। इस पर तत्काल चारों तरफ से फोर्स ने घेराबंदी कर लोगों को चेतावनी देते हुए चलता कर दिया। किसी भी गड़बड़ी से निपटने के लिए लखनऊ के सभी जोन के अफसरों व महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों के अलावा बाराबंकी का फोर्स भी बुलाया गया है।

रोहतास बिल्डर्स के मालिक की 18.70 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभिन्न थानों में 81 मामले दर्ज, परिजन के नाम से खरीदे 22 भूखंड चिन्हित

अमृत विचार : पुलिस आयुक्त लखनऊ ने गैंगस्टर के आरोपी व रोहतास बिल्डर्स के मालिक परेश रस्तोगी की 18.70 करोड़ की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में 81 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

आरोपी ने लोगों से विभिन्न तरीकों से ठगी व धोखाधड़ी कर रकम एकत्रित कर परिजन व नजदीकी लोगों के नाम पर 22 भूखंड बैनामा करा दिये। आयुक्त ने विभिन्न मामलों की सुनवाई के बाद फैसला सुनाया। हजरतगंज कोतवाली अंतर्गत लाला लाजपत राय मार्ग निवासी परेश रस्तोगी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। दर्ज मामलों की जांच की गयी। इसमें सामने आया कि आरोपी ने आपराधिक गतिविधियों के माध्यम से अवैध तरीके से संपत्ति बनाई है। आरोपी पर आम लोगों को आवासीय, व्यावसायिक बिल्डिंगें बनाकर देने के नाम पर करोड़ों ठगने का आरोप है। बिल्डिंग उपलब्ध नहीं कराने पर लोगों ने पैसा वापस मांगा तो जान माल की धमकी देकर उन्हें चुप करा दिया गया। वह गिरोह बनाकर अपराध करता था।

आज हजरतगंज व विधानसभा की ओर जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्यसभा उम्मीदवारों के मतदान के चलते रहेगा रूट डायवर्जन
- सुबह 8 बजे से मतदान के समापन तक लागू रहेगा डायवर्जन

अमृत विचार : राज्यसभा की रिक्त सीटों पर निर्वाचन के लिए मंगलवार को मतदान होगा। इसके चलते शहर के कई प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन लागू किया गया है।

डीसीपी सलमान ताज पाटिल रहेगा। यातायात से संबंधित कोई परेशानी होने पर ट्रैफिक कंट्रोल रूम के नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।

इन रास्तों पर रहेगा बदलाव, घर से रूट चार्ट देखकर निकलें

- बंदरियाबाग चौराहे से राजभवन, डीएसओ, हजरतगंज, जीपीओ और विधानसभा की ओर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। वैकल्पिक मार्ग लालबत्ती चौराहा, कैंड या गोल्फ क्लब, 1090 चौराहा होकर निर्धारित किया गया है।
- हजरतगंज चौराहा से डीएसओ चौराहा तक आवागमन बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग पार्क रोड, सिकन्दरबाग चौराहा निर्धारित किया गया है।
- रॉयल होटल चौराहे से विधानसभा के सामने से हजरतगंज चौराहे तक आवागमन बंद रहेगा। इन रूट से आवाजाही करने वाले कैसरबाग चौराहे, परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहे, चिरैयाझील, बर्लिंग्टन चौराहे, कैंट ओवर ब्रिज होकर निकलें।
- सिकन्दरबाग चौराहे से हजरतगंज और विधानसभा नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग सिकन्दरबाग चौराहे से बालू अड्डा, 1090 चौराहा या चिरैयाझील होकर आवाजाही कर सकेंगे।
- परिवर्तन चौक, हिन्दी संस्थान तिराहे से हजरतगंज होकर विधानसभा की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग कैसरबाग या चिरैयाझील, संकल्प वाटिका या सिकन्दरबाग, 1090 चौराहे से गोल्फ क्लब चौराहे से बंदरियाबाग, लालबत्ती, कैंट जा सकेंगे।

आज महानगर इलाके में इन मार्गों पर बदलाव

- पॉलीटेक्निक से अकबरनगर की ओर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग नीलगिरी तिराहे से बांये होकर अम्रपाली चौराहा से बांये बैरल नंबर- 8 से बंधा रोड होकर गंतव्य को जा सकेंगे।
- आईटी से पॉलिटेक्निक की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन से बांए होकर कार्मल चौराहा से पीएसी मुख्य द्वार या वायरलेस चौराहा से होते हुये सर्वोदय नगर चौराहा से बंधा रोड होकर शक्ति नगर ढाल से गंतव्य तक जा सकते हैं। इसके अलावा दूसरा वैकल्पिक मार्ग बादशाह नगर मैट्रो स्टेशन से यू-टर्न लेकर पेपर मिल से बांये आरआर बंधा होकर मिलेगा।

रोडवेज व सिटी बसों के रूट में यह बदलाव

- संकल्प वाटिका पुल के नीचे तिराहे से महानगर की ओर जाने वाली सिटी बसें सिकन्दरबाग, हजरतगंज, विधानसभा की ओर नहीं जाएंगी। ये बसें बैकुंठधाम, 1090 चौराहे, बन्दरियाबाग, लालबत्ती और कैंट होकर निकलेंगी।
- केकेसी तिराहे से चारबाग आने-जाने वाली सिटी व रोडवेज बसें हुसैनगंज, रॉयल होटल, विधानसभा की ओर होकर नहीं चलेंगी। ये बसें लोको कैण्ट या बर्लिंग्टन चौराहे से कैसरबाग होकर आवाजाही करेंगी।
- गोमतीनगर से सिकन्दरबाग, हजरतगंज, विधानभवन की ओर बसों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। ये बसें बैकुंठधाम, संकल्प वाटिका ओवर ब्रिज, चिरैयाझील होकर कैसरबाग पहुंचेंगी। यहां से गांधी सेतु, बन्दरियाबाग, लालबत्ती, कैंट होकर गंतव्य तक पहुंचेंगी।

सक्रियता | वर्षों से लंबित पड़े आवेदनों के निस्तारण का मार्ग प्रशस्त, समाज कल्याण विभाग ने बनाया नया पोर्टल

जगी आस, जल्द मिलेगा वर्षों से लंबित आवेदनों को पारिवारिक लाभ

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- शुरू हुई जांच, सही मिला तो आवेदन होंगे पोर्टल पर फीड

अमृत विचार : वर्षों से लंबित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के आवेदकों को अब योजना का लाभ फिर से मिलने की आस जगी है। समाज कल्याण विभाग लंबित आवेदनों की जांच करा रहा है। जांच में सही पाए जाने वाले आवेदनों को विभाग की ओर से योजना के लिए तैयार किए गए नए पोर्टल पर फीड किया जाएगा। विभाग ने ऑनलाइन आवेदन को अनिवार्य कर दिया है।

वर्ष 2015-16 में पारिवारिक लाभ योजना के तहत किए गए आवेदन में गड़बड़ियों के कारण भुगतान लटक गया था। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, प्रदेश में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लिए 11 लाख से अधिक आवेदन लंबित हैं।

इनमें से कई आवेदन 8 से 10 वर्ष पुराने हैं। जांच में एक ही लाभार्थी के छह से सात तक आवेदन पाए गए। परेशानी इस बात की है कि इनमें लाभ ले चुके कई लोगों के आवेदन लंबित दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में इन्हें छांटने में विभागीय कर्मियों को पसीना आ रहा है। अब तक करीब चालीस हजार आवेदनों की जांच करने के बाद उन्हें पोर्टल पर फीड किया जा चुका है। छंटनी के बाद प्रदेश के 75 जिलों में योजना के वास्तविक आवेदन सामने आएंगे। अनुमान है कि करीब सवा दो लाख से अधिक पात्र होंगे।

क्या है पारिवारिक लाभ योजना : राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत सरकार की ओर से गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के कमाऊ मुखिया की मौत होने पर परिवार के आश्रित को 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है।

> पारिवारिक लाभ योजना के आवेदनों की छंटनी की गई है। 75 जिलों में 2,35,444 आवेदन लंबित हैं। इनके प्रपत्रों का सत्यापन दोबारा कराया जा रहा है। प्रपत्रों की दोबारा जांच पूरी होने के बाद भुगतान प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।
>
> –कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

तहसील का हस्तक्षेप खत्म कर की लाभार्थियों की राह आसान

पारिवारिक लाभ योजना के लिए अब तक अधिकांश आश्रित लेखपाल के जरिए आवेदन करते थे। आवेदन के साथ लगने वाले आय प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और आधार के सत्यापन भी तहसील स्तर से होते थे। तहसीलों में अन्य कार्यों के चलते यह आवेदन लंबे समय से लटके पडे.थे। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने शासनादेश जारी कराकर योजना में अब तहसील की भूमिका को खत्म कर दिया है। अब आवेदक ऑनलाइन आवेदन भरने के साथ ही स्व प्रमाणित दस्तावेज दे सकेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी उनका सत्यापन करा उन्हें निरस्त या अग्रसारित करेंगे जिससे दिक्कतें खत्म होंगी।

एक नजर

छात्रों ने की प्राणि उद्यान की सैर

अमृत विचार, लखनऊ : एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बिहैवोरियल एण्ड एलाइड साइंसेज, एमिटी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किरण ज्योति स्कूल के छात्रों को चिड़ियाघर की सैर कराई गई। इस दौरान 45 विद्यार्थी शामिल हुए। एमिटी के छात्र इन विशेष बच्चों के दोस्त बने और बस में चढ़ने से लेकर उन्हें पौधों और जानवरों के बारे में जानकारी देने तक का कार्य जिम्मेदारी से किया। इस दौरान डॉ. प्रज्ञान, डॉ. ज्योत्सना शुक्ला भी उपस्थित रहे।

जेवी वैशम्पायन लोकपाल नियुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में लोकपाल की नियुक्ति की गई है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया है कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. जेवी वैशम्पायन को यूजीसी की व्यवस्था के तहत छात्रों की शिकायत निवारण को आधार बनाते हुए नियुक्ति किया गया है। इसकी अवधि तीन वर्षों के लिए प्रभावी है।

नवयुग कन्या महाविद्यालय में वार्षिक अंक का विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय के 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर भजन सरिता एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांशु दत्त द्विवेदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की पत्रिका जागृति के वार्षिक अंक का विमोचन किया गया। महाविद्यालय की बीएससी की छात्रा एवं एनसीसी कैडेट पल्लवी मिश्रा को पाठ्यक्रम एवं सह पाठ्येतर गतिविधियों तथा सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नवयुग रत्न प्रदान किया गया।

11 स्कूल प्रबंधकों को डीआईओएस ने भेजा नोटिस

बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी के लिए शिक्षकों को नहीं भेजा केंद्रों पर, दर्ज हो सकती है एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा निदेशक की सख्ती के बाद डीआईओएस राकेश कुमार ने 11 निजी विद्यालयों के प्रबंधकों को नोटिस भेजकर चेतावनी दी है। इनके खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने को लेकर एफआईआर भी दर्ज हो सकती है। यह नोटिस 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी पर न भेजने के कारण दिया गया।

डीआईओएस ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगी है। उनको अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है पर निजी कॉलेज प्रबंधकों ने शिक्षकों को परीक्षा शुरू होने के बाद से अभी तक केंद्रों पर नहीं भेजा।

इन विद्यालय प्रबंधकों को दी गई नोटिस : डीआईओएस ने जिन विद्यालय प्रबंधकों को नोटिस दी है उनमें बल्दी प्रसाद विद्या मंदिर मलिहाबाद, सुरेश चंद्र द्विवेदी हॉयर सेकेंड्री, आरएस विद्यालय मुंशी खेड़ा, राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज, शशिभूषण बालिका इंटर कॉलेज, सरस्वती बाल विद्या मंदिर माल, एस पब्लिक इंटर कॉलेज, पीएनडी पब्लिक स्कूल, बीआर मांटेसरी स्कूल का नाम शामिल है।

यूपी बोर्ड : आज 10वीं की गणित विषय की परीक्षा देंगे छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ निदेशक व सचिव बोर्ड ने गूगल मीट से 75 जिलों के डीआईओएस को किया अलर्ट

अमृत विचार : यूपी बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं जारी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को 10वीं में गणित विषय की परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। अहम विषय गणित की परीक्षा होने के कारण बच्चों के साथ-साथ अधिकारियों की भी परीक्षा होगी।

परीक्षा से पहले माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव और सचिव परिषद दिव्यकांत शुक्ला ने एक जूम मीटिंग में सभी जिलों के डीआईओएस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। निदेशक ने बताया कि परीक्षा में 29 लाख अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी केन्द्रों पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गये हैं। वहीं, स्ट्रांग रूम पर नजर रखने और गड़बड़ी की आशंका वाले केंद्रों पर नकेल कसने का निर्देश दिया है। सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने परीक्षा की शुचिता को हर हाल में बनाए रखने का दिशा निर्देश दिया है। बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल में गणित का पेपर है। द्वितीय पाली इंटर में गृह विज्ञान की परीक्षा होगी।

133 केंद्रों के साथ चेक हुई स्ट्रांग रूम की सुरक्षा

लखनऊ : मंगलवार को गणित विषय की परीक्षा के चलते जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश ने 133 परीक्षा केन्द्रों के स्ट्रांग रूम को आनलाइन चेक किया गया। इस दौरान केन्द्रों पर तैनात कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों से मौके की फोटो भी मांगी गई। डीआईओएस ने बताया कि सभी केन्द्रों का देर रात भौतिक निरीक्षण भी जारी रहा।

टैबलेट से उपस्थिति का ब्योरा तलब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ शिक्षकों को हर हाल में दर्ज करनी होगी उपस्थिति

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में टैबलेट के माध्यम से आनलाइन उपस्थिति दर्ज किए जाने के निर्देश हैं, लेकिन उसके बाद भी जिलों में लापरवाही हो रही है।

इस बात पर शिक्षा महानिदेशक ने नाराजगी जाहिर करते हुए जिलों से उपस्थिति का ब्योरा तलब किया है। इसके साथ ही सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को चेतावनी दी गई है कि टैबलेट पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करायी जाये। शिक्षा महानिदेशक ने बीएसए को जारी आदेश में कहा कि अभी तक जिलों में कितने प्रतिशत शिक्षकों की आनलाइन उपस्थिति हो रही है, उसका ब्योरा भेजा जाए और जो शिक्षक लापरवाही कर रहे हैं, वहां सख्ती करते हुए टैबलेट से उपस्थिति दर्ज करायी जाये।

बता दें कि राजधानी सहित प्रदेश भर में सवा दो लाख टैबलेट का वितरण किया जा चुका है। टैबलेट में सिम और डाटा की व्यवस्था के लिए विद्यालय की ग्रांट का उपयोग करने के लिए भी कहा गया है, लेकिन काफी संख्या में ऐसे शिक्षक हैं जो आनलाइन उपस्थिति देने से इनकार कर रहे हैं। इस पर बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं कि जो शिक्षक आनलाइन उपस्थिति से कतरा रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाये।

आरटीई : पहले चरण के आवेदन का सत्यापन पूरा

अमृत विचार, लखनऊ : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में गरीब बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिलाने की प्रक्रिया जारी है। पहले चरण में करीब 12 हजार आवेदनों का सत्यापन कार्य भी पूरा हो चुका है। इसमें कई अभिभावक ऐसे हैं, जिन्होंने पांच स्कूलों का विकल्प नहीं दिया है। ऐसे में इनके आवेदन निरस्त माने जाएंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए आरटीई समन्वयक अखिलेश अवस्थी ने बताया कि पहले चरण में करीब 12 हजार आवेदन आए, इसमें करीब ढाई हजार आवेदनों में त्रुटियां हैं। जिन आवेदनों का सत्यापन कार्य पूरा हो गया है। उनकी लॉटरी 28 फरवरी को निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में चयनित बच्चों के एडमिशन 6 मार्च तक हर हाल में करवा लिए जायेंगे। एडमिशन कराने के लिए अभिभावकों को चयनित विद्यालय में बच्चे को लेकर जाना होगा। आवेदन का दूसरा चरण 1 मार्च से शुरू हो जायेगा। इस बीच पहले चरण में चयनित बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी।

नागरिक सम्मान आज, लोनिवि और परिवहन मंत्री करेंगे पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मंगलवार 27 फरवरी को होगा। कार्यक्रम में 'गोल्डन आवर' में सड़क दुर्घटना में मददगार बने गुड सेमेरिटन यानी अच्छे नागरिकों का सम्मान किया जाएगा।

साथ ही जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बनाई जाने वाली मानव श्रृंखला में अपनी सहभागिता करने वाले तीन जिलों को सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। यह जानकारी अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद होंगे। विशिष्ट अतिथि परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह रहेंगे। लोनिवि स्थित विश्वसरैया सभागार में यह कार्यक्रम होगा। सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 4:30 बजे तक यह समारोह होगा। यही नहीं रोड सेफ्टी क्रिकेट टीम की लांचिंग की जाएगी। रोड सेफ्टी क्लब के टीम लीडर छात्र और नोडल शिक्षकों को भी पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इस दौरान एडीजी यातायात बीडी पॉल्शन, प्रमुख सचिव परिवहन वेंकेटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह, परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर, लोनिवि के प्रमुख अभियंता समेत कई आईएएस और आईपीएस अफसरों की मौजूदगी रहेगी।

शिक्षा मित्रों के मानदेय में बढ़ोत्तरी पर अभी विचार नहीं

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित सरकारी विद्यालयों में तैनात शिक्षा मित्रों के मानदेय में बढ़ोत्तरी पर अभी कोई विचार नहीं हो सका है। ऐसे में शिक्षा मित्रों में इसको लेकर नाराजगी है। इस बारे में प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश मंत्री कौशल कुमार ने बताया कि बेसिक शिक्षा मंत्री की ओर से सदन में चर्चा के बाद भी अभी तक शिक्षा मित्रों के मानदेय में कोई बढ़ोत्तरी न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे में शिक्षा मित्रों में इसको लेकर जबरदस्त नाराजगी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मित्र आज अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षा मित्रों को 12 माह का मानदेय भी नहीं दिया जाता है।

बीकॉम-एमकॉम की ऑनलाइन पढ़ाई भी कर सकेंगे छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

▸▸ लखनऊ विवि में शुरू होने जा रही है नई व्यवस्था

▸▸ शिक्षा ब्यूरो विवि अनुदान आयोग ने दिया अनुमोदन

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब छात्र बीकॉम और एमकॉम की ऑनलाइन पढ़ाई भी कर सकेंगे। नई व्यवस्था का अनुमोदन शिक्षा ब्यूरो विवि अनुदान आयोग दिल्ली द्वारा कर दिया गया है। इसकी मान्यता संस्थागत उपाधियों के समकक्ष बताई गई है।

लखनऊ विवि नैक ए प्लस-प्लस और कैटेगरी एक में शामिल हो चुका है। अब विवि बदलती व्यवस्थाओं में ऑनलाइन अध्ययन को भी सम्मलित करने जा रहा है। इसमें बीकॉम और एमकॉम को प्राथमिकता के रूप में पहले चरण में जोड़ा गया है। बताया जाता है कि इसी माह के अंत तक सेमेस्टर प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो जाएगी। इससे छात्र ऑनलाइन पढ़ाई के माध्यम से लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़ सकेंगे। ऑनलाइन अध्ययन को संस्थागत उपाधियों के समकक्ष रखा गया है।

तीन वर्षों में होंगे छह सेमेस्टर : विवि ने बीकॉम की उपाधि के लिए तीन वर्षों का समय सुनिश्चित किया गया है। इसमें शामिल छह सेमेस्टरों के छह पेपर भी कराए जाएंगे। छात्रों की पढ़ाई संस्थागत छात्रों के समान होगी। केवल व्याख्यान पीडीएफ का सहारा लेते हुए ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। दो वर्षीय एमकॉम परीक्षा में चार सेमेस्टरों को जोड़ा गया है।

स्नातकोत्तर तथा बीबीए में भी कर सकते हैं आवेदन

नई व्यवस्था में अन्य विषय भी सम्मलित किए जा रहे हैं। बताते हैं कि लखनऊ विश्वविद्यालय अन्य पाठ्यक्रमों को जल्द ही प्राथमिकता देने वाला है। ऑनलाइन व्यवस्था में अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास शामिल होंगे। अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर तथा बीबीए के लिए भी आवदेन किया जा सकेगा।

सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में धरना देते एबीवीपी कार्यकर्ता। अमृत विचार

छात्रवृत्ति की समस्या को लेकर एबीवीपी मुखर **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में अधिकारियों के समस्याओं पर ध्यान न देने से छात्रों में नाराजगी है। ऐसे में छात्र संगठनों का विरोध अब मुखर हो रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति की समस्या को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने धरना-प्रदर्शन किया। लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में छात्रवृत्ति आवेदन को लेकर समस्या बढ़ती जा रही है। छात्रों की समस्या का समाधान न होने पर लविवि से जुड़े एबीवीपी के छात्रों ने सोमवार को प्रदर्शन किया और प्रशासनिक भवन का घेराव किया। इस दौरान प्रशासनिक कर्मियों और एबीवीपी समर्थकों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। इस दौरान उपाध्यक्ष रिशेन्द्र प्रताप सिंह, इकाई मंत्री जतिन शुक्ला, राजाराम कुशवाहा, जयव्रत राय, सलोनी शुक्ला, अभिषेक सिंह शक्ति दुबे, लक्ष्य दुबे, हिमांशु सिंह, विकाश मिश्रा, रुद्र कोरी सहित अन्य छात्र मौजूद रहे। वहीं, लखनऊ विवि के छात्रों की छात्रवृत्ति के मामले को लेकर अब विधानसभा का घेराव करने की तैयारी है।

नेपाल के उप प्रधानमंत्री से मिले दीपक मिश्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बौद्धिक सभा के अध्यक्ष व समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र ने नेपाल के उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ से मुलाकात की।

इस अवसर पर दीपक मिश्र ने उन्हें 'भारत की नेपाल को पाती' भेंट की। दीपक ने नारायण काजी श्रेष्ठ से संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता और हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिलाने के अभियान के लिए समर्थन मांगा।

नेपाल के उप प्रधानमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ से मुलाकात के दौरान समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र। अमृत विचार

नारायण काजी ने संवाद के दौरान कहा कि नेपाल पूरी तरह भारत के साथ है। भारत और नेपाल की न केवल राजनीतिक बल्कि सांस्कृतिक संबंधों की जड़ें भी काफी गहरी हैं।

इस दौरान दीपक ने नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री माधव नेपाल, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष वरिष्ठ सांसद महंत ठाकुर, प्रगतिशील जन पार्टी के अध्यक्ष ह्रदयेश त्रिपाठी, नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सांसद शेखर कोइराला, पूर्व मंत्री ईश्वर दयाल समेत कई नेताओं से मिले और नेपाल के बुद्धजीवियों तथा सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित कई संवाद कार्यक्रमों को संबोधित किया।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे0 वी0 फार्मा, मो0: 9452245400, के0 एस0 फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड- II, उ0प्र0, जल निगम (नगरीय), कानपुर

एन0आई0टी0 संख्या- 335/एम-10/18 दिनांक: : 19/2/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से जे.एन.एन.यू.आर.एम. कार्यक्रम के अन्तर्गत कानपुर नगर में पेयजल सम्बन्धी कार्यो हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 20.02.2024 से 29.02.2024 तक कार्यालय समय में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड - II, उ0प्र0 जल निगम, 123/494, के.एन.टी. बिल्डिंग, फजलगंज कानपुर में की जाएगी तथा दिनांक 01.03.2024 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड- II, उ0प्र0 जल निगम, 123/494, के.एन.टी. बिल्डिंग, फजलगंज कानपुर में अपरान्ह 3: 00 बजे डाली जायेगी एवं अपरान्ह 3: 30 बजे निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कार्यो हेतु प्रति निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3000.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 है।

अधिशासी अभियन्ता

कल्याण साथी कमांड सेंटर और एप का समाज कल्याण मंत्री आज करेंगे उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : समाज कल्याण विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के दौरान अगर किसी तरह की कोई परेशानी आ रही है तो अब आपको सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। समाज कल्याण निदेशालय लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए मंगलवार को कल्याण साथी कमांड सेंटर और कल्याण साथी मोबाइल एप शुरू करने जा रहा है। कल्याण साथी कमांड सेंटर और एप की शुरुआत समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण मंगलवार को करेंगे। सेंटर में 25 प्रशिक्षित एक्जक्यूटिव और पर्यवेक्षक रखे गए हैं। बता दें कि कल्याण साथी कमांड सेंटर का काम अक्टूबर में शुरू हुआ था। कल्याण साथी कमांड सेंटर जस्ट डॉयल 100 की तर्ज पर काम करेगा। विभागीय समस्याओं के निदान के लिए आप 14,568 पर फोन करके समस्या बता सकते हैं। समस्या का समाधान होने के बाद शिकायतकर्ता को फोन करके सूचना दी जाएगी। समाज कल्याण निदेशालय में मंगलवार को शाम 4 बजे समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, पूर्व समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरिओम इसकी शुरुआत करेंगे।

प्रमाण पत्र के लिए घिसट रहे दिव्यांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बलरामपुर अस्पताल में स्थित विकलांग बोर्ड जाने ले लिए नहीं है व्हीलचेयर

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल में बने विकलांग बोर्ड में विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दिव्यांगों को करीब 50 मीटर तक घिसट कर जाना पड़ रहा है। उनके लिए व्हीलचेयर तक की व्यवस्था नहीं कराई गई है। सोमवार को मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आनन-फानन में जिम्मेदारों ने दो व्हीलचेयर की व्यवस्था कराई है। हालांकि, प्रमाणपत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन भी स्वीकृत किया जाता है, लेकिन ज्यादातर दिव्यांगों को इसकी जानकारी न होने के कारण उन्हें यहां के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

दअरसल बलरामपुर अस्पताल की पुरानी ओपीडी के पांच नंबर कमरे में विकलांग बोर्ड चल रहा है। अस्पताल के मुख्य गेट से यहां तक की दूरी करीब 50 मीटर है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर का बंदोबस्त न किए जाने के कारण सवारी साधनों से आने वाले दिव्यांगों को गेट से लेकर विकलांग बोर्ड कक्ष तक घिसटना पड़ता है। डिप्टी सीएमओ एपी सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद दो व्हीलचेयर की व्यवस्था करवा दी गई है।

घिसट कर आते हुए दिव्यांग।

सीएमएस के तीन छात्र इन्स्पायर-मानक अवार्ड से सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों दिव्यांश अग्रवाल, सूरज पांजा एवं मोहम्मद दानियल को केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा 'इन्स्पायर-मानक अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। देश भर के लगभग एक लाख छात्रों के बीच सीएमएस के तीनों छात्रों को विज्ञान विषय में उनकी रुचि, उत्कृष्ट ज्ञान, लगन, अभूतपूर्व वैज्ञानिक व सृजनात्मक प्रतिभा के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है।

लविवि परिसर से रात के अंधेरे में काट ले गए चंदन का पेड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सुरक्षा कर्मियों के भारी स्टाफ के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय में लगा कीमती चंदन का पेड़ शातिर तलवारों के बल पर काट ले गए। कैंपस के भीतर ही एक कर्मचारी की मोटरसाइकिल पर भी हाथ साफ कर दिया। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कुछ लोगों से पूछताछ की बात भी सामने आई है।

वारदात लविवि परिसर में उस स्थान पर हुई, जहां कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा के आवास हैं। बताते हैं कि परिसर में पीछे से रात के अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी भीतर आ गए। सीसीटीवी फुटेज में पांच आरोपी हाथ में तलवार लिए दिखे। सभी ने मिलकर चंदन का पेड़ काटा और फिर रात के अंधेरे में ही उसे उठा ले गए। बताते हैं कि कुछ घंटों के भीतर दूसरी वारदात तिलक छात्रावास के कर्मचारी रामकुमार के साथ घटित हुई। उनकी बाइक भी चोरी हो गई। इन दोनों मामलों से लखनऊ विश्वविद्यालय की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

लविवि परिसर के भीतर कटे हुए ठूंठ।

▸▸ सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी के बाद भी लविवि में हुई वारदात

▸▸ आरोपियों द्वारा की गई वारदात सीसीटीवी में कैद, जांच शुरू

लंबा-चौड़ा स्टाफ है तैनात: लविवि की सुरक्षा में लंबा-चौड़ा स्टाफ तैनात है। इसमें कुशल और अकुशल कर्मी सम्मलित हैं। बताते हैं कि लाखों रुपये इनके मद से निकला जाता है। ऐसे में परिसर के भीतर बड़ी लापरवाही वारदातों का कारण बन रही है।

आईएससी : फोन पर दी परीक्षा निरस्त होने की सूचना

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : काउंसिल ऑफ इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट (आईएससी) की ओर से 12वीं रसायन विज्ञान की परीक्षा निरस्त कर दी गई है। बोर्ड की ओर से सभी केन्द्रों पर परीक्षा निरस्त किए जाने का नोटिफिकेशन भेजा गया है। नोटिफिकेशन में काउंसिल की ओर से बताया गया है कि अब रसायन विज्ञान की परीक्षा 21 मार्च को कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

इस संबंध में सिटी कोआर्डिनेटर माला मेहरा ने बताया कि काउंसिल से 12वीं रसायन विज्ञान की परीक्षा स्थगित करने की सूचना आई है। उन्होंने कहा कि दोपहर 2 बजे परीक्षा होनी थी, इससे पहले ही परीक्षा निरस्त करने की जानकारी मिली तो अभिभावकों को फोन पर सूचित किया गया। परीक्षा की अगली तारीख भी अभिभावकों और बच्चों को बता दी गई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल के लिए परीक्षा निरस्त करने की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि काउंसिल ने अब यह परीक्षा 21 मार्च को कराने के लिए कहा है।

इसके साथ ही विस्तृत जानकारी सीआईएससीई की आधिकारिक वेबसाइट cisce.org पर अपलोड कर दी गई है। वहीं, जानकारों का कहना है कि इस संबंध में बोर्ड की ओर से जांच के आदेश दिए गये हैं। साथ ही जांच कमेटी भी बनाई गई है। बता दें कि राजधानी में साढ़े बारह हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।

छात्रों को परेशान होने की जरूरत नहीं

कोआर्डिनेटर माला मेहरा ने कहा कि बच्चों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्हें और बेहतर तैयारी करने का मौका मिल गया है। उन्होंने अभिभावकों के लिए कहा कि वह किसी तरह की अफवाह में न रहें, न ही बच्चों को तनाव महसूस होने दें। 21 मार्च को अब परीक्षा करायी जायेगी। तब तक बच्चे और अच्छे से तैयारी कर सकेंगे।

सीबीएसई 10वीं : अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित

सीबीएसई 10वीं के बच्चों ने सोमवार को अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत रही। सीबीएसई कोआर्डिनेटर जावेद आलम ने बताया कि परीक्षा सभी केन्द्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई। बता दें कि राजधानी के 38 केन्द्रों पर सीबीएसई बोर्ड के 40 हजार परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं कु0 उषा पत्नी रामसरन निवासी नगला मदारे, डडौना जनपद कन्नौज की रहने वाली हूँ। मेरा हाईस्कूल वर्ष 1998 अनुक्रमांक 0810313, क्रमांक 3425740 व जन्मतिथि 01-05-1982 अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

सूचना
सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम राम निवास पुत्र सुंदरलाल गलत अंकित हो गया है। जबकि वास्तिविक नाम रामजीवन है। अतः ड्राइविंग लाइसेंस में राम निवास के स्थान पर रामजीवन अंकित किया जाए। **रामजीवन पुत्र श्री सुंदरलाल निवासी ग्राम रत्तेपुरवा मजरा कुतुवापुर, परगना कछनदऊ ,तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई।**

सूचना
मैं सूचित करता हूं कि छिटई पुत्र श्रीनाथ निवासी पूरे चरिहा मजरे गोड़वा हसनपुर थाना सलोन जिला रायबरेली अपने छोटे पुत्र अखिलेश यादव को गलत आचरण, व्यवहार और नशेड़ी प्रवृत्ति से त्रस्त हूं। वह आए दिन गालीगलौज और मारने पीटने दौड़ता है। मैं छोटे पुत्र अखिलेश यादव को अपने समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में छोटे पुत्र के कृत्यों से मेरा कोई लेना देना नहीं है।

सूचना
मैंने अपना नाम ASLAM IQBAL KHAN से बदलकर AQBAL AHMAD रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o- ABDUL MABOOD, निवासी- Ward no- 01 Ambedkarnagar Post Barhni ps DHEBARUWA Distt Siddharthanagar**

सूचना
सूचित हो कि हरिश्चंद्र के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 217430255, 28/12/2007 से संचालित है। आधार कार्ड और पासबुक पर नाम राज कुंवर अंकित है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति है। दोनों नाम से क्षेत्र में जाना और पहचाना जाता है। **हरिश्चंद्र उर्फ राज कुंवर पुत्र राम छबीले ग्राम देवनपुर लक्खारामपुर तहसील पयागपुर, बहराइच।**

सूचना
सूचित किया जाता है कि दिलजानी उर्फ जमुना पत्नी वृषराम एक ही महिला का नाम है। सहारा पॉलिसी में इनका नाम जमुना अंकित है। दोनों नाम की एक ही महिला हैं। **दिलजानी उर्फ जमुना निवासी ग्राम पंचायत झाला थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच।**

एक नजर

दो की हालत अभी भी गंभीर

अमृत विचार , लखनऊ : मुख्यमंत्री फ्लीट का रूट क्लियर करा रही जिला प्रशासन की गाड़ी पलटने से घायल होने वाले लोगों में अभी दो युवकों की हालत नाजुक बनी हुई है। ट्रॉमा सेंटर में वेंटिलेटर सपोर्ट पर दोनों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा इसी हादसे में घायल एक आठ साल की बच्ची आईसीयू में भर्ती है। इसके अलावा सोमवार को घायल चार मरीजों की छुट्टी भी कर दी गई है। मालूम हो कि शनिवार को हुए इस हादसे में पांच पुलिसकर्मियों सहित 15 लोग घायल हो गए थे।

लविवि में अतिथि कक्ष का लोकार्पण

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने नवनिर्मित अतिथि कक्ष का लोकार्पण किया। उद्घाटन के दौरान कुलपति सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। बता दें कि ये कक्ष उमा हरिकृष्ण अवस्थी सभागार और एपी सेन सभागार के मध्य स्थित है।

ओडीएफ प्लस माडल बनेंगे 43,378 राजस्व ग्राम

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 में चयनित प्रदेश की 19,018 ग्राम पंचायतें

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के फेज-2 में 19,018 ग्राम पंचायत के 43,378 राजस्व ग्राम ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित होंगे। पंचायती राज विभाग ने वर्ष 2024-25 के लिए यह लक्ष्य रखा है। इन ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य कर संस्तृप्त किया जाएगा। इससे जलभराव, घूरा, गंदगी, प्लास्टिक आदि से निजात मिलेगी। अभियान की शुरुआत 2023-24 में हुई थी।

पहले चरण में 30,277 ग्राम पंचायत के 43,249 राजस्व ग्रामों पर कार्य लगभग हो चुके हैं। जबकि दूसरे चरण में अवशेष सभी राजस्व ग्राम लिए गए हैं। जिनकी आबादी पांच हजार से कम है। ओडीएफ प्लस गतिविधियों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन भी महत्वपूर्ण है। इसके लिए आरआसी सेंटर यानी प्लास्टिक निस्तारण केंद्र बनेगा। इसका प्रधान व सचिवों को बुलंदशहर में खास प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन कार्यों के लिए मिशन निदेशक राज कुमार ने मदों से धनराशि खर्च करने के वित्तीय प्रावधान सभी जिलाधिकारी को बताए हैं।

- प्रधान व सचिवों को बुलंदशहर में किया जाएगा प्रशिक्षित
- 43,249 राजस्व ग्रामों में लगभग कार्य पूर्ण

ठोस अपशिष्ट के यह कार्य

- नोडेप, वर्मी व विंड्रो कंपोस्टिंग आदि कूड़ा
- सेग्रीगेशन शेड व मैटेरियल रिकवरी सेंटर
- सामुदायिक व व्यक्तिगत खाद गड्ढे
- अपशिष्ट एकत्रीकरण ई-रिक्शा

तरल अपशिष्ट के यह कार्य

- सामुदायिक व व्यक्तिगत सोख्ता गड्ढे
- रीड वेड डिवाट्स, फाइटोरिड तकनीक इत्यादि
- वेस्ट इस्टेबलाइजेशन पांड
- सिल्ट व फिल्टर चैंबर
- किचन गार्डन

इन मदों से खर्च कर सकते धनराशि

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, केंद्रीय व राज्य वित्त आयोग, मनरेगा, परफार्मेंस ग्रांट, पुरस्कार धनराशि, स्वयं की आय, सांसद व विधायक निधि, सीएसआर मद।

नव चयनित लेखपालों ने किया प्रदर्शन

राजस्व परिषद मुख्यालय के सामने नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन करते नव चयनित लेखपाल अभ्यर्थी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर नव चयनित लेखपालों ने सोमवार को राजस्व परिषद मुख्यालय के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने मुख्यालय पर सचिव को ज्ञापन सौंपा है। हालांकि, नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थी देर शाम तक भी मुख्यालय पर डटे रहे।

दरअसल, यूपी की 8085 पदों पर हुई लेखपाल भर्ती में राजस्व परिषद ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने पर रोक लगा दी है। साल 2023 में हुई लेखपाल भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी अपनी नियुक्ति पत्र का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वहीं 23 फरवरी को वाराणसी में पीएम मोदी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने वाले थे। लेकिन उससे पहले ही उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की सिफारिश पर राजस्व परिषद के आयुक्त और सचिव ने सभी मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर नियुक्ति पत्र देने पर रोक लगा दी।

हालांकि अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र को लेकर अभी और इंतजार करना होगा, क्योंकि यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 7987 लेखपालों के नियुक्ति पत्र की सुनवाई 22 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में होनी है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद ही अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जायेंगे।

अभ्यर्थियों का कहना है कि लेखपाल भर्ती परीक्षा का परिमाण घोषित होने के बाद 6 जनवरी 2024 को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने राजस्व परिषद को चयनित सूची दे दी थी।

इसके अलावा सभी चयनित लेखपाल अभ्यर्थियों को तहसील आवंटित करते हुए योगदान आख्या भी ली गई। ऐसे में नियमावली के मुताबिक योगदान आख्या की तारीख को ज्वाइनिंग की तारीख मानी जाती है, लेकिन राजस्व परिषद ने नियुक्ति पत्र देने पर रोक लगा दी। आयोग और राजस्व के अचानक इस फैसले को लेकर लेखपाल भर्ती के चयनित अभ्यर्थियों ने काफी ज्यादा आक्रोश है। अपनी नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर राजस्व परिषद मुख्यालय पर प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि जल्द ही नियुक्ति नहीं हुई तो वह विधान भवन और मुख्यमंत्री आवास का भी घेराव करेंगे।

- राजस्व परिषद मुख्यालय के सामने देर शाम तक डटे रहे अभ्यर्थी
- चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने में लगी है रोक

बिल के लिए शव रोके जाने के मामले की जांच शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव के भिठौली स्थित निजी अस्पताल में बच्चे की मौत बाद शव रोके जाने मामले में सोमवार को परिजनों ने सीएमओ कार्यालय में शिकायत किया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।लखीमपुर खीरी के रहने वाले कालीचरण के बुखार से पीड़ित बेटे सत्यम (8) को बिचौलिए के माध्यम से भिठौली चौराहा स्थित बालाजी अस्पताल में भर्ती करा दिया था। वहां पर डॉक्टरों ने जांच पड़ताल करके बच्चे के इंसेफ्लाइटिस की तस्दीक किया। बच्चे की हालत सुधरने की बजाए लगातार बिगड़ती जा रही थी। शनिवार शाम बच्चे को वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखा गया। लेकिन उसकी मौत हो गई। तीस हजार रुपए बिल बकाया न देने पर तीन घंटे तक शव रोका गया था। परिजनों ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। वहां से फोन आने बाद अस्पताल ने तीन घंटे बाद शव सिपुर्द किया। सीएमओ डॉ. मनोज के मुताबिक, मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में लापरवाही मिलने पर अस्पताल संचालन पर रोक लगेगी।

अस्पतालों में जलजमाव का कारण बन रही पुरानी एंबुलेंस व टूटे बेड

लोकबंधु, सिविल और बलरामपुर अस्पतालों में वर्षों से डंप हैं टूटे बेड व अन्य फर्नीचर

लोकबंधु अस्पताल में रैंप के पास जमा कबाड़। अमृत विचार

बलरामपुर अस्पताल की भूमिगत पार्किंग में डंप टूटे बेड व अन्य फर्नीचर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सरकारी अस्पतालों में वर्षों से कंडम हो चुकी एंबुलेंस सहित अन्य वाहन और बेड आदि फर्नीचर खुले में ही डंप हैं। जिनमें जलजमाव हो रहा है। इसके कारण अस्पताल ही मच्छरजनित बीमारियों का कारण बन रहे हैं। इनकी नीलामी की कवायद सिर्फ कागजों में ही पूरी की जा रही है। सबसे खराब स्थिति बलरामपुर, सिविल और लोकबंधु अस्पताल की है।

लोकबंधु अस्पताल में ही महिलाओं का भी अस्पताल हैं। जहां बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं व नवजात इलाज के लिए आते हैं। इसके अलावा ओपीडी में भी करीब तीन हजार मरीज रोज आते हैं। तीन मंजिल की इस इमारत में इमरजेंसी के साथ ही कई वार्ड है। गंभीर मरीजों को स्ट्रेचर पर रैंप के जरिये ऊपरी तल पर ले जाया जाता है। इन रैंप के दोनों तरफ टूटे बेड व अन्य फर्नीचर वर्षों से पड़े हैं। इनमें बारिश और एसी से निकलने वाला पानी जमा हो गया है। जो मच्छरजनित बीमारियों को खुलेआम दावत दे रहे हैं।

वहीं, बलरामपुर अस्पताल की पार्किंग में करीब 200 कंडम बेड व अन्य फर्नीचर डंप है। इसके अलावा प्रशासनिक कार्यालय के पास भी खुले में टूटे बेड व अन्य कंडम फर्नीचर सहित एंबुलेंस व अन्य सरकारी गाडियां खड़ी है। इसी तरह हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में गेट नंबर दो की तरफ पार्किंग में दो एंबुलेंस कंडम हालत में खड़ी हैं। जिनकी नीलामी भी नहीं कराई जा सकी है। इसके अलावा न्यू बिल्डिंग के चौथे तल पर बेड समेत कबाड़ को रूम के अंदर ताला लगाकर जमा किया गया है। इतना ही नहीं यहां तो हेल्थ एटीएम को ही खराब होने पर कबाड़ में रख दिया गया है।

सीएमओ कार्यलय में कंडम हो रहे सरकारी वाहन। अमृत विचार

सीएमओ ऑफिस में भी कई गाड़ियां हो रही कंडम

मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में कई सरकारी गाड़ियां खड़ी कंडम हो रही हैं। इन गाड़ियों की वजह से ऑफिस में पार्किंग की भी दिक्कत होती है। इतना ही नहीं ऑफिस में जगह न होने की वजह से शेष चार गाड़ियां कई सालों से बलरामपुर अस्पताल में खड़ी कबाड़ हो रही हैं।

जो बेड या फर्नीचर रिपेयरिंग कर इस्तेमाल होने वाले हैं। उन पर काम चल रहे हैं। शेष फर्नीचर को कंडम कर अस्पताल से बाहर किया जाएगा। यह प्रक्रिया दो महीने के अंदर पूरी कर ली जाएगी।

-डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी, चिकित्सा अधीक्षक, लोकबंधु अस्पताल

सभी कंडम बेड व गाड़ियों की नीलामी के लिए पांच महीने पहले लेटर लिखा गया था। इसमें से एंबुलेंस की नीलामी के लिए अफसरों ने आकर स्थिति भी जांच ली है। जल्द ही सभी कबाड़ सामान की नीलामी कराई जा सकती है।

-डॉ. एके श्रीवास्तव, निदेशक बलरामपुर अस्पताल

हाल ही में सभी कबाड़ सामान के लिए पत्र लिख दिया गया है। कुछ सामान की नीलामी के लिए जवाब भी आ चुका है, लेकिन नीलामी की प्रक्रिया लंबी होती है। इसलिए अभी समय लगेगा।

-डॉ. राजेश श्रीवास्तव, सीएमएस, सिविल अस्पताल

आरोपी कर्मचारियों के दर्ज हुए बयान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- पीएम रिपोर्ट बदलवाने के नाम पर परिजन से वसूली करने का मामला

अमृत विचार : केजीएमयू की मर्च्युरी पर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बदलवाने के नाम पर वसूली करने के आरोपी कर्मचारियों को केजीएमयू प्रशासन ने नोटिस जारी कर सोमवार को बयान दर्ज किए हैं।

मालूम हो कि, हादसे में जख्मी युवक की ट्रॉमा में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शराब न पीने की पुष्टि होने की बात कहकर पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी ने बीस हजार रुपए की मांग किया था। दस हजार रुपए में सौदा तय हुआ था। बकाया रकम मांगने को लेकर कर्मचारी पीड़ित परिवार को धमका रहा था। इस मसले का बीते दिनों ऑडियो वायरल हुआ था। केजीएमयू अफसरों की सह पर खेल चल रहा था। अफसर आंखे बंद किए बैठे थे। सोमवार को केजीएमयू प्रशासन ने कर्मचारियों को तलब करके उनके बयान दर्ज किए। वायरल ऑडियो में आवाज की पहचान की गई।

मर्च्युरी पर की जा रही लापरवाही

अफसरों की सह पर ही पोस्टमॉर्टम हाउस में यह खेल चल रहा था। वजह यह है कि यहां पर दस-दस साल से कर्मचारियों को एक ही पद पर तैनात कर रखा गया है। इन्हें दूसरी जगह पर तैनाती नहीं दी गई। अफसर एक दूसरे पर कार्रवाई की बात मढ़ कर पल्ला झाड़ रहे हैं। अहम बात यह है कि चतुर्थ श्रेणीकर्मी के पद पर कार्यरत महिलाएं लिखा-पढ़ी का काम कर रही है। जबकि उनकी तैनाती हेल्पर के पद पर हैं। फॉरेंसिक विभाग के प्रमुख डॉ. अनूप का कहना है कि स्थानांतरण किए जाने का अधिकार कुलसचिव के पास है। पूरे मामले की जांच चल रही है। जो भी दोषी मिलेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

आईसीटी लैब में लगेंगे हाइटेक कम्प्यूटर

अमृत विचार, लखनऊ : जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान (डॉयट) पर आईसीटी लैब की स्थापना शुरू हो गई है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की पहल पर स्थापित होने वाली लैब में हाइटेक कम्प्यूटर लगाये जा रहे हैं।

इस बारे में में अधिकारियों ने बताया कि लैब के माध्यम से शिक्षण को प्रशिक्षण भी कराया जायेगा। साथ ही सभी कार्य भी ऑनलाइन किए जाएंगे। एससीईआरटी के संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. पवन सचान ने बताया कि पहले चरण में जिन डॉयटों का चयन हुआ था वहां लैब की स्थापना शुरू हो गई है।

देवकी अस्पताल के संचालन पर रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- इलाज के दौरान युवती की मौत होने का मामला
- जांच में लापरवाही की हुई पुष्टि,पंजीकरण निरस्त

अमृत विचार : सीतापुर रोड स्थित देवकी अस्पताल पर युवती का गलत इलाज करने के आरोपो की जांच पूरी हो गई है। जांच में लापरवाही की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच रिपोर्ट पुलिस को भेज दी गई है। साथ ही अस्पताल का पंजीकरण निरस्त करते हुए संचालन पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

मैनेजाइटिस ग्रस्त युवती का एंजाइटी मान कर किया था इलाजः त्रिवेणी नगर के शिवलोक निवासी मनोज कुमार निषाद की बेटी अदिती (17) की तबियत बिगड़ने पर 17 दिसंबर को सीतापुर रोड स्थित देवकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 19 दिसंबर को छुट्टी दे दी गई।

जबकि उसे चलने-फिरने में दिक्कत हो रही थी। हालात बिगड़ने पर केजीएमयू में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने निजी अस्पताल में गलत दवाएं व इंजेक्शन देने की बात कही। इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया। इस मामले में परिजनों ने सीएमओ ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई थी। सीएमओ ऑफिस की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि युवती मैनेजाइटिस रोग से ग्रस्त थी। निजी अस्पताल में उसका एंजाइटी मानकर इलाज हुआ था। इससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में अलीगंज थाने में एफआईआर भी दर्ज हुई थी।

> जांच में लापरवाही की पुष्टि हुई है। अस्पताल संचालक अपनी सफाई में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सका। अस्पताल के पंजीकरण को अग्रिम आदेशों तक निलंबित करते हुए अस्पताल संचालन पर रोक लगा दी गई है।
>
> **-डॉ. मनोज अग्रवाल, सीएमओ**

महानगर और निराला नगर मे घंटों गुल रही बिजली

अमृत विचार,लखनऊ : ट्रांसगोमती के महानगर, निराला नगर व आसपास के कई इलाकों में सोमवार को घंटों बिजली गुल रही। आरडीएसएस योजना के तहत महानगर के आईटी कॉलेज के पास जर्जर तारों को बदलकर एबीसी लाइन को डालने का कार्य किया गया। इसके कारण सेक्टर ए, पुराना महानगर, छप्परतल्ला व आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद रही। इस दौरान लोग उपकेंद्र पर फोन मिलाते रहें। उपकेंद्र से कोई जवाब न मिलने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार दिनभर बिजली की आवाजाही बनी हुई है। उपकेंद्र पर फोन कोई रिसीव तक नहीं करता है। इसके कारण पानी की समस्या रही। वहीं, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित रही। शाम पांच बजे के बाद बिजली आपूर्ति को सामान्य किया गया।

एआई तकनीक से बढ़ेगा टेलीमेडिसिन का दायराः पाठक

- आईआईटी कानपुर, एसबीआई और फिक्की के साथ हुआ एमओयू

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

एमओयू हस्तातंरण के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक , राज्य मंत्री मंयकेश्वर शरण सिंह, साथ में अन्य। अमृत विचार

अमृत विचारः सरकारी अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता बढ़ने के साथ ही मरीजों तक पहुंच का दायरा बढ़ेगा। कम समय में बीमारी की सटीक जांच की पुष्टि होने पर इलाज भी प्रभावी मिलना आसान हो जायेगा। इसके लिए कानपुर के आईआईटी (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) के साथ स्वास्थ्य विभाग ने एमओयू साइन किया है। आईआईटी के साथ आने से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर होंगी। यह बात सोमवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहीं।

उप मुख्यमंत्री, शास्त्री भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कानपुर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और फिक्की से साथ कुल तीन एमओयू हस्तातंरित करने के बाद बोल रहें थे। उन्होंने बताया कि एआई का उपयोग मानव जीवन में प्रवेश कर रहा है, आंकड़ों के आधार बीमारी की गंभीरता आंकना आसान हो जायेगा।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि दूसरा एमओयू स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ हुआ है, इसमें अधिकृत निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डिजीटल इंटरफेस ई-रूपी वाउचर दिया जायेगा।

तीसरे एमओयू में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा प्रथम चरण में तीन जिलों में स्मार्ट आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विकास किया जायेगा। साथ ही हेल्थ सबसेंटर्स में मिलने वाली सुविधाओं को भी डिजीटली रूप से प्रभावी बनाई जायेंगी। इस अवसर पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा, एनएचएम निदेशक डॉ.पिंकी जोवेल, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर, निदेशक डॉ. राजागणपति समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

दूसरे राज्यों से भी जुड़ रहे भर्ती परीक्षा में सेंधमारी के तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण में हालांकि एसटीएफ अभी तक असल गुनाहगार तक नहीं पहुंच सकी है, लेकिन तफ्तीश में परीक्षा में सेंधमारी के तार उप्र के अलावा दूसरे राज्यों से भी जुड़ रहे हैं। उप्र पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड को बीते दिनों ऑनलाइन मिले 15सौ से अधिक सूबतों की पड़ताल करने के बाद एसटीएफ को यह उम्मीद हो चली है कि जल्दी ही उसके हाथ मास्टरमाइंड के गिरेबा तक पहुंच जाएगी।

दरअसल, सबूत देने वालों में ज्यादातर कोचिंग संस्थान और यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से पढ़ाने वाले शिक्षक हैं, ऐसे में वह उन शिक्षकों से संपर्क कर रही है। उनसे पूछताछ कर असली गुनाहगार तक पहुंचने वाले रास्ते में छायी धुंध साफ करने में जुटी है।

इसी क्रम में एसटीएफ की टीम ने रविवार को कानपुर कोचिंग संस्थान चलाने वाले शिक्षक रामजी शुक्ल से मामले की जानकारी जुटाई है। उन्होंने सभी डिजिटल सुबूत एसटीएफ टीम को उपलब्ध कराए हैं। वहीं दूसरी ओर यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से पढ़ाने वाले शिक्षक विवेक कुमार से भी सोमवार को पूछताछ की। विवेक ने भी बहुत सारे सबूत एसटीएफ टीम को सौपे हैं। बताया जाता है कि विवेक ही ने सबसे पहले पेपर लीक होने की सूचना पुलिस महकमें को दी थी।

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक होने का पहला सुबूत एक टेलीग्राम चैनल से मिला है। इसका लिंक दिल्ली से निकल रहा है। ऐसे में दिल्ली के कोचिंग संस्थानों और पेपर लीक करने वाले के रिश्तों पर संदेह गहरा हो गया है। लिहाजा दिल्ली के संदिग्ध कोचिंग संस्थानों के संचालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर परदा उठाने की कोशिश में है।

परीक्षा के दौरान पकड़े गए सॉल्वर में ढेर सारे बिहार से भी जुड़े रहे हैं, ऐसे में एसटीएफ की एक टीम बिहार के गैंग पर भी अपनी नजर टिकाए हुए है। बताया जा रहा है कि झांसी में पकड़ा गया रजनीश रंजन बिहार के कुख्यात गैंग रंजीत डॉन से जुड़ा हुआ है। रंजीत डॉन नाम से मशहूर इस शख्स को नकल माफिया और पेपर लीक के मास्टर माइंड के रूप में जाना जाता है।

- सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के मास्टर माइंड तक पहुंचने में जुटी एसटीएफ
- दिल्ली, मध्य प्रदेश और बिहार तक है जांच के दायरे में

व्यापमं घोटाले में जेल जा चुका है अमिताभ रावत

झांसी से ही गिरफ्तार अमिताभ रावत व्यापमं घोटाले में जेल जा चुका है। लिहाजा एसटीएफ की जांच का दायरे में मध्य प्रदेश भी है। उधर, एसटीएफ के हत्थे चढ़ा बलिया के नीरज यादव को साल्व्ड पेपर मुहैया कराने वाले मथुरा का उपाध्याय पर शिकंजा कसने में एसटीएफ टीम जुटी हुई है।

एक ही जगह से लीक हुआ पेपर

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद एसटीएफ इस नतीजे पर पहुंची है कि पेपर एक ही जगह से लीक हुआ और उसे अलग-अलग एजेंटों के जरिए बेचा और वायरल किया गया। इसी को केंद्र में रखकर एसटीएफ अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है। जौनपुर में पकड़े गए सभी आरोपियों का ब्योरा खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि बड़े पैमाने पर पेपर लीक यहीं से हुआ है।

रीवेम्पड योजना के तहत ट्रांस गोमती में होगा कार्य

अमृत विचार,लखनऊ : ट्रांसगोमती के सीतापुर रोड खण्ड के अंतर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र फैजुल्लागंज से निकलने वाले 11 केवी गाजीपुर फीडर के साथ ब्रह्मदेव फीडर,गायत्रीनगर फीडर और 33/11 केवी उपकेन्द्र जीएसआई और केवीएसआरवाई फीडर पर रीवेम्पड योजना के तहत एलटी और एचटी लाइन का निर्माण कराने का कार्य किया जायेगा। जिसके चलते फैजुल्लागंज उपकेन्द्र से निकलने वाले 11केवी गाजीपुर फीडर के जुड़वा मंदिर और 400 केवीए परिवर्तक पर मंगलवार को कार्य शुरू किया जायेगा। जो कि बुधवार की शाम तक चलेगा। जबकि फैजुल्लागंज 250 केवीए परिवर्तक पर 28 से 4 मार्च तक,श्रीराम 400 केवीए पर 5 से 12 मार्च तक,11 केवी ब्रह्मदेव फीडर की एचटी लाइन पर 27 से 29 फरवरी तक,11केवी गायत्रीनगर फीडर की एचटी लाइन पर 27 से 2 मार्च तक,11केवी गाजीपुर फीडर की एचटी लाइन पर कार्य किया जायेगा।

लोहिया के निदेशक पद के लिए हुआ साक्षात्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 48 डॉक्टरों ने किया था आवेदन जल्द घोषित होगा परिणाम

अमृत विचार : गोमतीनगर स्थित लोहिया संस्थान में चल रही नियमित निदेशक की भर्ती प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। विशेषज्ञों की कमेटी ने तीन डॉक्टरों का चयन कर नाम राजभवन भेजा था। रविवार को इन तीन डॉक्टरों के साक्षात्कार हो गए हैं। इनमें एक एक डॉक्टर का चयन निदेशक पद के लिए होना है। अधिकारियों ने जल्द ही साक्षात्कार का रिजल्ट घोषित होने की उम्मीद जाहिर की है।

लोहिया संस्थान की निदेशक डॉ. सोनिया नित्यानंद का चयन केजीएमयू कुलपति के लिए हो हो चुका है। वर्तमान में डॉ. सोनिया केजीएमयू कुलपति के साथ लोहिया संस्थान के कार्यवाहक निदेशक पद की जिम्मेदारी निभा रही हैं। काम का दबाव अधिक है। इसके बाद निदेशक पद के लिए विज्ञापन निकाला गया। 48 डॉक्टरों ने आवेदन किया। लोहिया संस्थान से पांच, केजीएमयू व पीजीआई से शहर से लगभग 20 डॉक्टरों ने आवेदन किया था। इनमें करीब 41 डॉक्टरों के आवेदन उपयुक्त मिले। शासन ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित की। विशेषज्ञ कमेटी ने साक्षात्कार के बाद डॉक्टरों को उपयुक्त पाया। इसमें केजीमएयू, दिल्ली व पटना एम्स के एक-एक डॉक्टर का नाम शामिल है।

एक नजर

गढ़ी चौकी प्रभारी बने रहीमाबाद प्रभारी

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने कुछ थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। सोमवार को पुलिस आयुक्त ने गुडम्बा गढ़ी चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक अनुभव सिंह को रहीमाबाद थाने के जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, मानकनगर थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिवमंगल सिंह को महिगवां प्रभारी बनाया। वहीं, रहीमाबाद की बागडौर संभाल रहे उपनिरीक्षक अजीत कुमार को मानकनगर और महिगवां इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह को डीसीआरबी प्रभारी बनाया है।

वृद्ध महिला लापता गुमशुदगी दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के हनुमान पुरी निवासी प्रियांशु ने बताया उसकी मां मंजू (50) रविवार दोपहर 2 बजे किसी काम से घर से निकलीं थी। इसके बाद से वह लापता हैं। काफी खोजबीन के बाद भी उनका सुराग नहीं लगा। परिजन की तहरीर पर पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी है।

मारपीट करने वाले दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर स्थित ब्लॉक कार्यालय परिसर में रहने वाली रेनू सिंह ने अनुराग रावत पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रेनू ने बताया कि वह पति संदीप कुमार सिंह के साथ 15 वर्षों से कॉलोनी में रहती हैं। रविवार शाम करीब 6:15 बजे अनुराग रावत और दीपू ने नशे में उनके घर पहुंच पति पर हमला कर दिया। बचाव करने पहुंची बेटी का गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। शोरगुल सुन आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी गाड़ी छोड़कर भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गैस सिलेंडर फटने से दो मंजिला मकान जमींदोज, पांच घायल

हुसैनगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत महावीरपुरी कालोनी में हुआ हादसा, एक घंटे रेस्क्यू आपॅरेशन कर मलबे में दबे लोगों को पहुंचाया गया अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हुसैनगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत महावीरपुरी कॉलोनी में सोमवार शाम उस वक्त दहशत का माहौल बन गया। जब गैस का सिलेंडर फटने से दो मंजिला मकान जमींदोज हो गया और पड़ोस के एक मकान का कुछ हिस्सा गिर गया तथा कई मकानों में दरारें आ गईं। मलबे में कुल 11 लोग फंस गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दमकलकर्मियों के संग रेस्क्यू आपॅरेशन कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें सिविल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया।

सिलेंडर फटने से गिरा मकान, मौके पर बचाव कार्य में जुटे दमकल कर्मी। अमृत विचार

तीन बच्चों समेत पांच जख्मी

मुख्यशमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार के मुताबिक, शाम 7:30 बजे कंट्रोल रूम पर गैस सिलेंडर फटने से दो मंजिला मकान ढहने की सूचना मिली थी। जिसके बाद हजरतगंज फायर स्टेशन से घटनास्थल के लिए दो गाड़ियों से दमकलकर्मी पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गए। करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान में मलबे में दबे 11 लोगों से सुरक्षित बाहर निकला गया। जिसमें तीन बच्चों समेत 5 लोगों को गंभीर हालत में देख सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज किया जाता है। प्रथम दृष्टया में घरेलू सिलेंडर फटने से हादसा होना बताया जाता है।

30 वर्षों से रह रहा था संयुक्त परिवार

हुसैनगंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महावीरपुरी कालोनी जगतराम दुबे (80) संयुक्त परिवार में रहकर किराने की दुकान संचालित करते हैं। उनके परिवार में पत्नी नीलम द्विवेदी, बेटा गंगा सागर द्विवेदी, बहु सरस्वती द्विवेदी, पौत्र हिमांशु उर्फ प्रभात, गौरव और आदर्श है। भतीजी प्रियंका द्विवेदी ने बताया कि ताऊ जगतराम 30 वर्षों से कॉलोनी में रहते हैं। तीन माह पूर्व उन्होंने मकान के बेसमेंट में चार किराएदार रख लिए थे। जो रेलवे स्टेशन पर सामान बेचते हैं, उस समय 2 किराएदार मौजूद थे। इसी बीच बेसमेंट में एक छोटा सिलेण्डर अज्ञात कारणों से फट गया। जिससे मकान गिर गया। चौकी इंचार्ज विनय मिश्रा ने बताया कि इस दुर्घटना में जगतराम, बेटे गंगासागर, बहु सरस्वती आंशिक रूप से जख्मी हो गई। जिन्हें प्राथमिकी उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं हिमांशु उर्फ प्रभात, गौरव, आदर्श, राजमणि व छोटू को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

खतरे में जिंदगी डालकर रह रहे लोग

जगतराम दुबे की भतीजी प्रियंका ने बताया कि हैदर कैनाल नाले पर करीब सैकड़ों परिवार कई सालों से रह रहे हैं। सभी लोगों ने मकानों में अंडर ग्राउंड कमरे बना रखे हैं। जिसको लोगों ने किराए पर उठा रखा है। सूत्रों की मानें तो कॉलोनी के तमाम मकान जर्जर है। यही वजह है कि कॉलोनी के बाशिंदे जिंदगी को खतरे में डालकर यहां रह रहे हैं।

प्लॉट की बाउंड्री गिराने का आरोप, प्राथमिकी

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा थाना क्षेत्र अंतर्गत फरीदीपुर में दबंगों ने कई भूखंड स्वामियों की बाउंड्री वॉल तोड़कर कब्जा करने का प्रयास किया है। जिससे परेशान होकर पीड़ितों ने दबंगों के खिलाफ दुबग्गा थाने में मामला दर्ज कराया है। दुबग्गा प्रभारी निरीक्षक अभिनव कुमार वर्मा के मुताबिक फरीदीपुर निवासी राजेश पाल ने बताया कि बेवजह मथुरा पाल, लाल जी पाल, अर्जुन पाल, बहादुर पाल निवासी बरावन कला ने अपनी दबंगई के कई लोगों के प्लॉट की बाउंड्री गिरा दी। इसके लेकर राजेश कनौजिया, मंगलजीत, उर्मिला देवी, शीला गौतम, गीता सिंह, नीलम पाल, कुसुम अवस्थी, सुमन दीक्षित, गुड्डी, राजेन्द्र में काफी रोष है। पीड़िता ने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर सम्बन्धित थाने में शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एंटी डेमो मामला: बच्ची की मौत के बाद चालक पर दर्ज हुई प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- किशोरी के पिता ने गैर इरादतन हत्या की धारा में दर्ज कराई रिपोर्ट
- महिला और बच्ची की हुई थी अस्पताल में मौत

अमृत विचार : कैंट थानाक्षेत्र अंतर्गत अर्जुनगंज में सीएम फ्लीट के आगे चल रही एंटी डेमो कार के समाने कुत्ता आने से हुई दुर्घटना में घायल हुए 16 लोगों में रविवार को नीलम (32) और प्रिया (13) ने केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया था। देर रात प्रिया के पिता ने कैंट थाने में एंटी-डेमो चालक के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक गुरूप्रीत कौर के मुताबिक, अर्जुनगंज निवासी सन्तोष कुमार ने रविवार रात एंटी डेमो कार के चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गैर-इरादतन हत्या की धारा में एफआईआर दर्ज कराई है।

लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शनिवार शाम करीब 7:50 बजे पत्नी सुशीला बेटी प्रिया और पड़ोसी नीलम के संग अर्जुनगंज बाजार में सब्जी खरीदने गई थी। आरोप है कि इसी बीच जिला-प्रशासन की स्कोर्ट गाड़ी के चालक ने तीनों को जोरदार टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में पत्नी बेटी और पड़ोसी गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। आनन-फानन तीनों को सिविल अस्पताल में पहुंचाया गया। हालत नाजुक होने पर बेटी प्रिया और पड़ोसी नीलम को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। रविवार को इलाज के दौरान प्रिया और नीलम की मौत हो गई है। जबकि, पत्नी सुशीला डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती है। जहां उनका इलाज जारी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

ब्लैकमेलिंग से तंग आकर की थी महिला की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

खुलासा

- कंपनी मालिक ने गला घोंटकर उतारा था मौत के घाट
- गाजीपुर पुलिस ने गीता हत्याकांड का पर्दाफाश कर हत्यारोपियों को भेजा जेल

अमृत विचार : गाजीपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत इंदिरानगर में ओम प्लाजा अपार्टमेंट में गीता सिंह की हत्या प्रेम सम्बन्धों के चलते की गई। वह अपने सम्बन्धों का हवाला देकर कंपनी मालिक को लगातार ब्लैकमेल कर रही। लगातार ब्लैकमेलिंग से परेशान कंपनी मालिक ने एक युवती व अन्य साथियों की मदद से गीता का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इस दावे के साथ पुलिस ने गीता हत्याकांड का पर्दाफाश कर हत्यारोपियों को जेल भेज दिया हैं। वहीं, गीता के परिजन पुलिसिया दावे से संतुष्ट नहीं हैं।

20 दिन पूर्व लखनऊ में खोला था कार्यालय

डीसीपी नार्थ अभिजीत आर शंकर के मुताबिक, हरदोई कोतवाली के खगेश्वरपुरवा निवासी अभिनव वर्मा ने करीब 20 दिन पूर्व मुंशी पुलिया स्थित ओम अपार्टमेंट में एबी सेल्यूशन एण्ड राइट के नाम से कार्यालय खोला था। गीता उसकी कंपनी में काम करती थी।

गीता (फाइल फोटो)

दोनों के बीच प्रेम सम्बन्ध थे। गत 21 फरवरी को गीता ने अभिनव को फोन पर बेटे की बीमारी का हवाला देते हुए 20 हजार रुपये की मांग की। इंकार करने पर वह ब्लैकमेल करने लगी। उसी रात 10 बजे अभिनव सहकर्मी अर्जुन वर्मा के संग गीता के फ्लैट में पहुंचा। जहां योगिता भी मौजूद थी। ब्लैकमेलिंग से तंग आकर अभिनव ने गीता का गला घोंटकर हत्या कर दी। फिर शव को ठिकाने लगाने के लिए दोस्त कमल किशोर और शिवम वर्मा को बुलाया। फिर शव को बिस्तर में लपेट कर कार से बेनीगंज पुल से गोमतीनदी में फेंक दिया।

पुलिस सत्यापन के बिना चल रहा था ऑफिस

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अपार्टमेंट को किराए पर देने से पहले पूर्व मालिक राजेश शुक्ला ने पुलिस वेरीफिकेशन नहीं कराया था। बताया जा रहा है कि चौकी इंचार्ज रामधीरज यादव को पूरे मामले की जानकारी थी। यहीं कारण है कि उन्होंने पूरे मामले को अधिकारियों के संज्ञान में नहीं दिया था।

सोमवार को चौक क्षेत्र में फिल्म की शूटिंग की वजह से रूट डायवर्जन रहा। जिसके कारण आसपास के क्षेत्रों में लंबा जाम लगा रहा। रूमी गेट के पास लगे जाम से लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई। अमृत विचार

जालसाजों ने दो से हड़पे 35.75 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ठगी की दो घटनाओं में जालसाजों ने लोगों के 35.75 लाख रुपये ठग लिए। पीजीआई के तेलीबाग निवासी शियो सहाय के मुताबिक कुछ वर्ष पहले उनकी मुलाकात बिग सिटी ग्रुप के निदेशक अनुज सिंह राजावत व मैनेजिंग डायरेक्टर से उनके गोमतीनगर के विभूतिखंड स्थित साइबर हाइट बिल्डिंग में उनके कार्यालय में हुई थी।

शियो का आरोप है कि उन्हें अनुज व मैनेजिंग डायरेक्टर ने कंपनी 35 लाख रुपये निवेश कर मुनाफा कमाने व जमीन देने का झांसा दिया था। इस पर पीड़ित ने खुद व उनके परिचितों ने कंपनी में रुपये निवेश कर दिए। आरोप है कि तय समय पूरा होने के बाद न तो उन्हें मुनाफा मिला और न ही जमीन मिली। वहीं सुशांत गोल्फ सिटी में नंदिनी एन्क्लेव निवासी युक्तिशा सिंह के जालसाज ने पार्सल को ट्रैक करने के नाम पर 72 हजार रुपये हड़प लिए। पीड़ितों ने संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कराई है।

पहले से बिक चुकी जमीन दोबारा बेचकर 17.50 लाख हड़पे

अमृत विचार, निगोहां : निगोहां इलाके में पहले से बिक चुकी जमीन को दोबारा बेचकर 17 .50 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिवपुरी निवासी असित कपूर ने बताया कि शेरपुर लवल निवासी रामविनय सिंह ने उनको पांच बीघा भूमि बताकर कर 15 लाख रुपए लेकर बैनामा करा दिया। जब भूमि पर कब्जे की बात कही तो रामविनय ने उसी भूमि में आठ बिस्वा और भूमि देने की बात बोल 2 .50 लाख रुपये और ले लिये। इसके बाद दाखिल खारिज के बाद कब्जा दिलाने की बात कही। दाखिल खरिज के लिये तहसील मोहनलालगंज में पत्र दिया तो तहसील में पता चला उक्त भूमि पहले से ही कई लोगों को बेचने की जानकारी हुई। पता चला कि राम विनय के नाम कोई भूमि ही नहीं थी। पीड़ित ने आरोपी से रुपये लौटाने को कहा तो धमकी देने लगा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

सार-संक्षेप

परीक्षा देकर घर लौट रही छात्रा से छेड़छाड़

अमृत विचार, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज इलाके में इंटर की परीक्षा देकर घर लौट रही छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को छात्रा परीक्षा देकर पैदल घर लौट रही थी। दीवानगंज निवासी पंकज ने रास्ते में रोककर छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी मारपीट पर उतारू हो गया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकला। घर पहुंची पीड़िता ने परिजनों को घटना बताई। इस पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

अचेत कोयला व्यापारी की अस्पताल ले जाते समय मौत

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला इलाके में रहने वाले कोयला व्यापारी की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि ऐशबाग के लकड़ी मंडी निवासी गणेश साहू (40) कोयले का कारोबार करते थे। भाई राजेश ने बताया रविवार रात खाना खाकर गणेश अपने कमरे में सोने चले गये थे। सोमवार सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकले तो राजेश कमरे में पहुंचे। जहां गणेश बेहोश की हालत में बेड पर पड़े थे। जीवित होने की संभावना पर परिजन आनन-फानन उन्हें अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन के अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत होने की आशंका जताई है। राजेश ने बताया गणेश अविवाहित थे। इंस्पेक्टर बाजारखाला ने बताया इस संबंध में परिजन की तरफ से कोई सूचना नहीं दी गयी है।

खरपतवार में लगाई आग, 150 हरे पेड़ झुलसे

अमृत विचार, निगोहां : थाना क्षेत्र में खरपतवार में लगाई आग की चपेट में आकर हरे वृक्ष झुलस गये। चंदीखेड़ा निवासी किसान सुंदरलाल की पत्नी सुर्जा देवी ने बताया रविवार देर शाम एक युवक ने अपने खेत में पड़े खर पतवार में आग लगा दी। भड़की आग की चपेट में आकर उनके खेत में लगे यूकेलिप्टस के डेढ़ सौ हरे वृक्ष झुलस गए। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके जेठ को पीट दिया। आसपास के लोगों के आने पर आरोपी धमकी देते हुये भाग निकले। इंस्पेक्टर अनुज तिवारी ने बताया तहरीर मिली है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

कर्ज अदा किये बिना बेचा मकान, बैंक ने चस्पा किया नोटिस

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर इलाके में बैंक का कर्ज अदा किये बिना मकान बेचकर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। विशालखंड निवासी मीरा सिंह ने बताया 22 अक्तूबर 2018 को कृष्ण कुमार अवस्थी का मकान 30 लाख में खरीदा था। एक वर्ष बाद कृष्ण कुमार, उनकी बेटी अनामिका व प्रियंका ने घर का फर्स्ट फ्लोर किराये पर मांगा। उन्होंने किरायानामा तैयार कर आरोपियों को घर किराये पर दे दिया। मीरा का आरोप है कि 9 अक्तूबर 2023 को एसबीआई बैंक शाखा विकास खंड के कर्मचारी ने उनके घर पर नोटिस चस्पा कर दिया। विरोध करने पर कर्मी ने बताया कि घर पर कृष्ण कुमार ने 23 मार्च 2009 में लोन लिया था, जिसे अदा नहीं किया है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर ने बताया आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नशेबाजी में दबंगों ने युवक को लात-घूसों से पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : मूलरूप से अमेठी जनपद के जाम थानाक्षेत्र निवासी रंजीत कुमार अलखनन्दा इंकलेव में रहते हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि रविवार शाम साढ़े सात बजे वह डिप्टीगंज रेलवे क्रॉसिंग के समीप किराने की दुकान से खरीदारी करने गए थे। आरोप है कि दुकान पर मौजूद अमित, सुशील गुप्ता और राज बहादूर शराब के नशे में उससे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर पीड़ित की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज की है।

भाजपा सरकार में हर वर्ग दुखी : आरके चौधरी

अमृत विचार, मलिहाबाद : मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत मलिहाबाद में समाजवादी पार्टी का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी आरके चौधरी ने कहा है कि भाजपा सरकार युवाओं को नौकरी, रोजगार देने में नाकाम रही है। किसानों को उनका हक नहीं मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत व संचालन जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह ने किया। सम्मेलन का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य एवं निवर्तमान विधायक प्रत्याशी सोनू कनौजिया ने किया। सम्मेलन को मुख्य रूप से पूर्व सांसद सुशीला सरोज, पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सरनाम सिंह यादव, हरिशंकर यादव, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, जिला पंचायत सदस्य पन्नालाल रावत, जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह यादव, उर्मिला रावत आदि ने सम्बोधित किया।

सुशील सिंह बने क्षत्रिय महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : अखिल क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को सरोजनीनगर के कानपुर रोड पर बाग नं0 - 3 स्थित संगठन के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित हुई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन के प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक आगामी 3 मार्च को वाराणसी में होगी। इस दौरान सुशील कुमार सिंह को संगठन का प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कुंवर विनोद सिंह, राष्ट्रीय आडिटर मनोज कुमार सिंह, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह टेवा, वीरागंना प्रदेश अध्यक्ष पदमिनी सिंह, एडवोकेट भानू प्रताप सिंह, रंजीत सिंह कल्लू, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान, राजवीर सिंह गुड्डा व रवीन्द्र प्रताप सिंह रवि सहित तमाम पदाधिकारी व क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।

पिकअप चालक की कुंड में डूबकर मौत

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : बख्शी का तालाब के चंद्रिका देवी मंदिर स्थित कुंड में डूबकर पिकअप चालक डूब गया। स्थानीय लोगों ने कुंड से निकाल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिनहट थाना क्षेत्र के हरदेशी खेड़ा डूडा कॉलोनी निवासी आदर्श सिंह (25) अपनी पिकअप से पड़ोसी गुडडू के लड़के अभिषेक का मुंडन संस्कार करने चंद्रिका देवी मंदिर आए थे। स्थानीय लोगों ने बताया दोपहर करीब ढाई बजे पिकअप चालक मंदिर परिसर स्थित सुधन्वा कुंड में नहा रहे थे। इसी दौरान गहराई में जाने से डूब गया। लोग उसे निकाल कर अस्पताल ले गये। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

ट्रेन से गिरे अज्ञात युवक की मौके पर मौत

अमृत विचार, लखनऊ : रहीमाबाद रेलवे स्टेशन से एक किलोमीटर दूर सभा खेड़ा गांव के पास गुरुवार दोपहर हरदोई की ओर से आई ट्रेन से युवक गिर गया। गंभीर चोट आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शी कैथुलिया निवासी पंकज गौतम ने पुलिस को घटना की सूचना दी। इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया मृतक की उम्र 35 वर्ष है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसके शरीर पर क्रीम कलर की शर्ट, काली जैकेट, नीली पैंट और सफेद जूते थे। युवक के पास से 170 रुपये बरामद हुये हैं।

सड़क दुर्घटना में होटल कर्मी समेत तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर, बीकेटी और ठाकुरगंज थानाक्षेत्र से सामने आए मामले

अमृत विचार : गोमतीनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत रविवार रात तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में होटलकर्मी राकेश रावत (21) घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी जख्मी हो गया। वहीं बीकेटी में जयकरन (22) और ठाकुरगंज में जलालुद्दीन (35) की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे के मुताबिक, डिगडिगा निवासी राकेश रावत एक होटल में वेटर था। रविवार देर रात वह अपने साथी के साथ बाइक से घर लौट रहा था। सीएसएस स्कूल के पास उसकी बाइक डिवाडडर में टकरा गयी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन-फानन उन्हें नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने राकेश रावत को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके साथी की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं, मूलरूप से सीतापुर जनपद के मझिगवा रामपुर कला निवासी जयकरन कानपुर रोड बनी स्थित एक होटल में नौकरी करता था। भाई अनुराग ने बताया कि जयकरन देर रात ड्यूटी खत्म करके घर वापस जा रहा था। बीकेटी के भैंसामऊ मोड़ के पास अज्ञात की टक्कर से उसकी मौत पर ही मौत हो गई। उधर, मलिहाबाद के पहाड़पुर निवासी जलालुद्दीन ठाकुरगंज के फरीदीपुर में परिवार के साथ रहकर मजदूरी करता था। रविवार रात वह पैदल सड़क पार कर रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। राहगीरों की मदद से उसे अस्पताल भेजवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

खून से लथपथ पड़ा मिला वृद्धा का शव

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद थानाक्षेत्र अंतर्गत माल गहदो मार्ग पर रविवार रात जौरिया मोड़ खून से लथपथ एक वृद्धा (65) का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो पाई। हालांकि, ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया में महिला की मौत सड़क हादसे की वजह से बताई जा रही है।

पता सत्यापित करने का झांसा देकर छात्रा से ठगी

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांतगोल्फ सिटी थाने में एक छात्रा ने साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धारा मे प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र के मुताबिक नंदिनी इंक्लेव की छात्रा युक्तिशा सिंह ने ऑनलाइन खरीदारी की थी। गत 18 फरवरी को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने उनका पता सत्यापित कराने का झांसा देते हुए वाट्सएप नंबर पर लिंक भेजा। इसके बाद माध्यम से जालसाज ने दो मदों में खाते से 72 हजार रुपये निकाल लिए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

आंदोलन डिवाइडर पर बैठकर कई घंटे तक करते रहे नारेबाजी

एमएसपी को लेकर किसानों का धरना-प्रदर्शन, नारेबाजी

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार : एमएसपी मांग को लेकर दिल्ली में चल रहे किसानों के प्रदर्शन के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सरोजनीनगर तहसील के पास किसान पथ पर धरना प्रदर्शन किया। बीते दिनों हरियाणा और पंजाब के किसानों पर केंद्र सरकार द्वारा की गई बर्बरता पूर्वक कार्रवाई का विरोध दर्ज कराने के लिए भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत और राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के निर्देश पर यह प्रदर्शन किया गया है। पूर्वाह्न करीब 11 बजे कई ट्रैक्टरों पर सवार होकर पहुंचे इन किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किसान पथ पर एक किनारे कतार में अपने ट्रैक्टर खड़े कर दिए। बाद में कई घंटे तक डिवाइडर पर बैठकर नारेबाजी करते रहे। सूचना पाकर पहुंची बिजनौर पुलिस ने काफी समझाया बुझाया। इस दौरान सभी किसान नेता व कार्यकर्ता अपने शीर्ष नेताओं के आदेश का इंतजार करते रहे, लेकिन शाम 4 बजे तक शीर्ष नेताओं का कोई आदेश ना आने पर उन्होंने खुद अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया और वापस चले गए।

एमएसपी कानून की मांग को लेकर प्रदर्शन करते किसान यूनियन के कार्यकर्ता। अमृत विचार

मुख्यमंत्री आवास के लिए आज कूच करेंगे किसान

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल क्षेत्र में चारागाह की बेश कीमती 75 बीघा जमीन दबंगो के अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए 15 दिनों से धरने पर बैठे भाकियू लोकतांत्रिक संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता मांगे पूरी न आने पर मंगलवार हजारों किसान ट्रैक्टर ट्राली के साथ मुख्यमंत्री आवास जाने का एलान किया है। यूनियन ने एलान किया है कि मंगलवार हजारो की तादात में किसान ट्रैक्टर ट्राली से मुख्यमंत्री आवास कूच करेंगे। किसान यूनियन लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान व जिलाध्यक्ष अतुल कुमार ने बताया कि संगठन द्वारा 27 जनवरी को तहसील प्रशासन को ज्ञापन देकर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की गई थी।

तीन मकानों से लाखों की ज्वैलरी चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आरोपियों की तलाश में जुटी कई थानों की पुलिस

अमृत विचार : राजधानी में चोरों ने तीन मकानों से लाखों की ज्वैलरी और नकदी पार कर दी है। चोरों की तलाश में दुबग्गा, मड़ियांव, इंदिरानगर और काकोरी जुटी है।

दुबग्गा प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा के मुताबिक, नौबस्ता, अमेठिया सलेमपुर निवासी संतोष मौर्य शुक्रवार रात सपरिवार माल में शादी समारोह में गए थे। अगले दिन वह वापस लौटे तब मेनगेट का ताला टूटा मिला। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने उनके घर से लाखों की ज्वैलरी समेत जरूरी दस्तावेज पार कर दिए हैं। वहीं, मड़ियांव के फैजुल्लागंज निवासी कारपेंटर कमलेश शर्मा रविवार को सपरिवार मलिहाबाद में एक रिश्तेदार के घर में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। सोमवार को वह वापस लौटे घर का ताला टूटा मिला। बताया कि चोरों ने पांच लाख की ज्वैलरी और डेढ़ लाख की नकदी पार कर दी। उधर, इंदिरानगर थानाक्षेत्र की रहने वाली सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़ कर करीब तीन लाख की ज्वैलरी पार कर दी। इसके अलावा, काकोरी थानाक्षेत्र अंतर्गत नरौना गांव निवासी बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी बबलू राजपूत ने बताया कि गत 20 फरवरी रात को चोरों ने उनके प्रतिष्ठान के पास से ट्रैक्टर-ट्रॉली पार कर दी।

एक नजर

प्रदेश के विकास में वाणिज्यकर विभाग का अहम योगदान

अमृत विचार, लखनऊ : वाणिज्य कर विभाग के 76वें स्थापना दिवस के मौके पर मीराबाई मार्ग स्थित वाणिज्यकर विभाग के मंडल कार्यालय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जीएसटी के विकास विषय पर अधिकारियों ने तमाम जानकारी साझा कीं। अधिकारियों ने कहा कि विभाग की इस लंबी यात्रा के दौरान कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। विभाग द्वारा प्रदेश के विकास में वाणिज्यकर विभाग के योगदान पर भी चर्चा की गई। समारोह के दौरान जीएसटी के एडीशनल कमिश्नर राजेश पांडेय, कैलाश नरायन यादव, धीरेंद्र प्रताप सिंह के अतिरिक्त टीपी सिंह, सीपी मिश्रा, ज्वाइंट कमिश्नर अरुण शंकर रॉय, प्रकाश यादव, उदय प्रताप सिंह, नीरज सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी रही।

ड्राइवर की जीवन शैली में बदलाव को कानून बनाने की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : सर्व चालक कल्याण समिति ने सरकार से मांग की है कि ड्राइवर के जीवन को आसान बनाने के लिए कानून में संशोधन किया जाये। समिति के महासचिव सुनील सिंह भदौरिया ने कहा है कि देश के राष्ट्रपति और प्रधानमन्त्री से लेकर जिले के डीएम तक की सुरक्षा की पहली जिम्मेदारी ड्राइवर ही निभाता है लेकिन उसकी सुख-सुविधा के बारे में कभी नहीं सोचा जाता। सरकार से मांग की गई है कि ड्राइवर आयोग का गठन किया जाए। ड्राइवर उत्पीडन एक्ट लागू किया जाये। ड्राइवर दुर्घटना बीमा कम से कम 20 लाख रुपये किया जाये और उसे न्यूनतम वेतन 20 हजार रुपये दिया जाए। साथ ही ड्राइवर को 60 साल की उम्र के बाद 2500 रुपये महीना पेंशन दी जाए।

आज नहीं होगा सुविधा दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण में मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन नहीं होगा। यह कार्यक्रम अन्य अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। हालांकि आगे की तिथि निर्धारित नहीं की गई है।

दबंग डेयरडेविल्स व सैस हुंडई ने की शानदार वापसी

लखनऊ गोल्फ लीग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ गोल्फ लीग में पहले मुकाबले में हार का सामना करने वाली दबंग डयरडेविल्स और सैस हुंडई ने शानदार वापसी की। लखनऊ गोल्फ क्लब में खेली जा रही लीग के दूसरे दिन सोमवार को दबंग डेयरडेविल्स ने पीआर जो रॉयल्स और सैस हुंडई ने राम स्वरूप टाइगर्स को हराया। अन्य मुकाबलों में टू फ्रेंडस चैंपियन और शालीमार स्ट्राइकर्स ने भी जीत दर्ज की।

पहले दिन की हार के बाद दबंग डेयरडेविल्स ने सोमवार को संभल कर खेलना शुरू किया। दमदार खेल दिखाते हुए डेयरडेविल्स ने पीआर जो रॉयल्स को एकतरफा मुकाबले में 4.5-.5 से हराया। दबंग डेयरडेविल्स के वीरेंद्र सिंह और धर्मेंद्र सिंह ने टीम के लिए एकल मुकाबले जीतकर पूरे अंक हासिल किए। युगल में डेयरडेविल्स के रजनीश सेठी और डॉ. गौरव अग्रवाल, प्रेम प्रकाश और गौतम चोपड़ा की जोड़ियों ने जीत हासिल की। डेयरडेविल्स के अशोक बाम्बी और राजेश कुमार की जोड़ी एवं पीआर जो रॉयल्स के विनय शुक्ला और वीके सिंह की जोड़ी के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। दोनों ने आधा-आधा अंक बांटे।

सैस की रामस्वरूप टाइगर्स पर उम्दा जीत

दूसरे मुकाबले में सैस हुंडई ने राम स्वरूप टाइगर्स पर 4-1 से जीत दर्ज की। रविवार को हार का सामना करने वाली सैस हुंडई के खिलाड़ियों ने सोमवार को शानदार खेल दिखाया। पहले एकल में सैस के वाहिद सिद्दीकी ने राम स्वरूप के बीडी नकवी को हराकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे एकल में राम स्वरूप टाइगर्स के अजय भसीन ने बेहतरीन खेल दिखाया और सैस हुंडई के मिकी नन्दा को पराजित कर मुकाबला 1-1 की बराबरी ला खड़ा दिया। इसके बाद के तीनों युगल जीतकर सैस हुंडई ने मुकाबला 4-1 से अपने पक्ष में कर लिया। सैस हुंडई के लिए हिमांशु कालरा और आदित्य प्रताप सिंह, जोहेब सिद्दीकी और गगन वोहरा एवं मयंक पंत और अक्षय सिंह की जोड़ियों ने अपने-अपने युगल मुकाबले जीते।

शानदार प्रदर्शन करने वाली दबंग डेयरडेविल्स टीम के खिलाड़ी, साथ में अन्य। अमृत विचार

टू फ्रेंडस की रोमांचक जीत

टू फ्रेंडस चैंपियन ने मुलीगेटर्स को 3-2 से शिकस्त दी। टू फ्रेंडस चैंपियन के पीके अग्रवाल ने एकल, शमशेर बहादुर सिंह और संजय कुमार (युगल), राकेश सेठ एवं टीए फारूखी (युगल) ने अपने-अपने मैच जीते। वहीं मुलीगेटर्स के लिए अमित सिंह ने एकल और विक्रम सिंह एवं कर्नल सिद्धार्थ वर्मा की जोड़ी ने युगल मुकाबला जीता। एक अन्य मुकाबले में शालीमार स्ट्राइकर्स ने बीबीडी रेंजर्स को 3-2 से हराया।

आयुष ने आर्य व आशीष ने कल्पना फाउंडेशन को दिलाई जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रथम एमएम मिश्रा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट

अमृत विचार : प्रथम एमएम मिश्रा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में सोमवार को आर्य क्रिकेट अकादमी और कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने जीत दर्ज कर पूरे अंक बटोरे।

मैन ऑफ द मैच आशीष की सटीक गेंदबाजी की बदौलत कल्पना फाउंडेशन क्रिकेट क्लब ने लीग मुकाबले में माइक्रालिट क्रिकेट जिमखाना को 106 रनों के अंतर से हरा दिया। एसएआर ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कल्पना फाउंडेशन ने 36 ओवर में सभी विकेट खोकर 192 रन बना लिए। द्रव्या कुश्वाहा ने 63 रन बनाए। जवाब में माइक्रालिट जिमखाना की टीम 86 रन ही बना सकी। कल्पना फाउंडेशन की ओर से आशीष ने 4 विकेट चटकाए।

एक अन्य मुकाबले में मैन ऑफ द मैच आयुष प्रताप सिंह की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आर्य क्रिकेट अकादमी ने लखनऊ कोल्ट्स को 8 विकेट से हरा दिया। पं. रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ कोल्ट्स ने 36.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 161 रन बनाए। अंशु शुक्ला ने सबसे अधिक 29 रन बनाए। आर्य अकादमी की ओर से कृष्ण कुमार सिंह, तुषार सोनी, पवित्र अरोड़ा और शाश्वत पाण्डेय ने 2-2 विकेट चटकाए। जवाब में आर्य क्रिकेट अकामदी ने 2 विकेट खोकर 162 रन बनाए और जीत दर्ज की। आयुष प्रताप सिंह ने नाबाद 64 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और 3 छक्के जड़े। नारायण ने 48 रन बनाए।

पुस्तक प्रदर्शनी के माध्यम से विषयों का चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के मधु लिमय पुस्तकालय द्वारा वार्षिक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर डॉ. संजय सिंह द्वारा किया गया।

पुस्तकालयाध्यक्ष इंचार्ज डॉ. मनीष कुमार वाजपेयी ने बताया कि वार्षिक पुस्तक प्रदर्शिनी के माध्यम से शिक्षकों, छात्र-छात्राओं तथा कर्मचारियों द्वारा पुस्तकालय के लिए विभिन्न विषयों की पुस्तकों के नवीन संस्करणों का चयन किया जाता है। साथ ही पाठकों को पुस्तक प्रदर्शनी के माध्यम से पुस्तकों के और करीब लाया जाता है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. एपी सिंह, प्रो. डॉ. मनीष सिंह, डॉ. अतुल कुमार तिवारी, सयुंक्त कुलसचिव डॉ. संजय कुमार दिवाकर, डॉ. केए पांडे, डॉ. रजनीश यादव, डॉ. शशांक शेखर, डॉ. मलय पांडे एवं छात्र-छात्राएं तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



पुस्तक प्रदर्शनी के दौरान उपस्थित अभिभावक व छात्र। अमृत विचार

सोमवार को एयरपोर्ट पर प्रशंसकों के बीच हाथों में तिरंगा लेकर मेडल दिखाते आईएएस अफसर सुहास एलवाई और अन्य खिलाड़ी। अमृत विचार

सार-संक्षेप

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते बाल कलाकार। अमृत विचार

बाल कलाकारों की प्रतिभा पर मोहित हुए लोग

अमृत विचार, लखनऊ : प्रगति फाउंडेशन ने सोमवार को भवानीगंज में इनोवेशन फॉर चेंज के तहत बच्चों को पारम्परिक कलाओं के संरक्षण का सन्देश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत फाउंडेशन की ट्रस्टी नेहा जैन और संस्थापक सदस्य कौमुदी जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। फिल्म गुलाबो-सिताबो में भूमिका निभाने वाले राजधानी के कठपुतली कलाकार नौशाद ने यहां कठपुतली शो दिखाकर बच्चों का दिल जीत लिया। बाल कलाकारों ने यहां भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस मौके पर प्रगति फाउंडेशन ने अपनी संस्था के लोगो का डिजाइन कराने का जिम्मा बच्चों को सौंपते हुए प्रतियोगिता कराई। इस प्रतियोगिता के विजेता ऋतिक वर्मा रहे। फाउंडेशन की संस्थापक कौमुदी जैन ने बताया कि हमारा लक्ष्य लुप्त होती हुई कलाओं को फिर से जीवंत करना है। इस तरह के कार्यक्रम के जरिये हम बच्चों के बीच सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहते हैं। इस मौके पर तान्या साहनी, अनुमेहा, शानू सिंघल, मनीष जैन और हर्षित आदि मौजूद रहे।

तीन दिवसीय श्रद्धा मानव नाट्य समारोह का आयोजन आज से

अमृत विचार, लखनऊ : श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति की ओर से 27 से 29 फरवरी तक तीन दिवसीय श्रद्धा मानव नाट्य समारोह का आयोजन किया जायेगा। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से हो रहे इस नाट्य समारोह का आयोजन संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में किया जायेगा। समिति की अध्यक्ष अचला बोस ने बताया कि 27 फरवरी को श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति की ओर से सत्यजित रे द्वारा लिखित व अख्तर अली द्वारा नाट्य रूपांतरित तथा अचला बोस द्वारा निर्देशित नाटक असमंजस बाबू की आत्मकथा का मंचन किया जायेगा। समारोह की दूसरी संध्या पर 28 फरवरी को जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन की ओर से अजय शुक्ला द्वारा लिखित व मोहित यादव द्वारा निर्देशित नाटक दूसरा अध्याय का मंचन किया जायेगा। समारोह की अंतिम संध्या पर 29 फरवरी को आकांक्षा थियेटर आर्ट्स की ओर से जॉन गाल्स द्वारा लिखित व गिरीश अभीष्ट द्वारा नाट्य रूपांतरित एवं निर्देशित नाटक एहसास के दर पे जज्बात की दस्तक का मंचन किया जायेगा।

3 मार्च से होगी सात दिवसीय थियेटर प्रोडक्शन वर्कशाप

अमृत विचार, लखनऊ : थियेटर एंड फिल्म वेल्फेयर एसोसिएशन की ओर से प्रदेश के युवा कलाकारों को रंगमंच, फिल्म और टेलीविजन में अभिनय आदि के प्रशिक्षण के लिए सात दिवसीय थियेटर प्रोडक्शन वर्कशाप का आयोजन आगामी तीन मार्च से किया जायेगा। यह वर्कशाप 26 फरवरी से शुरू होनी थी। प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद इस वर्कशाप को रविवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सात दिवसीय यह वर्कशाप सप्रू मार्ग स्थित दिलीपपुर टावर में होनी है। 26 फरवरी को वर्कशाप में शामिल होने के लिए कलाकार जमा हुए थे। अकादमी के सचिव दबीर सिद्दीकी ने कहा कि सभी कलाकारों को राज बिसारिया के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। रंगकर्म के लिए उनका सौ फीसदी समर्पण और उनका अनुशासन जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। राज बिसारिया ने शौकिया रंगकर्म के बजाय प्रोफेशनल रंगकर्म के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने न सिर्फ भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना की बल्कि उन्होंने युवाओं में रंगकर्म के संस्कार भरने का काम भी किया।

विवि में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : एबीवीपी इकाई द्वारा खेलोत्सव कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान क्रिकेट,वॉलीबॉल, ठग ऑफ वार, बैडमिंटन, कैरम, चेस, टेबल टेनिस, वेट लिफ्टिंग सहित अन्य खेलों को शामिल किया गया। पोस्टर विमोचन नवीन परिसर इकाई अध्यक्ष अनुराग भट्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों से प्रतिभाग करने के लिए छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। नवीन परिसर इकाई मंत्री विवेक सिंह ने खेल के महत्व को साझा किया। इस अवसर पर नवीन परिसर कुलाशासक प्रो .अहमद, विधि संकाय के डीन प्रो .बीडी सिंह, डायरेक्टर प्रो .आरके सिंह, डॉ .अनुराग श्रीवास्तव, इकाई उपाध्यक्ष अमन सिंह, अभिषेक पांडेय, सत्यम शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

क्रिकेट प्रतियोगिता 4 मार्च से

अमृत विचार, लखनऊ : केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 49वीं अंतर डिस्कॉम परियोजना टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता 4 मार्च से 7 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रशिक्षण शिविर 27 मार्च से 3 मार्च स्टेडियम में लगेगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को टीम में जगह मिलेगी।

10 लाख बच्चों को नहीं मिली सहायता राशि

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले करीब 10 लाख बच्चों को अभी भी डीबीटी के माध्यम से दी जाने वाली सहायता राशि नहीं मिल सकी है। जबकि सत्र 2023-24 बीतने वाला है। जिन बच्चों को यह राशि नहीं मिली है, उन बच्चों का डाटा लखनऊ सहित अलग-अलग जनपदों में अब निदेशालय ने मांगा है। वहीं, निदेशालय की ओर से समीक्षा की जा रही है। अभी तक समीक्षा में जो पाया है उसमें काफी संख्या में ऐसे अभिभावक हैं, जिन्होंने अपने पूरे डाक्यूमेंट ही विद्यालय में नहीं दिए हैं। करीब 40 प्रतिशत अभिभावक ऐसे हैं, जिन्होंने अभी केवाईसी नहीं कराई है। वहीं विभागीय सिस्टम में भी खामी कम नहीं है। सभी जिलों में इस बार भी निर्देश जारी किए गये थे कि सभी बच्चों व अभिभावकों के आधार कार्ड समय से अपडेट करवा दिए जाये।

गुरु के सिखाए आचरण को जीवन में उतारना चाहिए : आचार्य भद्रबाहु

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आचार्य विद्यासागर की स्मृति में विन्यांजलि

अमृत विचार : सकल जैन समाज ने सोमवार को महावीर पार्क में आचार्य विद्यासागर की स्मृति में विन्यांजलि का आयोजन किया। यह आयोजन आचार्य भद्रबाहु के मार्गदर्शन में किया गया। विन्यांजलि सभा में आचार्य भद्रबाहु ने अपने प्रवचन में कहा कि जिसने पांचों इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर ली है, वही जैन है।

उन्होंने कहा कि गुरु के सिखाए आचरण को अपने जीवन में हर जैन को उतारना चाहिए। सभा में कैलाश चन्द्र जैन सराफ, विनय कुमार जैन, डॉ. संजीव जैन, आदीश जैन,ब्रजेश जैन, महावीर गंगवाल, रीतेश जैन, जागेश जैन, कमल रावका, आलोक जैन और दिलीप जैन ने बताया कि आचार्य के दीक्षा गुरु ज्ञान सागर महाराज थे। उन्होंने लगभग 400 लोगों को मुनि, आर्यिका, एलक, क्षुल्लक दीक्षा दी। उन्होंने गौशालाएं खुलवाईं, हथकरघा, प्रतिभा स्थली, गुरुकुल और अस्पताल आदि संस्थाएं शुरू कराईं। बालिकाओं के लिए जैन दीक्षा के साथ-साथ उच्च स्तरीय शिक्षा दिलाने पर भी बल दिया।

खिलाड़ियों के साथ साझा किए स्वर्णिम जीत के अनमोल लम्हें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एयरपोर्ट पर खेल सचिव सुहास एलवाई का हुआ भव्य स्वागत

▸▸ पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में एसएल-4 वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

अमृत विचार : जैसे ही खेल सचिव सुहाल एलवाई एयरपोर्ट से बाहर निकले, वैसे ही खिलाड़ियों और खेल विभाग के अधिकारियों ने उन्हें स्वर्ण पदक जीतने की बधाई दी। कोई उनके साथ सेल्फी ले रहा था तो कोई उनसे पदक दिखाने की मांग कर रहा था। खेल सचिव और अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास एलवाई सोमवार को राजधानी पहुंचे। यहां पर उनकी पत्नी, तमाम खिलाड़ी और खेल विभाग के अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। सुहास एलवाई ने पहली बार पैरा वर्ल्ड चैंयिनशिप में एसएल-4 वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

पट्टाया (थाईलैंड) में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में विश्व के नंबर तीन खिलाड़ी सुहास ने इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान को 21-18, 21-18 से हराते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। सुहास यह सफलता प्राप्त करने वाले देश के पहले आईएएस अफसर हैं। एयरपोर्ट से बाहर निकल सुहास एलवाई ने सभी को पदक दिखाया और जीत की खुशियां भी बांटी। खिलाड़ियों के स्वागत से उत्साहित सुहास एलवाई ने भी अपने हाथों तिरंगा उठा कर लहराया। स्वागत समारोह में पहुंचे खिलाड़ियों से उन्होंने कहा कि यह जीत उनके लिए अनमोल है। उनके जीवन के यादगार पलों का यह जीत एक शानदार हिस्सा है। यहां पर उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल में कोई शार्ट कट नहीं होता है। जो मेहनत और लगन से शानदार प्रदर्शन करता है, वहीं जीत दर्ज करता है। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय सेठी ने कहा कि उन्होंने पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में पदक जीत कर देश का नाम रोशन किया है। हम सभी को उन पर गर्व है। वह आगे भी देश के लिए पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे।

अनोखे अंदाज में राजधानी वासियों के बीच पहुंचे अक्षय व टाइगर

▸▸ फिल्म बड़े मियां, छोटे मियां के प्रमोशन के लिए पहुंचे लोगों के बीच

चौक के धण्टा घर के समीप मंच से लखनऊ वासीयों का अभिनन्दन करते बडे मिया छोटे मिया के फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ सोमवार की शाम अपनी फिल्म बड़े मियां, छोटे मियां के प्रमोशन के लिए चौक स्थित घंटाघर पार्क पहुंचे। खचाखच भरे पार्क में अक्षय और टाइगर की इंट्री ने लोगों को रोमांचित कर दिया।

घंटाघर के दोनों तरफ लगाई गई लोहे की बाड़ से लोहे के तारों से लटकते हुए वह सीधे मंच पर पहुंचे। तार पर सफर कर रहे अक्षय ने भीड़ से लगातार संवाद बनाएं रखा। अक्षय और टाइगर ने यहां लोगों से संवाद भी किया और फिल्म के गीत छोटे मियां तो छोटे मियां... बड़े मियां सुभानअल्लाह पर नृत्य भी किया। टाइगर श्रॉफ ने इस मौके पर कुछ एक्शन सीन भी किये। अक्षय ने कहा कि लखनऊ कई बार आ चुका हूं। यहां के लोगों से मिला हूं और यहां के लजीज व्यंजनों का स्वाद भी चखा है। यहां पर चार-पांच फ़िल्में शूट की है, जो सुपरहिट हुई। इस बार बड़े मियां छोटे मियां के प्रमोशन के लिए आया हूं। यह गंभीर फिल्म है। इसमें एक्शन है। इसे भी हिट बनाइये।

लखनवी तहजीब की उड़ीं धज्जियां, भीड़ ने स्टेज पर फेंके जूते-चप्पल

अमृत विचार, लखनऊ : मेहमान नवाजी के लिए लखनऊ पूरी दुनिया में जाना जाता है। वहीं, इस शहर की तहजीब की लोग मिसाल देते हैं, लेकिन इस तहजीब की धज्जियां सोमवार घंटाघर में खुलेआम उड़ा दी गईं। बड़े मियां छोटे मियां फिल्म के प्रमोशन के लिए कलाकार अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टेज पर पहुंचे तो उग्र भीड़ ने चप्पल व जूते फेंकने शुरू कर दिए। आरआरएफ को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठियां चटकानी पड़ी। घंटाघर पार्क में फिल्म का प्रमोशन करने के लिए कलाकारों ने टी-शर्ट्स भीड़ की तरफ फेंकी। तो वहां उसे लूटने की होड़ मच गई। देखते ही देखते हंगामा शुरू हो गया। इसी बीच, नाराज भीड़ की तरफ से स्टेज पर चप्पल-जूते फेंके जाने लगे। स्टेज पर मौजूद कलाकारों को निशाना बनाया गया। अचानक से भीड़ उग्र हुई तो सुरक्षा के लिए बनी बैरिकेडिंग भी तोड़ डाली। नियंत्रण के लिए आरआरएफ के जवानों को मोर्चा संभालना पड़ा। इस बीच किसी तरह सुरक्षाकर्मियों ने दोनों ने कलाकारों को घेरा बनाकर गाड़ी तक पहुंचाया। इस दौरान इलाके में भगदड़ की स्थिति बनी थी। काफी देर तक लोगों को जाम का सामना करना पड़ा।

बच्चों के लिए रोल माडल बनें माता-पिता : डॉ . सर्वेन्द्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: संगीत नाटक अकादमी में आयोजित स्माइलिंग फ्लावर्स स्कूल के वार्षिक उत्सव में बेसिक शिक्षा विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. सर्वेन्द्र विक्रम ने कहा कि बच्चों का मन मस्तिष्क कोमल होता है। वह अपने मां-बाप से ही सब कुछ सीखते हैं। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी बन जाती है कि वह अपने बच्चों के लिए रोल माडल बनें और उन्हें अपना क्वालिटी टाइम दें।

उन्होंने कहा कि मां-बाप अगर कुछ न कुछ पढ़ते रहें तो बच्चों में भी पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा होगी। गणेश वंदना से शुरू हुए वार्षिक उत्सव में कक्षा चार व पांच के विद्यार्थियों ने अपने नृत्य में सर्वे भवन्तु सुखी ना का सन्देश दिया। बच्चों ने एक नृत्य नाटिका के जरिये जल को जीवन का आधार बताते हुए नदियों को प्रदूषण से बचाने का सन्देश दिया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते स्माइलिंग फ्लावर्स स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

▸▸ स्माइलिंग फ्लावर्स स्कूल का वार्षिक उत्सव आयोजित

केजी कक्षा के बच्चों ने माता-पिता पर आधारित गीत में अपने हाथ में अपने माता-पिता की तस्वीर लेकर नृत्य किया तो लोग भाव विभोर हो गए। स्कूल के प्रबंधक केके शुक्ला ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। प्रधानाचार्य सुषमा शुक्ला ने इस मौके पर स्कूल की उपलब्धियों पर रोशनी डाली।

रामकथा का आयोजन आज से

अमृत विचार, लखनऊ : पंचवटी श्री सीताराम आश्रम की ओर से विनय खंड गोमतीनगर के कम्युनिटी सेंटर में 27 फरवरी से चार मार्च तक रामकथा का आयोजन किया जायेगा। राम के अयोध्या आगमन के उपलक्ष्य में आयोजित रामकथा में आश्रम और इससे जुड़े सनातन परिवारों को भी आमंत्रित किया गया है। इस आयोजन का मकसद समाज का कल्याण और सनातन धर्म का उत्थान है।

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

अल्पकालिक ई-निविदा संख्या 11/वि0पा0ख0-प्र0 (ल0)/2023-24

अल्पकालिक ई-निविदा संख्या 11- वि0पा0 ख0 (प्र0) ल0/2023-24, के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र मार्टिनपुरवा एवं एस0जी0पी0जी0आई0 के यार्ड में प्रकाश व्यवस्था हेतु लाइट की आपूर्ति एवं उन्हे लगाने सम्बन्धित कार्य हेतु निविदा प्रपत्र एवं धरोहर राशि 4000.00, दिनॉक 13.03.2024 को 12:00 बजे तक ई-टेन्डरिंग वेब साईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड की जा सकती है। भाग-1 खुलने की तिथि 13.03.2024, समय 13:30 बजे, भाग-2 (प्राइस पार्ट्स) खुलने की तिथि तदानुसार ई-वेबसाईट पर सूचित की जायेगी। निविदा प्रपत्र मूल्य 590.00 मात्र (500.00 + G.S.T. / 18% अतिरिक्त) कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जायेगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखें। **कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, कमरा सं0 115-120, पारेषण भवन, विभूति खण्ड-II, निकट मन्त्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (उ0प्र0) 'राष्ट्र हित में बिजली बचायें'**

पत्रांक: 246/वि0पा0ख0(प्र0) ल0/ई-निविदा दिनांक: 26.02.2024

लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2612639, ई-टेण्डर पोर्टल: https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू0सं0 : D-189/CE(E/M) **निविदा सूचना** दिनांक: 26.02.2024

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा दिनांक **27.02.2024** से कार्य की ई-निविदा, ई-निविदा पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर आमंत्रित की जाती है, पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर०टी०जी०एस०/एन०ई०एफ०टी०/इण्टरनेट बैकिंग के माध्यम से पोर्टल **https://induscollect.indusind.com/pay/index.php** पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक **05.03.2024** को अपराह्न **15:00** बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें दिनांक **05.03.2024** को **16:00** बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्ते यथा कार्य का नाम, आगणक की धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि, निविदा प्रपत्र पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

मुख्य अभियन्ता (वि0/यॉ0)

एक नजर

महानगरों में तीन दिनों में दिया जाय बिजली कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : प्रदेश के महानगरों में तीन दिन में बिजली कनेक्शन दिया जाय। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सोमवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में प्रस्ताव देते हुए यह मांग उठाई। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से महानगरीय क्षेत्र में नया बिजली कनेक्शन तीन दिन में, नगर महापालिका क्षेत्र में सात दिन में और ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिन में नया बिजली कनेक्शन देने का नियम बनाया गया है। इसी तर्ज पर प्रदेश में भी विद्युत वितरण संहिता-2005 में संशोधन कर प्रदेश के लोगों को लाभ दिये जाने की जरूरत है।

रालोद के विधायकों ने दिखाई एकजुटता

अमृत विचार, लखनऊ : विधानपरिषद के चुनाव के मद्देनजर रालोद के सभी नौ विधायकों सोमवार को विधायक राजपाल बालियान के सरकारी आवास पर बैठक की। लखनऊ स्थित बहुखंडी मंत्री आवास में संपन्न बैठक में विधायकों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने निर्देशानुसार चुनाव में मतदान करने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का कहना हैकि हम लोगों को नैतिक समर्थन एनडीए के साथ है।

धरने पर प्रयागराज से आए कर्मियों ने किया समर्थन

अमृत विचार, लखनऊ : जल निगम कर्मियों व पेंशनरों ने मांगों का लेकर सोमवार को भी छठवें दिन मुख्यालय पर धरना दिया। उप्र जल निगम संघर्ष समिति के बैनर तले प्रयागराज से कर्मचारी धरने में शामिल हुए और समर्थन दिया। पदाधिकारियों ने विशाल सभा की। ईं आरपी सिन्हा व शिवकरण ने कहा कि जल निगम ग्रामीण में 25 हजार करोड़ का प्रतिवर्ष हर घर नल योजना का कार्य किया जा रहा है। पर्याप्त धन होते हुए भी न सातवां वेतन लागू किया न ही छठवें वेतनमान पर महंगाई भत्ता आदि दिया गया है।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 24 स्टेशनों का होगा पुनर्विकास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 24 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास, 15 आरओबी और 26 आरयूबी सहित कुल 65 इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्क्स का 56 स्थानों पर शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर और रेल सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में स्टेशनों के पुनर्विकास, आरओबी एवं आरयूबी के इस सम्पूर्ण कार्य को 1871.92 करोड़ की अनुमानित लागत से सम्पन्न कराया जाना प्रस्तावित है।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 56 जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें व्यासनगर में केन्द्रीय मंत्री, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम, महेंद्र नाथ पाण्डेय, भारतकुण्ड में सांसद, श्री लालू सिंह , मड़ियाहूं में सांसद, बीपी सरोज , हैदरगढ़ में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत , चिलबिला में सांसद, संगम लाल गुप्ता, कुंडाहरनामगंज में सांसद विनोद सोनकर, लम्भुआ में सांसद मेनका संजय गांधी, जौनपुर सिटी में सांसद(राज्य सभा), सीमा द्विवेदी, कानपुर ब्रिज बायां किनारा रेलवे स्टेशन पर सांसद डॉ. साक्षी महाराज, मल्हौर में सांसद(राज्य सभा), डॉ. दिनेश शर्मा और मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा मौजूद रहे।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों का पुनर्विकास करते हुए इनका आधुनिकीकरण किया जाएगा। इसके अन्तर्गत नया स्टेशन भवन, सर्कुलेटिंग एरिया मे विस्तार, यात्री सुविधाएं, सभी श्रेणियों के स्टेशनों पर उच्च स्तरीय प्लेटफार्म उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही आरओबी एवं आरयूबी के निर्माण कार्य से क्षेत्रीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

पूर्वोत्तर रेलवे के 13 स्टेशनों का हुआ शिलान्यास

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 13 रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने किया। इनमें आनन्दनगर जं., बलरामपुर, बढ़नी, डालीगंज जं., गोंडा जं., खलीलाबाद, लखीमपुर, लखनऊ सिटी, मैलानी जं., रामघाट हाल्ट, सिद्धार्थनगर, स्वामी नारायण छपिया, तुलसीपुर तथा पुनर्विकसित गोमतीनगर स्टेशन एवं मंडल के 21 अंडररपासों का लोकार्पण किया गया। लखनऊ परिक्षेत्र के गोमतीनगर, डालीगज जं. और लखनऊ सिटी रेलवे स्टेशन पर लोकार्पण और शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय रेलवे में हो रहे विकास के कार्यो एवं अमृत भारत स्टेशन योजना से संबंधित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रेल विकास विषय पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के आरम्भ में उपाध्यक्ष आरएलडीए वेद प्रकाश डुडेजा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया।

आगरा में जल्द दौड़ेगी मेट्रो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: आगरा में यात्रियों को जल्द ही मेट्रो में सफर की सुविधा मिलेगी। इसके संचालन की अनुमति मिल गई है। जल्द ही आगरा में प्रायोरिटी कॉरिडोर रूट पर मेट्रो का संचालन किया जाएगा। मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग ने सोमवार को संचलन की अनुमति दे दी है। उन्होंने 21 से 23 फरवरी तक आगरा मेट्रो के प्रॉयरिटी कॉरिडोर के छह किलोमीटर लंबे मेट्रो ट्रैक का निरीक्षण किया था। आज उन्होंने मेट्रो संचालन की अनुमति दे दी है। यूपी मेट्रो के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने मेट्रो संचालन की अनुमति मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि तय समय पर आगरा में मेट्रो का संचालन किया जा रहा है।

आगरा के प्रायरिटी कॉरिडोर के छह स्टेशनों के बीच मेट्रो का संचालन किया जाएगा। इनमें तीन एलिवेटेड स्टेशन ताज पूर्वी गेट, बसई और फतेहाबाद रोड हैं। अगले तीन स्टेशन अंडरग्राउंड हैं जो कि ताजमहल, आगरा किला और मनकामेश्वर हैं। आगरा में बैलेंस सेक्शन पर तेज मेट्रो निर्माण जारी है। कुल 29.4 किमी लंबे दो कॉरिडोर का आगरा में निर्माण होना है।

ट्रैक पर सुरक्षा व्यवस्था परखते मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त और अन्य अधिकारी।

आईजीबीसी से मिली है प्लैटिनम रैंकिंग

इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल ने आगरा मेट्रो के तीनों ऐलिवेटड स्टेशन ताज ईस्ट गेट, बसई एवं फतेहाबाद रोड को प्लैटिनम रेटिंग मिली है। आगरा मेट्रो के ग्रीन मेट्रो के तौर पर प्रमाणन के लिए ये बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले इसी माह अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) ने प्रथम कॉरिडोर में ताज ईस्ट गेट से आरबीएस कॉलेज मेट्रो स्टेशन तक के भाग को पर्यावरण प्रबंधन के लिए आईएसओ 14001 और संरक्षा प्रबंधन के लिए आईएसओ 45001 प्रमाणपत्र प्रदान किया था।

बच्ची और पत्नी को घर से निकाला

संवाददाता, मलिहाबाद

- माल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

अमृत विचार : माल थाने में एक महिला ने ससुराल पक्ष वालों के दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मारपीट, छेड़खानी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि दहेज में कार और दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पन्द्रह माह की बेटी के संग उसे घर से निकाल दिया गया।

माल प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला की शादी वर्ष 2019 में सीतापुर के कमलापुर थानाक्षेत्र निवासी नीरज से हुई थी। आरोप है कि ससुराल में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। अगस्त 2022 में वह किचन में कुछ काम कर रही थी तभी देवर अनूप ने उससे जोर जबरदस्ती करने की कोशिश की। नाकाम होने पर उसकी पिटाई की गई। आरोप है कि पति से देवर की शिकायत करने पर ससुराल पक्ष वालों ने 15 माह की बच्ची के संग उसे घर से निकाल दिया। मायके वालों ने समझौता का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जांच में मिले एडीओ के खिलाफ साक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डलमऊ ब्लाक की एडीओ के खिलाफ आरोपों की जांच उपनिदेशक ने की थी
- जांच रिपोर्ट समाज कल्याण निदेशक को सौंपी, रिपोर्ट में एडीओ के खिलाफ मिले साक्ष्य
- वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों से पेंशन स्वीकृत करने के बदले रिश्वत मांगने का मामला

अमृत विचार : पेंशन योजना के लाभार्थियों से रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित हुईं डलमऊ (रायबरेली) की एडीओ प्रगति वर्मा के ऊपर लगे आरोपों की जांच में पुष्टि हुई है। उपनिदेशक ने प्राथमिक जांच रिपोर्ट सोमवार को समाज कल्याण निदेशक को सौंप दी।

बता दें कि रायबरेली में समाज कल्याण विभाग की एडीओ (डलमऊ ब्लाक) प्रगति वर्मा को वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों से पेंशन स्वीकृत करने के बदले रिश्वत मांगने के मामले में निलंबित कर दिया गया था। साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी रायबरेली वैभव त्रिपाठी को मुख्यालय से संबद्ध किया गया था। समाज कल्याण निदेशक शुक्रवार को रायबरेली पहुंचे थे। निदेशक ने दोनों पक्षों की बात सुनी थी। उन्होंने लंबित 12 सौ आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया था। जबकि शुक्रवार को मौके पर आरोपों की जांच कर रहे उपनिदेशक लखनऊ मंडल आचिंत्य मणि भारती और जिला समाज कल्याण अधिकारी मुख्यालय अंजनी सिंह ने जांच रिपोर्ट निदेशक को सौंप दी। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि जांच रिपोर्ट में दोनों ने एडीओ पर लगे आरोपों की पुष्टि की है। जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

वित्तीय साक्षरता के बीच जानकारियां हुई साझा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : भोजन की हानि और बर्बादी (एफएलडब्ल्यू) का आरंभ साक्षरता पोस्टर के साथ स्काई बैलून का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग और आरबीआई के अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

आरबीआई लखनऊ द्वारा छात्र समूहों और युवा वयस्कों को लक्षित करते हुए कई आउटरीच कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों, ट्रांसजेंडर, दिव्यांगों और अनाथालयों के बच्चों के लिए विशेष जानकारियां साझा की गई। लोगों को वेबसाइट, एटीएम, मोबाइल एप्लिकेशन की जानकारियां दी गईं। चारबाग रेलवे स्टेशन, लखनऊ जंक्शन और राजधानी के प्रमुख स्थानों पर एलईडी और डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से चुने हुए विषय पर आवश्यक वित्तीय जागरूकता संदेश प्रसारित किया गया। उत्साह को बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक और मैजिक शो भी आयोजित हुए।

राजधानी में मौसम में आये बदलाव ने लोगों को एक बार फिर ठंड का अहसास करवाया, इसी क्रम में सोमवार को बादलों से घिरे 1090 चौराहे पर लगे फाउंटेन के पास का नजारा। अमृत विचार

मोबाइल के विवाद में दुकानदार ने की ग्राहक की जमकर पिटाई

संवाददाता, मोहनलालगंज

- वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

अमृत विचार : मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोबाइल के विवाद में दुकानदार ने एक ग्राहक की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। तब पुलिस हरकत में आई।

गौरा निवासी जगदीश प्रसाद ने बीते 25 जनवरी को नजदीकी दुकानदार तुफैल को मोबाइल बनाने को दिया था। दुकानदार ने उसे एक सप्ताह बाद मोबाइल देने की बात कही थी। समय सीमा समाप्त होने पर पीड़ित मोबाइल नहीं दिया। सोमवार शाम पीड़ित अपना मोबाइल लेने पहुंचा। इस पर दुकानदार उसे दूसरा मोबाइल देने लगा, तो पीड़ित ने इंकार कर दिया। जिससे दुकानदार अपशब्द कहने लगा। विरोध करने पर दुकानदार ने पीड़ित की पिटाई कर दी।

मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पीड़ित ने मोहनलालगंज कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने बताया दुकानदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है।

दो मंजिला मकान समेत छह स्थानों पर लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से पाया काबू
- लाखों का सामान जला जनहानि टली

अमृत विचार : शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में मंगलवार को इंजीनियर के दो मंजिला मकान समेत छह स्थानों पर लगी आग से लाखों का सामान खाक हो गया। दमकल कर्मियों ने मशक्कत से आग पर काबू पाया। कहीं से जनहानि की सूचना नहीं है।

गणेश नगर कॉलोनी निवासी अरुणा मिश्रा आलमबाग के कैरिज वर्कशॉप में टेक्निकल इंजीनियर हैं। सोमवार को वह कार्यालय गईं थी। बेटा पुष्पराज और बहू रेनू भी घर पर नहीं थे। दूसरे तल पर मजदूर पुताई कर रहे थे। तभी पहली मंजिल से आग की लपटें देख छत पर काम रहने मजदूर शोर मचाते हुए बाहर भागे। शोर सुन पहुंचे पड़ोसियों ने घटना की सूचना दमकल को देकर मजदूर की सहायता से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। तब तक दमकल कर्मी भी पहुंच गए। कर्मियों ने पहले घर में रखे गैस सिलेंडर बाहर निकाले। इसके बाद मशक्कत से घंटे भर में आग पर काबू पाया।

एफएसओ आलमबाग धर्मपाल सिंह ने बताया आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हुई है। हादसे में जनहानि नहीं हुई। अरुणा ने बताया आग से घर में रखा लाखों का सामान खाक हो गया। इसके अलावा मड़ियांव के गायत्री नगर राम लीला मैदान ट्रांसफार्मर में लगी आग बुझाई गयी। उधर, गुडंबा के विवेकानंदपुरम एक घर में आग लग गई है। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

इधर, बिजनौर इलाके के एयरपोर्ट के रनवे 27 की बाउंड्री के पास झाड़ियों लगी आग पर दमकल कर्मियों ने काबू पाया। उधर, कृष्णा नगर इलाके के गणेश नगर के एक घर में लगी आग से गृहस्थी खाक हो गयी। वहीं थाना सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में मेदांता हॉस्पिटल के सामने जंगल में आग लग गई है। दमकल की दो गाड़ियों ने मशक्कत से आग पर काबू पाया। कहीं से जनहानि की जानकारी नहीं है।

मेडिकल कॉलेजों में अगले महीने पहुंचेंगे सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 147 सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को बतौर सहायक आचार्य पद पर तैनात किया जायेगा
- सरकारी संस्थानों से उत्तीर्ण डॉक्टरों को बांड के तहत दो साल तक देनी होंगी सेवाएं

अमृत विचार: सरकारी मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न विभागों के कुल 147 सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को बतौर सहायक आचार्य पद पर तैनात किया जायेगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा काउंसिलिंग के तहत सोमवार को विभागवार डॉक्टरों की सूची जारी कर दी गई है। कॉलेज आवंटन की सूची 29 फरवरी को जारी कर दी जायेगी। इन डॉक्टरों की नियुक्ति के साथ ही कॉलेज संबद्य अस्पतालों में गुणवत्ता युक्त चिकित्सकीय सेवाएं बढ़ जायेंगी।

नीट एसएस 2020 बैच के सरकारी संस्थानों से उत्तीर्ण चिकित्सकों को बांड के तहत दो साल सेवाएं देनी होगी। इसके लिए चल रही काउंसिलिंग के तहत सूची में शामिल अभ्यर्थियों को अगले दो दिन तक कॉलेज की प्राथमिकताएं देनी होगी, इसके लिए रिक्त सीटों के अधार पर कॉलेज आंवटित कर 29 फरवरी को सूची जारी कर दी जायेगी। साथ ही मार्च प्रथम सप्ताह में ज्वाइनिंग भी करनी होगी।

किस विभाग को कितने मिले डॉक्टर

तैनाती पाने वाले डॉक्टरों में सबसे ज्यादा 24 कॉडियोलॉजिस्ट, 16 न्यूरोलॉजिस्ट, 17 न्यूरो सर्जन, 14 गेस्ट्रो सर्जन, पांच सर्जिकल आंकोलॉजी, छह नेफ्रोलॉजिस्ट, 12 यूरोलॉजिस्ट, तीन पल्मोनरी मेडिसिन, पांच प्लास्टिक सर्जन, दो पीडियाट्रिक गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी, एक पीडियाट्रिक सर्जन,एक नियोनेटोलॉजी,दो मेडिकल जनेटिक्स, तीन जिरियाटिक मेंटल हेल्थ, तीन क्लीनिकल हेमोटोलॉजी, नौ क्लीनिकल इम्योनोलॉजी,, पांच इंडोक्राइन सर्जन, पांच इंडोक्राइनोलॉजी, पांच क्रिटिकल केयर यूनिट विशेषज्ञ, तीन कार्डियक एनेस्थिसिया।

कांग्रेस ने लोस चुनाव के लिए नियुक्त किए 80 समन्वयक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इखलाख अहमद डेविड लखनऊ के समन्वयक नियुक्त

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज करते हुए प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश की कुल 80 सीटों के लिए समन्वयक नियुक्त कर दिये हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को समन्वयकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। लखनऊ सीट के लिए इखलाख अहमद डेविड, मोहनलालगंज सुरक्षित से अमरेश पांडेय, मुरादाबाद सीट के लिए डॉ युसुफ कुरैशी, बरेली के लिए विपुल गुप्ता, कानपुर के लिए शैलेंद्र चतुर्वेदी व फैजाबाद के लिए मनोज तिवारी को समन्वयक बनाया गया है।

इसके अलावा रामपुर सीट के लिए हाजी इकराम कुरैशी, संभल के लिए अफरोज अली खान, अमरोहा से आतिफ हसन, खीरी से अनिल शुक्ला, धौरहरा से कैप्टन बंशीधर मिश्रा, सीतापुर से आशुतोष मिश्रा, हरदोई सुरक्षित से डॉ अभिषेक यादव, उन्नाव से शमीम खान, रायबरेली से इंदल रावत, अमेठी से देवानंद मिश्रा, सुल्तानपुर से सुरेश प्रताप सिंह, फतेहपुर से अखिलेश शुक्ला, बाराबंकी सुरक्षित से धर्मेंद्र चैधरी व गोंडा से चैधरी अखिलेश को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह, सहारनपुर से कृष्णकांत शर्मा, कैराना से सोनू पठान, मुजफ्फरनगर से गौरव भाटी, बिजनौर से फूल कुंवर, नगीना सुरक्षित से दिनेश अवाना, मेरठ से संजीव शर्मा व बागपत से हेमंत प्रधान को समन्वयक बनाया गया है।

संविदा कर्मचारी महासंघ का सत्याग्रह आज

लखनऊ : विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र की ओर से मंगलवार को शक्ति भवन में सत्याग्रह किया जायेगा। इसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों के सैकड़ों संविदा कर्मचारी शामिल होंगे।

कार्यालय नगर पंचायत रूपईडीहा-जनपद-बहराइच

पत्रांक 67/ सीव0जल0नि0यो0-निर्माण कार्य/टेण्डर/न0प0रूपई0/2023-24 दिनांक :-26-2-2024

ई- निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदार / फर्मो को नगर पंचायत रूपईडीहा जनपद-बहराइच में सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष-2023-24 में स्वीकृत धनराशि से 10 स्वीकृत निर्माण कार्यकी निविदा ई- टेण्डिरिंग के माध्यम से दिनांक:-18-3-24 समय 02:00 बजे तक आमन्त्रित की जा रही है। निविदा सूचना दिनांक:-26-2-24 को प्रात: 10:00 बजे से दिनांक:- 18-3-24 को अपरान्ह 02:00 बजे तक ई-टेण्डिरिंग के ई-पोर्टल http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त ठेकेदार / फर्मे उपरोक्त तिथि एवं समय में ही ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http//etender.up.nic.inपर डाउन लोड कर के अपलोड कर सकते है। आनलाईन प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक:- 19-3-24 को सायंकाल 04:00 बजे खोली जायेगी। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा आनलाईन बाद में खोली जायेगी, निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो की जानकारी ई-पोर्टल http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत रूपईडीहा
बहराइच

अध्यक्ष
नगर पंचायत रूपईडीहा
बहराइच

ज्योतिष शास्त्र को न बनाएं व्यापार : मंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में चल रहे ज्योतिष सेमिनार को आखिरी दिन गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री ने किया संबोधित
- ज्योतिष का संबंध जब तक कर्मकाण्ड और धर्म से नहीं होगा तब तक वह पूर्ण रूप से प्रभावी नहीं हो सकता : लक्ष्मी नारायण

अमृत विचार : ज्योतिष शास्त्र को व्यापार नहीं बनाना चाहिए। ज्योतिष का संबंध जब तक कर्मकाण्ड और धर्म से नहीं होगा तब तक वह पूर्ण रूप से प्रभावी नहीं हो सकता। यह कहना है गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण का। वह केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में चल रहे त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार के आखिरी दिन सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद न्यायमूर्ति आरएन पांडेय ने कहा कि जो पिंड में है वही ब्रह्माण्ड में है।

सारस्वत अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रो. प्रेम कुमार शर्मा ने कहा कि सूर्य सिद्धांत में बीज संस्कार करते हुए ग्रहों की अद्यतन स्थिति लानी चाहिये, जिससे फलादेश में सूक्ष्मता होगी। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ज्योतिष विभाग के वरिष्ठ आचार्य, डीन और परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कहा कि पंचांग निर्माण एक व्यापार नहीं है, यह समाज के प्रति संस्कृत विश्वविद्यालयों के ज्योतिष विभाग का उत्तरदायित्व है। तिथि नक्षत्र आदि की गणना जो ग्रहों पर आधारित है उसमें त्रुटि होने पर अनुपयुक्त समय में आम जनता व्रत, पर्व, त्योहार और पितृ कर्म आदि करेंगे, जिसका अधर्म पंचांग बनाने वालों को होगा। क्योंकि, श्रद्धालु धर्मान्ध जनता तो पंचांग देखती है।

पंचाग बनाने वाले शुद्ध बनाते हैं या अशुद्ध इसका विचार आम जनता नहीं करती है। इसलिए ज्योतिषियों को अपने कर्तव्य का निर्वाह निष्ठापूर्वक करना चाहिये। जहां तक फालदेश का प्रश्न है, शुद्ध पंचांग के द्वारा ही सही फलादेश किया जा सकता है। पंचांग निर्माण व्यापार नहीं है और ज्योतिष का फलादेश भी व्यापार नहीं है। यह दिव्यज्ञान है इसलिए इसे व्यापारिक स्वरूप देने पर फलादेश में अशुद्धि की संभावना रहती है। इस मौके पर ज्योति विभाग के आचार्य प्रो. मदनमोहन पाठक, भारत भूषण त्रिपाठी, प्रो. धनीन्द्र कुमार झा, प्रो. पवन कुमार, प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी, डॉ. हरिनारायणधर द्विवेदी, डॉ. कविता बिसारिया और डॉ. चन्द्रश्री पांडेय मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक : 1086/न0पा0परि0सुल0/2023-24 दिनांक - 26-02-2024

निविदा सूचना

नगर की सफाई व्यवस्था को सुद्दृढ़ बनाने के लिए निम्न सफाई सामग्री की आपूर्ति हेतु अधिकृत डीलरों/फर्म/ठेकेदार से निविदा दिनांक 26/02/24 को निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 04/03/24 पालिका के स्वास्थ्य विभाग कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र दिनांक.. 05/03/24को अपरान्ह 02.00 बजे तक डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में निविदादाता की उपस्थिति/अनुपस्थिति में निविदा डाली जायेगी। निविदा के साथ धरोहर धनराशि की एफ0डी0/डी0डी0 जो नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के अधिशासी अधिकारी के पक्ष में बन्धक किये हो, जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र साफ-साफ शब्दों एवं अंको में दर भरा होना चाहिए। निविदाओं में किसी भी प्रकार की त्रुटि/अपूर्ण/कटिंग एवं ओवर राइटिंग पाये जाने पर तत्काल बिना कारण बताये निविदा निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित होगा। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। आपूर्ति के सम्बन्ध में अन्य जानकारियाँ किसी भी कार्यालय दिवस में पालिका के सफाई विभाग में की जा सकती है।

क्रमांक	सफाई सामग्री का नाम	जमानत धनराशि (एफ0डी0/डी0डी0)	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में (जी0एस0टी0 सहित)	दर	अन्य
1	2	3	4	5	6
1	चूना पाउडर	50.000/-	1000+18% जी0एस0टी0 = 1050		
2	फिनायल (आई0एस0आई0)				
3	एसिड (आई0एस0आई0)				
4	ब्लीचिंग पाउडर				
5	मैलाथियान पाउडर 5%				
6	झाड़ू (फूल/सीक)				
7	वाइपर पोछा और पोछा				
8	टायलेट ब्रश				
9	गेरू पाउडर				

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर

एक नजर

सीसीटीएनएस की प्रगति में बाराबंकी रेंज में अव्वल

बाराबंकी, अमृत विचार : सीसीटीएनएस योजना (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम) की प्रगति के सम्बन्ध में बाराबंकी को प्रदेश में चौथा स्थान मिला है। जबकि अयोध्या रेंज में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सीसीटीएनएस को प्रगति डैशबोर्ड के नाम से जाना जाता है। इसकी मानीटरिंग केन्द्रीय स्तर पर की जाती है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने दी है।

मामूली विवाद में मां व दो बेटियों को पीटा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली रामसनेहीघाट अंतर्गत सोहिलपुर में खलिहान में रखे कंडे फेंकने के विवाद में साधु राम की पुत्री सुमन और रुचि ने विरोध किया तो पड़ोसी शिवकुमार ने अपनी पत्नी निर्मला अन्य दो लोगों के साथ दोनों बहनों सहित उनकी मां राजरानी को गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडे से पीट दिया। पड़ोसियों ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया। मां-बेटी को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है केसीसी

माती, बाराबंकी, अमृत विचार : किसानों को जागरूक करने के लिए स्थानीय बाजार में किसान क्रेडिट कैंप आयोजित किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक और किसान क्रेडिट कार्ड विशेषज्ञों ने किसानों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर शाखा प्रबंधक देवेश मिश्रा ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके जरिए किसानों को अधिक से अधिक लाभ देना है। उन्होंने किसान ऋण, ब्याज व विभिन्न बैंक योजनाओं की जानकारी दी।

मां-बेटे को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

मसौली के शहाबपुर चौराहे पर हुए हादसे में बाल-बाल बचा पति और दूसरा पुत्र

मसौली, बाराबंकी

दुर्घटना

- बाइक असंतुलित होने के कारण हाईवे पर गिर गए थे चारो लोग
- पुलिस ने हादसा करने वाली ट्रैक्टर-ट्राली को अपने कब्जे में लिया

अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के शहाबपुर चौराहे पर हाईवे पर सोमवार को असुंतलित होकर गिरी बाइक से गिरे मां-बेटे को ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक से गिरे महिला का पति व एक पुत्र बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

बहराइच के थाना विशेषरगंज के ग्राम गुलरिया पण्डितपुरवा पोस्ट शिवपुर बैरागी निवासी अवधेश मिश्रा अपनी पत्नी नीलम मिश्रा (27) व दोनों पुत्र कार्तिक मिश्रा (6) तथा कृष्णा मिश्रा (7) के साथ बाइक से लखनऊ जा रहे थे। शहाबपुर चौराहे के निकट बाइक असुंतलित होकर हाईवे के नीचे पटरी पर चली गयी जिसे सड़क पर चढ़ाते समय बाइक सड़क पर गिर गयी। जिससे उस पर सवार चारों लोग हाईवे पर ही गिर पड़े। इतनी ही देर मे तेज रफ्तार आ रही आलू लदी टैक्टर-ट्राली ने मां-बेटे को रौंद दिया हादसे में नीलम मिश्रा एवं पुत्र कार्तिक की मौक़े पर ही मौत हो गयी। अवधेश मिश्रा व कृष्णा मिश्रा मामूली रूप से घायल हो गये।

पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे मे लेते हुए घायल पिता-पुत्र को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बाइक पलटने से शिक्षक की मौत

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : विद्यालय जा रहे शिक्षक की बाइक असंतुलित होकर पलट गयी। किसी तरह वह सीएचसी पहुंचा। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। बदोसराय थानाक्षेत्र के ग्राम टीकाराम निवासी राम प्रताप (45) सीतापुर के प्राथमिक विद्यालय अजयपुर बिसवां में शिक्षक पद पर कार्यरत थे। सोमवार की सुबह वह खुद ही घायलवास्था में सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र पहुंचे जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया और हालत गंभीर देखकर शिक्षक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जब तक एंबुलेंस से घायल शिक्षक को जिला अस्पताल ले जाया जाता तब तक उनकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

श्रीमद्भागवत कथा के लिए सदर बाजार कैंट स्थित दुर्गादेवी मंदिर से निकली कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह शुरू

लखनऊ, अमृत विचार : सदर बाजार कैंट स्थित श्री दुर्गादेवी मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ की सोमवार से शुरुआत हो गयी। मंदिर प्रांगण से निकली कलश यात्रा सुभाष मुहाल, आजाद मुहाल, बनिया मुहाल, सब्जी मंडी, गोला चौराहा, बडी बाजार, मठरू मोहाल होते हुए कथास्थल में आकर समाप्त हुई। कथा के पहले दिन कथावाचक पंडित शिवराज कृष्ण महाराज ने श्रीमद्भागवत का महात्म्य बताते हुए कथा की तुलना अमृत रस से की। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

भतीजे ने चाची से की 34 लाख की धोखाधड़ी

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : खेतीयोग्य जमीन का बैनामा कराने के बहाने भतीजे ने चाची से 34 लाख की धोखाधड़ी की। पुलिस धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज़ कर जांच कर रही की है।

सतरिख थाना क्षेत्र के खालेकपुरवा गांव निवासी अजय पाल सिंह की पत्नी अनीता सिंह के रिश्ते में उनके जेठ का पुत्र बृजेश सिंह जो महाराष्ट्र के 6बी अंज़ेलिक कसमस लॉज़, अलवारिया रोड, नीलकंठ अपना बाजार में रहता है। यहां सराय परसंडा और आलमपुर गयासपुर गांवो की दो स्थानों पर जमीन का बैनामा करने के लिए वर्ष 2023 में दो अलग-अलग तारीख में उनसे 34 लाख रुपए लिए थे। इतना ही नहीं, रुपए देने के बाद निर्धारित तिथि पर अनीता उप निबंधक नवाबगंज कार्यालय पहुंची। वहां 1 लाख 67 हजार 200 रुपए के स्टांप पेपर भी खरीदे गए। जमीन का बैनामा करने की कार्रवाई पूरी होने के दौरान भतीजा बहाना बनाकर उप निबंधक कार्यालय से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि महिला ने जमीन खरीदने के लिए दो बार में 34 लाख रुपए दिए थे। धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज़ किया गया है।

गलती से दूसरे के खाते में भेजे 50 हजार, मांगने पर मिल रही धमकी

कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार: यूपीआई से अज्ञात नंबर पर 50 हजार रुपए ट्रांसफर हो गए। वापस मांगने पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा धमकी दी जा रही है। इसकी इसकी शिकायत पीड़ित ने एसपी से की है।

कोठी क्षेत्र के मीरपुर निवासी इसरार का आरोप है कि उसका उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में खाता है। सोमवार को उससे 50 हजार रुपए गलती से एक अज्ञात के खाते में ट्रांसफर हो गए। फोन कर उसी नंबर पर रुपए वापस मांगने पर अज्ञात व्यक्ति ने धमकी दी। इसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से कर कार्रवाई की मांग की है।

उद्यमियों की शिकायतों का जल्द करें निस्तारण

उद्योग बंधु की बैठक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। मुख्य विकास अधिकारी ए. सुदन ने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में अवस्थापना सुविधाओं के अंतर्गत यूपीसीडा द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य यथा-फायर स्टेशन के अनावासीय भवनों के निर्माण के संबंधी में कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि कार्य चल रहा है, जिसे समयावधि में पूर्ण कर लिया जाएगा। ट्रक टर्मिनल के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी होने पर ठेकेदार पर पेनल्टी लगायी गयी। सफेदाबाद में सड़क के दोनों ओर जल निकासी की समस्या पर एनएचएआई के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि टेण्डर हो चुका है। शीघ्र ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा। बैठक में एएसपी सीएन सिन्हा, उपायुक्त उद्योग आशुतोष कुमार, एलडीएम विवेक कुमार, सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

उद्योग बंधु की बैठक को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी ए. सुदन।

40 लाख की मार्फीन के साथ एक गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार: जिले में मादक द्रव्यों की तस्करी का सिलसिला थम नहीं पा रहा है। पुलिस की तमाम कार्रवाई भी तस्करी रोक पाने में विफल रही है। सोमवार को मादक द्रव्यों का एक और तस्कर 40 लाख रुपये की 405.5 ग्राम मार्फीन के साथ धरा गया।

थाना घुंघटेर पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्कर अताउल्ला पुत्र स्व0 सब्बीर निवासी ग्राम टिकरा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को भदेशिया मोड के पास से 405.5 ग्राम अवैध मारफीन के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना घुंघटेर पर एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया गया।

बाराबंकी से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा इंडिया गठबंधन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने सोमवार को सपा के कई वरिष्ठ नेताओं से मिलकर उनसे सहयोग और समर्थन मांगा। कहा कि मोदी सरकार में किसानों को गोली और नौजवानों को नौकरी मांगने पर लाठी मिल रही है। पेपर लीक होने के बाद युवा आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन बाराबंकी संसदीय सीट से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा।

पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने कहा कि बाराबंकी में एनडीए उम्मीदवार की हार तय है। इसके पूर्व डॉ. पुनिया ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से वापस आने के बाद पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, सदर विधायक सुरेश यादव, नवाबगंज नगर पालिका परिषद की चेयरमैन के पति पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह वर्मा से मुलाकात कर पार्टी प्रत्याशी के प्रति समर्थन मांगा।

छापेमारी में 600 शीशी कोडीनयुक्त सिरप सीज

बाराबंकी, अमृत विचार : औषधि निरीक्षक ने सोमवार को एक दवा की दुकान पर छापेमारी की। इस दौरान छह सौ शीशी कोडीनयुक्त सिरप बरामद किया गया। इसका नमूना लेकर दवा को सीज कर दिया गया। मेडिकल स्टोर पर दवा के क्रय विक्रय पर रोक लगा दी गई।

कोडीनयुक्त सिरप के नशे में प्रयोग किए जाने पर प्रभावी रोकथाम के लिए सोमवार को थाना कोठी क्षेत्रांतर्गत भानमऊ में स्थित वारिस मेडिकल स्टोर के प्रोपराइटर अब्दुल रज्जाक उर्फ भोला की उपस्थिति में औषधि निरीक्षक सीमा सिंह ने जांच की। इस दौरान 100 मिली के 600 सिरप की शीशी जिनका मूल्य 1 लाख पांच रुपये है, बरामद हुए।

हाईकोर्ट की निगरानी में हो जांच

पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: पुलिस भर्ती की निरस्त परीक्षा के बाद मामले की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में कराने के साथ अन्य कई मामलों को लेकर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा।

आप पदाधिकारियों ने कहा कि एक ओर जहां यूपी में बेरोजगारी दर निरंतर बढ़ती जा रही है, तो वहीं दूसरी ओर बमुश्किल निकल रहीं भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होजाते हैं। नकल माफिया भी सक्रिय हों जाते हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया और परीक्षार्थियों की मेहनत पर पानी फिर गया। पार्टी की मांग है कि पुलिस भर्ती की तरह समीक्षा अधिकारी परीक्षा में हुए पेपर लीक मामले की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में कराई जाए। पुलिस भर्ती परीक्षा को एक माह के भीतर कराया जाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जुगराज सिंह, अरविंद यादव, अभिषेक, मुन्ना, अजीत आदि थे।



जिलाधिकारी कार्यालय में मांगों का ज्ञापन देते आप कार्यकर्ता। अमृत विचार

सार-संक्षेप

लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

फाल्गुन मास के पहले सोमवार को लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करते भक्त।

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : फाल्गुन मास के पहले सोमवार को लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता भोर से देर शाम तक लगा रहा। बैरिकेडिंग के बीच कतारबद्ध होकर हजारों श्रद्धालुओं ने आदिदेव महादेव का जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना की। लोधेश्वर महादेवा में फाल्गुनी मेला 28 तारीख से शुरू होगा। उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा धाम में शिवभक्तों की एकाएक श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ देख थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में जुट गए। दूरदराज से जत्थे के साथ कांवड़ियों का भी आगमन शुरू हो गया है। उप जिलाधिकारी पवन कुमार ने मेला व्यवस्था का जायजा लिया।

फर्जी मार्कशीट बनाने में लिपिक व शिक्षक समेत 5 पर केस

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : मदरसा अनवारूल उलूम में कार्यरत लिपिक एवं अध्यापक सहित पांच लोगों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मोहल्ला रानी निवासी मोहम्मद अहमद का आरोप है कि मदरसा अनुवारूल में तैनात लिपिक एवं अध्यापकों द्वारा पैसा लेकर फर्जी मार्कशीट बनाने का काम किया जाता है। इसकी जानकारी पर वह मदरसा गया और शिक्षकों से कहा कि आप लोग सरकारी वेतन पाते हैं और फिर भी पैसा लेकर अनपढ़ लोगों की मार्कशीट बना देते हैं इतना कहना था कि वह विपक्षियों ने गालियां देते हुए मदरसे से उसे धक्के मार कर भगा दिया और कहीं शिकायत करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मोहम्मद अहमद का आरोप है कि उसने इसकी शिकायत थाने एवं उच्च अधिकारियों से की गई मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिलहाल न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज हो गया है।

शहर को अतिक्रमणमुक्त करने में सहयोग करें व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : जिला प्रशासन ने सोमवार को व्यापारियों से कहा कि मुख्य मार्गों एवं चौराहों को अतिक्रमणमुक्त करें। अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं। सोमवार को लोक सभागारमें व्यापारी सुरक्षा के दृष्टिगत सीडीओ ए. सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने व्यापार मंडल के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। व्यापारियों से मुख्य मार्गों एवं चौराहों को अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील की गई। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने सभी व्यापारी संगठनों से यह अनुरोध किया कि अपने प्रतिष्ठानों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी लगाएं तथा सड़कों पर भी सीसीटीवी का कैमरा फोकस करें। बड़े मार्केट में स्थानीय चौकीदारों को भी लगाया जाए।

बूथ संख्या 307 पर केंद्र सरकार की योजनाएं बतायीं

बूथ संख्या 307 पर स्थानीय लोगों को योजनाएं बताते भाजपा के पदाधिकारी।

लखनऊ, अमृत विचार : पश्चिम मंडल एक में न्यू हैदरगंज प्रथम वार्ड के शक्ति केंद्र एफ के बूथ संख्या 307 पर बूथ अध्यक्ष मनोज रावत के साथ पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। इस अवसर पर लाभार्थी संपर्क अभियान की शुरुआत करते हुए पश्चिम मंडल एक के बूथ संख्या 307 पर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के पात्रों से संपर्क कर 9638002024 पर मिस्ड कॉल कराकर स्टीकर चिपकाकर पीएम का पत्रक वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी, राजेश मिश्रा, पार्षद रजनी गुप्ता, शक्ति केंद्र संयोजक रमाशंकर मिश्रा, वरिष्ठ कार्यकर्ता हरी प्रसाद मिश्रा, राधे श्याम अवस्थी, गणेश मिश्रा, वार्ड अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, विनोद राजपूत, राजीव मौर्या, अमित अवस्थी, प्रशांत भुर्जी आदि मौजूद रहे।

दो करोड़ के विकास कार्यों पर मुहर

मसौली, बाराबंकी

मसौली क्षेत्र पंचायत

- बैठक में कई प्रस्तावों का किया गया अनुमोदन

अमृत विचार : ब्लाक प्रमुख रईस आलम की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में करीब दो करोड़ की विकास योजनाओं को संचालित करने पर मुहर लगाई गई। तथा विगत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ साथ आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया।

अवर अभियंता आरईडी पीके गौतम ने एजेंडा प्रस्तुत करते हुए संचालित विकास योजनाओं के बारे में सदस्यों को जानकारी दी। इसके पश्चात शुरू हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में जल निकासी, परिषदीय विद्यालयों के सौंदर्यीकरण, आंगनबाडी केंद्रों, मनरेगा, आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित कई प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। बैठक मे उपस्थित ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को कराये गये विकास कार्यो की जानकारी देते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष मे क्षेत्र मे प्राप्त कुल 2 करोड़ 69 लाख 33 हजार 870 मे से 1 करोड़ 43 लाख 62 हजार 035 रुपये से विकास कार्य कराये गये तथा शेष धनराशि 1 करोड़ 25 लाख.71 हजार.835 रुपये से कार्य कराने के प्रस्ताव लिये गये। बैठक मे जिला पंचायत सदस्य रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा ने कहा कि क्षेत्र पंचायत की बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि क्षेत्र मे वंचित कार्यो को कार्ययोजना मे शामिल कर विकास कार्यो से जोड़ना है। खंड विकास अधिकारी डॉ. संस्कृता मिश्रा ने क्षेत्रपंचायत से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा योजना रोजगार की गारंटी देती है। मनरेगा योजना के चलते गांवों में विकास होता है। नाली, इंटरलॉकिंग, आरसीसी पौधरोपण के माध्यम से गांवों में नई क्रांति आई है।

बदमाशों ने युवक से 25 हजार रुपये लूटे

कानपुर, अमृत विचार : बिधनू थाना क्षेत्र में कार सवार बदमाशों ने नौबस्ता से सवारी के रूप में युवक को बैठाकर तमंचे के बल पर 25 हजार रुपये व उसका एटीएम कार्ड लूट लिया। आरोपित उसे सचेंडी में सड़क किनारे उतारकर भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर घटना के 7 दिन बाद बिधनू थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। हमीरपुर निवासी संदीप कुमार दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। बीती 20 फरवरी को वह घर लौट रहे थे। देर रात 12 बजे के करीब वह नौबस्ता चौराहे पर हमीरपुर की सवारी ढूंढ़ रहे थे। कार सवार पांच लोगों ने हमीरपुर जाने की बात कहकर उसे बिठा लिया। कुछ दूर चलने के बाद आरोपितों ने तमंचा लगाकर उन्हें लूट लिया।

हैदरगढ़ को शटल एक्सप्रेस के ठहराव की सौगात जल्द

अमृत भारत योजना

- पीएम ने वर्चुअल रूप से किया स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकास के लिए चयनित हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर सोमवार को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नयी दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रिमोट का बटन दबाकर पूरे देश के साथ हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन में पुनर्विकास के तहत होने वाले कार्यों का शिलान्यास किया। स्टेशन के नोडल अधिकारी ने आशा जतायी कि हैदरगढ़ को जल्द ही शटल एक्सप्रेस के ठहराव की सौगात मिल सकती है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद उपेंद्र सिंह रावत के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत, रामदेव सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष हैदरगढ़ आलोक तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

सामूहिक विवाह योजना एक हजार से अधिक मुस्लिम बेटियों का हुआ निकाह, जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने दिया आशीर्वाद

छह साल में 5425 बेटियों के हाथ हुए पीले

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : किसी पिता के लिए अपनी बेटी का विवाह करना एक सपने जैसा होता है लेकिन आर्थिक तंगी के चलते तमाम पिता इस सपने को पूरा करने में मानसिक रूप से परेशान रहते हैं। लेकिन प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कारगर साबित हो रही है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले छह साल के अंदर जिले में पांच हजार से अधिक बेटियों के हाथ पीले हुए हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इन शादियों पर अब तक करीब 21 करोड़ की धनराशि खर्च की गई है।

समाज में सर्वधर्म-समभाव तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने सामूहिक विवाह योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर व जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराने का जिम्मा अपने हाथों में लेकर वर्ष 2017 में इसकी शुरुआत की थी। इसके बाद जिले में एक के बाद एक सामूहिक विवाह कराए गए। तब से लेकर अब तक इन छह साल में समाज कल्याण विभाग की देखरेख में कुल 5425 बेटियों के पीले हुए हैं। इनमें वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1753 तो 2022-23 में 1137 जोड़ों का विवाह कराया गया था। इससे पहले 2021-22, 2020-21, 2019-20, 2018-19 तथा 2017-2018 में भी लक्ष्य के अनुसार शादियां हुई थीं। इन सभी शादियों पर योजना के तहत कुल 21 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च की गई। करीब तीन साल पहले योजना के तहत प्रति जोड़े पर 35 हजार रुपये की धनराशि निर्धारित की गई थी। जबकि सरकार ने इसमें बढ़ोतरी करते हुए प्रति जोड़ा 51 हजार रुपये कर दी थी। इस योजना से जिले के पांच हजार से अधिक बेटियों के हाथ पीले होने से अभिभावकों ने राहत की सांस ली। सामूहिक विवाह में मुस्लिम बेटियों का भी उनकी रीति के अनुसार निकाह कराया गया। एक मंच पर मंत्री, सांसद, विधायक समेत कई जनप्रतिनिधि समेत डीएम, सीडीओ ने वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि योजना में पूरी पारदर्शिता बरती जाती है। अब तक पांच हजार से अधिक बेटियों के हाथ पीले हुए हैं।

पारदर्शिता के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था

योजना की पारदर्शिता के लिए ऑफलाइन की जगह ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है। इससे जहां पात्रों को सहूलियत हो रही है, वहीं बिचौलियों का काम भी खत्म हो गया है। वहीं विवाह के लिए लाभार्थी के मोबाइल पर ही विवाह की तारीख और सूचना एसएमएस से भेजी जा रही है। जिले में यह योजना काफी फलीभूत हुई। करीब तीन साल पहले लगे एक आरोप को हटा दें तो जिले में पात्रों को ही इसका लाभ मिला है। बताते चलें कि एक नाबालिग जोड़े का विवाह कराने को लेकर सवाल उठे थे। जिसमें जांच के बाद जोड़े की उम्र शादी के लिए सही पाई गई थी।

गैर इरादतन हत्या के पांच दोषियों को 10-10 वर्ष की सश्रम कैद

बाराबंकी, अमृत विचार : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कोर्ट -04) ने सोमवार को गैर इरादतन हत्या के पांच दोषियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने सभी दोषियों को छह-छह हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया। 24 अप्रैल 2016 को मो. रफीक ने सोनू वर्मा सहित सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान पांच अभियुक्तों को दोषी पाया। पांचों को अदालत ने 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास व छह-छह हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया जबकि प्रदीप वर्मा व अशोक वर्मा को दोषमुक्त कर दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्।
एवं परुषकारेण विना दैवं न सिद्ध्यति।।

जैसे एक पहिये से रथ नहीं चल सकता। ठीक उसी प्रकार बिना पुरुषार्थ के भाग्य सिद्ध नहीं हो सकता है।

संपादकीय

डब्ल्यूटीओ नीतियां

किसानों के निशाने पर विश्व व्यापार संगठन भी है। उनकी मांग है कि सरकार भारत को विश्व व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार समझौतों से बाहर निकाले। सोमवार को पंजाब व हरियाणा के किसानों ने राजमार्गों के किनारे कई स्थानों पर ट्रैक्टर खड़े करके प्रदर्शन किया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे किसानों ने डब्ल्यूटीओ की नीतियों की आलोचना की और उन्हें 'किसान विरोधी' बताया। उन्होंने दावा किया कि डब्ल्यूटीओ की नीतियों के कारण सरकार सभी फसलों पर एमएसपी नहीं दे रही है। उधर भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों से लंबे समय से लंबित सार्वजनिक खाद्य भंडारण मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह सीधे तौर पर वर्ष 2030 तक 'शून्य भुखमरी' के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने से संबंधित है। खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक भंडारण कार्यक्रम एक नीति माध्यम है जिसके तहत सरकार एमएसपी पर किसानों से चावल और गेहूं जैसी फसलें खरीदती है तथा खाद्यान्न का भंडारण और गरीबों को वितरित करती है। दरअसल वर्ष 1994 से विश्व व्यापार समझौता कृषि क्षेत्र में लागू हुआ। समझौते का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर उत्पाद एवं व्यापार का निजीकरण करना था। डब्ल्यूटीओ का नियम कहता है कि विश्व व्यापार संगठन से जुड़े सदस्य देशों को अपने कृषि उत्पाद को दी जाने वाली घरेलू मदद की मात्रा को सीमित करना चाहिए। जबकि डब्ल्यूटीओ के नियम किसानों की मांग से विपरीत हैं।

गौरतलब है विकसित राष्ट्रों ने अपने किसानों को भारी सहायता जारी रखी। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति किसान 300 डॉलर की सब्सिडी दी जाती है जबकि अमेरिका में यही सब्सिडी प्रति किसान 40,000 डॉलर की मिलती है। इससे विकसित देशों के किसानों की व्यक्तिगत उत्पादन लागत कम हुई और बाजारों में कम कीमत पर अपने उत्पादों को बेचकर भी वे मुनाफे में रहे वहीं हमारे किसान अपनी अत्यधिक कृषि लागत और कम बाजार भाव के कारण ऋणग्रस्त होते गए। किसानों के आंदोलन करने का उद्देश्य ही यही है कि उन्हें एमएसपी, फसलों की खरीद और पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम को लेकर कानूनी गारंटी दी जाए। सवाल है कि विश्व व्यापार समझौतों के तहत सरकारी खरीद तथा समर्थन मूल्य को कम कर दिए जाने से किसान बेबस और लाचार हो गए। क्या डब्ल्यूटीओ का कृषि समझौता खाद्य सुरक्षा नीति के विरुद्ध होने के साथ ही देश की नीति-निर्धारण की संप्रभुता में हस्तक्षेप भी है।

खुली किताब से परीक्षा: संभावनाएं और चुनौतियां

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज़्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा जोर दिया जाता है।

शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम ,पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाय। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं।अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

लगभग ढाई दशक पूर्व का वाकया है। उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों के विकास की प्रक्रिया गतिमान थी। हिंदी की पाठ्य पुस्तक में लोकगीत से ससंबंधित पाठ क्रमांक डालते हुए पूरा पेज रिक्त रखा गया था। पेज पर विद्यार्थियों के लिए निर्देश था कि अपने यहां किसी भी अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीत को रिक्त स्थान पर लिखें। पाठ की विशेषता यह भी थी कि अगले पेज में विविध अभ्यास दिए गए थे जो बच्चों द्वारा लिखे जाने वाले लोकगीत पर केंद्रित थे। शुरुआती क्षेत्रीय परीक्षणों में इस पाठ की बहुत आलोचना हुई तथा पर्याप्त चर्चा-विमर्श के उपरांत ही पाठ को स्वीकार किया गया। कारण यह कि उस दौर में प्रश्नों के उत्तर लगभग हू-ब-हू पाठ्यपुस्तक में दिए गए होते थे जबकि यह पाठ प्रचलित पैटर्न के एकदम विपरीत था।

नब्बे का आख़िरी दशक शिक्षा में विभिन्न प्रयोगों व नवाचारों का दौर था। शिक्षण विज्ञान पर देश व्यापी चर्चाओं के बाद वर्ष-2005 में 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा' ने 'ज्ञान को रटंत प्रणाली से मुक्त करने तथा विद्यालय की परिधि से बाहर ले जाने' की सिफ़ारिश की। इससे शैक्षिक परिदृश्य में कई बड़े परिवर्तन आए। इसी के चलते पाठ्य पुस्तकों में टेक्स्ट से संबंधित ऐसे विविधता पूर्ण अभ्यासों पर सहमतियां बनीं जो बच्चों को किताब की दुनिया से बाहर की दुनिया तक जाने का रास्ता तैयार करें। निश्चित ही इन अभ्यासों का हल पाठ्यवस्तु की किसी पंक्ति या अनुच्छेद में नहीं बल्कि उस पूरे पाठ को पढ़कर बनी समझ में ज़्यादा था। पर, क्योंकि यह एक पारंपरिक स्थिति से भिन्न प्रयोग था इसलिए इसकी स्वीकार्यता में समय लगा।

शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाय। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाए। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं। अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

'परीक्षा'किसी भी स्तर की शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य अंग है। यह एक निश्चित अंतराल पर शिक्षार्थियों के अर्जित ज्ञान, कौशल या दक्षताओं को जांचने की क्रिया, प्रक्रिया या अवस्था है। इसके अंतर्गत कुछ विशेष प्रकार के लिखित अथवा मौखिक अभ्यास प्रश्न डिजाइन किए जाते हैं। स्वाभाविक ही है कि 'परीक्षा' नाम की यह पूरी प्रक्रिया तात्कालिक पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक, शिक्षण बिंदुओं तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं के तरीक़ों पर निर्भर करती है और इन्हीं के अनुरूप होती है। इसका सीधा सा अर्थ यही है कि अगर हम 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव की बात करते हैं तो हमें उक्त सभी में इस प्रकार के आवश्यक बदलाव करने होंगे जो परीक्षा के बदले पैटर्न का समर्थन करते हों और तदनुरूप हों। ज़ाहिर सी बात है कि 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए केवल एग्जाम पैटर्न में बदलाव ही काफ़ी नहीं होगा बल्कि पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक समेत सभी स्तरों पर बदलाव अपेक्षित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की संस्तुतियों को दृष्टिगत रखते हुए सीबीएसई द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ विद्यालयों में सेकेंडरी स्तर से 'ओपन-बुक एग्जाम-ओबीई' आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसके तहत परीक्षार्थी परीक्षा में पाठ्यपुस्तक, क्लासरूम नोट्स या अन्य स्वीकृत सामग्री के साथ परीक्षा दे सकेंगे। हालांकि कुछ लोगों को 'खुली किताब के साथ परीक्षा' सुनने में कर्णप्रिय लग सकता है लेकिन यह परीक्षा पार करने का इतना सहज-सुगम तरीक़ा नहीं होने वाला है, क्योंकि यहां पर प्रश्न सीधे- सपाट या टैक्स्ट में निहित उत्तर पर आधारित न होकर सिद्धांतों या निष्कर्षों को विश्लेषणात्मक दक्षता के आधार पर प्रस्तुत करने पर केंद्रित होंगे। अगर सीधे कहें तो यह परीक्षा इस बात की जांच करेगी कि विद्यार्थी ने दिए गए सिद्धांतों अथवा तय निष्कर्षों को किस स्तर तक समझा है तथा वह इस समझ का विभिन्न परिस्थितियों में तर्कपूर्ण एवं विश्लेषणात्मक उपयोग कर सकता है अथवा नहीं। निश्चित ही यह प्रक्रिया विद्यार्थियों में सूचनाओं, तथ्यों, परिभाषाओं अथवा सूत्रों को रटने की बजाय मन-मस्तिष्क में उनकी गहरी समझ स्थापित करने तथा विभिन्न विषय संदर्भों में उसे 'ज्ञात से अज्ञात की ओर' जाने का रास्ता सुगम करेगी। पर, इस सबके लिए आवश्यक होगा कि इसे नियमित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए। नियमित प्रक्रिया का हिस्सा होने से बच्चों में कक्षा शिक्षण के दौरान शिक्षक द्वारा अपनाई गई शिक्षण विधियों, पाठ्यपुस्तक तथा अन्य पाठ्यसामग्री के बीच का संबंध स्पष्ट होगा तथा किसी समस्या के समाधान हेतु पाठ्यसामग्री को बार-बार संदर्भित कर सही व सटीक उत्तर की ओर जाने का कौशल विकसित होगा। इस प्रक्रिया में वे अपनी ग़लतियों को ख़ुद से सुधारना सीखेंगे तथा केवल परीक्षा पास करने के लिए कुछ प्रश्नों को रट लेने के बजाय गूढ़ अध्ययन की ओर उन्मुख होंगे।

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज़्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा ज़ोर दिया जाता है। भारतीय परिस्थितियों में ओपन बुक योजना और इसके नतीजे लागू होने पर ही सामने आएंगे। लेकिन यह ज़रूर है कि इसकी प्रभावकारिता के लिए पाठ्य सामग्रियों, कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं, आकलन-मूल्यांकन प्रणालियों व अकादमिक सुपरविजन के तरीक़ों में भी अपेक्षित बदलाव लाने होंगे। साथ ही परिवेश में उपलब्ध ज्ञान के मानवीय स्रोत एवं स्थानीय संसाधनों की भूमिका को भी स्पष्टतः रेखांकित करना होगा।

प्रसंगवश

चंद्रशेखर आजाद से जुड़े तथ्यों को जानना नागरिकों का अधिकार

बलिदान दिवस

भारत की आजादी के लिए सशस्त्र क्रांति के सूत्रधार अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद कब और कहां पैदा हुए? अभी तक न तो जन्म स्थान निश्चित हो पाया है और न ही जन्म तिथि। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में यह अब भी असंभव बना हुआ है। यही कारण है कि भाबरा (मध्य प्रदेश), भौंती (कानपुर) और बदरका (उन्नाव) के लोग उन्हें अपना मानकर प्रतिवर्ष मेला और जलसा आयोजित करके अपने दावे को मजबूत करते रहते हैं। बदरका का भव्य आजाद स्मारक अपने इस दावे को वर्ष प्रतिवर्ष और मजबूत करता ही जा रहा है।

आजाद से जुड़े अनेक मिथकों पर पिछले वर्ष एक नई किताब आई- 'चंद्रशेखर आजाद मिथक बनाम यथार्थ'। पुस्तक के प्रथम दो अध्याय जन्म स्थान और जन्मतिथि पर ही केंद्रित हैं। किताब का शीर्षक उम्मीद जगाता है कि आजाद के जन्मस्थान और जन्मतिथि का निर्धारण निश्चित हो गया होगा लेकिन किताब के लेखक आईपीएस अधिकारी प्रताप गोपेंद्र की गहन खोज भी निर्णायक मुकाम पर नहीं पहुंचा पाती। हां, पुस्तक की एक खासियत यह है कि आजाद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें और उपलब्ध आधे-अधूरे प्रमाण एक ही छतरी (पुस्तक) के नीचे मिल जाते हैं। इससे और कुछ नहीं तो आपको अपना मत निर्धारित करने में मदद जरूर मिलती है।

गौरव अवस्थी
रायबरेली

कोई आजाद का जन्म स्थान भाबरा मानता है तो कोई बदरका। किसी को भरोसा है कि आजाद का जन्म लखनऊ के काकोरी के पास ईटगांव में हुआ था और कोई ब्रिटिश हुकूमत के दौरान चले मुकदमों में खुद आजाद द्वारा लिखाए गए तथ्यों को ही प्रमाण मानकर उनका जन्म बनारस के बैजनाथ मोहल्ले का मानता है। कुछ विद्वान और आजाद के अधिकतर साथी आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के भाबरा में ही मानते हैं। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में आज तक यह तक तय कर पाना मुश्किल है कि आजाद के पिता कहां के रहने वाले थे? कई इतिहासकार उनके पिता पंडित सीताराम तिवारी को भौंती-प्रतापपुर (कानपुर) का मानते हैं और कोई कोई उन्हें बदरका का। कहीं-कहीं उनके पिता का नाम पंडित बैजनाथ या स्वतंत्र शर्मा भी मिलता है। हालांकि लेखक प्रताप गोपेंद्र अपने एक अध्याय में आजाद की जन्म तिथि मां स्व. जगरानी देवी द्वारा झांसी प्रवास के दौरान भगवान दास माहौर को बताई गई हिंदी तिथि (सावन सुदी दूज सोमवार) के आधार पर 23 जुलाई 1906 मानने पर ही जोर देते हैं। इसके प्रमाण में अपनी वह खोज पुस्तक में प्रस्तुत करते हैं जो उन्होंने गूगल पर प्रोकेरला (prokerala.com) के माध्यम से जुटाई है। इस पुस्तक में ऐसी खोज का एक चार्ट भी प्रकाशित किया गया है। हालांकि उन्नाव वाले आजाद की जन्म तिथि 7 जनवरी मानते हैं। इसके लिए उनके अपने तर्क और आधार हैं। बदरका में आजाद की जयंती मनाने की परंपरा 1943 से चली आ रही है। यह आज भी कायम है और वृहत मेले का रूप ले चुकी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रताप गोपेंद्र की पुस्तक नए तथ्यों की ओर पाठक का ध्यान आकृष्ट करती है लेकिन असल सवाल फिर वहीं अटक जाता है कि आखिर चंद्रशेखर आजाद का जन्म कहां का माना जाए और उनकी जन्मतिथि क्या है? यह तो सभी को पता है कि 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क (अब आजाद पार्क) में ब्रिटिश हुकूमत के हाथ आने के पहले चंद्रशेखर आजाद ने कनपटी पर गोली मार कर अपना प्राणांत करके अपने उस प्रण को पूरा किया था, जो अक्सर वह अपने साथियों के समक्ष इन शब्दों में व्यक्त किया करते थे- 'मेरी रिवाल्वर में आठ गोली हैं। एक मैगजीन अतिरिक्त। 15 गोली अंग्रेज आततायियों पर दागूंगा और सोलहवीं खुद पर।' इसे उन्होंने आखिरी सांस में पूरा भी किया। सवाल है कि आजाद भारत की सरकारें आज तक आजाद का जन्मस्थान और जन्म तारीख प्रमाणित करने की कोशिश तक क्यों शुरू नहीं कर पाईं? जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु के रहस्योद्घाटन के लिए आयोग बन सकते हैं तो चंद्रशेखर आजाद की जन्मतिथि और जन्मस्थान पता करने के लिए क्यों नहीं? केवल 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले..' से ही शहीदों के प्रति श्रद्धा प्रकट नहीं की जा सकती। आजाद के जीवन से जुड़े सही तथ्यों को जानना आजाद भारत के हर नागरिक का अधिकार है और सरकारों का कर्तव्य।

प्रभावित होती सरकार की छवि

डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था।

उत्तर प्रदेश पुलिस दुनिया की सबसे बड़ी संख्या बल वाली पुलिस है, जिसमें 2.25 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। विभाग में चल रही भर्ती को सरकार ने रद करके आगामी छह माह में पुनः परीक्षा की घोषणा की है। निसंदेह पुनः परीक्षा में सजगता देखने को मिलेगी, जिससे पेपर लीक को रोका जा सकेगा। पर इस विषय पर कुछ अधिक कहने और लिखने से पहले कुछ मूल तत्वों को भी जानना जरुरी है। कुल 60244 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा 16 से 18 के फरवरी मध्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 2385 केंद्र बनाकर आयोजित हुई थी। इस भर्ती के लिए दिसंबर 2023 में विज्ञापन निकाला गया था। 48.17 लाख ऑनलाइन आवेदन 27 दिसंबर 2023 से 16 जनवरी 2024 के मध्य प्राप्त हुए थे। किन्ही कारणों से लगभग 5.03 लाख आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा का निरस्त होना कई प्रश्नों को इक साथ जन्म देता है।

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था। 1500 से अधिक शिकायत साक्ष्यों के साथ अलग-अलग जगहों से भेजी गईं। भारी संख्या में युवाओं का दल लखनऊ में भी धरने पर रहा। अत्यधिक विरोध के पश्चात सरकार ने परीक्षा को रद करने और पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की। जिसके पश्चात् अभ्यर्थी उत्साहित भी दिखे, परन्तु यह सोचने और समझने का विषय है की जिस भर्ती में चयन के पश्चात अवसर प्राप्त होता उसी भर्ती को रद कराने के लिए युवाओं को लड़ना पड़ा। क्या यह पूरे प्रदेश के भर्ती प्रणाली पर बड़ा प्रश्न नहीं है? उत्तर प्रदेश में नई भर्ती होने की परीक्षा का पेपर लीक होना अब आम बात बन गया है। इसके पूर्व भी कई बार पेपर लीक हुआ है। सरकार कड़ी कार्यवाही करके या करने का भरोसा देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। यह कितना अनुचित और अव्यवहारिक है कि सरकार अपनी ही गलतियों से नही सीख रही और कड़े प्रबंधन करने में विफल है जिसका खामियाजा लाखों लोगों को उठाना पड़ रहा है। अनेक लोगों का एक साथ सपना टूटना कितना भयावह है इसका अनुभव आर्थिक, सामाजिक, और परिवारिक दबाव झेल रहा बेरोजगार युवा ही समझ सकता है।

अव्यवस्था का आलम अक्सर देखने को मिलता रहता है। दो लाख से अधिक युवाओं का परीक्षा केंद्र लखनऊ बनाया गया था जिससे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी जगह अव्यवस्था देखने को मिली। अव्यवस्था का आलम यह था की अधिकांश युवाओं को अगले दिन वापस जाने का इंतेजार करना पड़ा। पिछले वर्ष सरकार ने दो करोड़ लोगों को आगामी वर्षों में रोजगार देने की बात कही थी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी देने की भी बात सामने आई थी। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की भी सबसे नाजुक नब्ज रोजगार की है जिसके लिए प्रतिदिन धरना प्रदर्शन हो रहा है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो कई अलग-अलग भर्तियों के अभ्यर्थी न केवल केस लड़ रहे हैं बल्कि कुछ के पक्ष में न्याय होने के बावजूद रोजगार नहीं प्राप्त कर सकें। निजी क्षेत्रों में अवसर की कमी और नौकरी की असुरक्षा, भुगतान कम होना, और बढ़ती ठेका प्रणाली लोगों को सरकारी नौकरी के प्रति प्रेरित करती है। हाल के वर्षों में आई कोरोना आपदा ने इसमें आग में घी डालने जैसा कार्य किया है। राज्य सरकार को कई अन्य विकल्पों पर विचार करना चाहिए इसके लिए वह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर सकती है, क्योंकि अधिकांश युवा आज कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान से पूर्ण है। प्रश्नों के एक दो नहीं कई सेट तैयार किए जाए और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रयोग कर परीक्षा शुरू होने के कुछ सेकंड पहले प्रश्न पत्र लाइव किए जाए। राज्य सरकार भर्ती बोर्ड के सभी उच्च अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक कराई जा सके। केंद्र सरकर की कई इकाई है जो बिना दाग के वर्षों से सफल परीक्षा करा रही है उनका सहयोग भी लिया जा सकता है। परीक्षा में भागीदारी कम हो और राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उत्पादन क्षेत्र में कार्यरत कंपनियों को राज्य में अनुदान देकर आमंत्रित किया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए रोजगार सुरक्षा और योग्यता अनुरूप न्यूनतम भुगतान नियमावली बनाने से सरकार को रोजगार के क्षेत्र में लाभ होगा। कई गंभीर मुद्दों में से रोजगार का मुद्दा अहम् है ऐसे में सरकार प्रत्येक घर के एक सदस्य को रोजगार देकर भी अपना प्रभाव कायम रख सकती है। सरकार यदि समग्र रूप से इस विषय पर नहीं सोचेगी तो आगामी चुनाव में ये युवा कई लोकसभा क्षेत्र में न केवल गणित बिगाड़ सकते है बल्कि एक ऐसी छवि का निर्माण भी कर सकते है जो चल रहे विकास के पहियों को अवरुद्ध कर सकता है।

सोशल फोरम

इतिहास में अफवाह

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इतिहास को मिथकों ने ढक लिया है। इतिहास में अफवाहें घूम रही हैं। ये लोगों के विश्वास का अंग बन गई हैं। इतिहासकार भी अतीत के बारे में उतना नहीं जानते, जितना आज आम आदमी दावे के साथ बताता है। इतिहास को विषय बनाकर हाल के कई उपन्यासों ने साहित्य से ज्यादा अफवाहों की सेवा की। इस काम में राजनीति प्रेरित अधपढ़ विद्वानों, मीडिया और तकनीकी क्रांतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। अफवाह के प्रचार में भाषा यथार्थ का साथ छोड़ देती है और पेट्रोल की आग होती है।

इन दिनों कई कवि भी इतिहासकार हैं। उपन्यासकार भी इतिहासकार हैं। फिल्म बनाने वाले तो सबसे बड़े इतिहासकार बने हुए हैं। राजनीतिज्ञ इतिहासकार होते ही हैं। इतिहास कभी इतना असहाय न था। वर्तमान दौर में सबसे विध्वस्त इतिहास है। यह मानव भविष्य पर आक्रमण है!

इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है, यदि 'एलीट बुद्धिजीवी' और 'लोक' आज विपरीत ध्रुव पर हैं। लोकतंत्र के दुरुपयोग और अति-राजनीतिकरण का इससे भिन्न नतीजा नहीं हो सकता था कि लोग बड़े पैमाने पर 'आधुनिक प्रिमिटिविज्म' के शिकार हों।

समाज में 'संवेदनशीलता का संकट' आज चरम पर है। यह उत्तर-आधुनिक वैचारिक खोखलेपन की देन है। अब वे क्षमतावान हैं जो उदार न होकर पोस्ट माडर्न हैं। सभी रंग के उत्तर-आधुनिक विमर्श, जिनमें नव-धार्मिक विमर्श भी हैं, कट्टर पोस्ट माडर्न हैं। इनमें आधुनिकता के प्रमुख तत्वों- बुद्धिपरकता, समावेशी राष्ट्रीयता, लोकतांत्रिक चेतना और प्रगतिशील सोच का ही विरोध नहीं है, मानवीय मूल्यों से भी किनारकशी है।

दृष्टि में आधुनिक हुए बगैर उत्तर-आधुनिक होने का अर्थ समाज को पुरानी कट्टरताओं के अखाड़े में बदलना है। ऐसी घड़ियों में 'बहुलता' की प्रतिष्ठा न्यायपूर्ण सामंजस्य में न होकर निर्बुद्धिपरक अंतर्शत्रुताओं में होती है और एक सांस्कृतिक गृहयुद्ध की स्थिति आ जाती है, जिसकी कोई भी परिणति हो सकती है।

-फेसबुक वॉल से

महिलाओं को जोड़ने की नई पहल

सोनी मिश्रा
कानपुर

उत्तर प्रदेश में महिलाओं के वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए भाजपा की नजर स्वयं सहायता समूहों पर है। इसके लिए एनजीओ के बीच नेटवर्क मजबूत किया जा रहा है। पिछले चुनावो में महिलाओं का भाजपा की ओर बढ़ता रुझान देखकर इन महिलाओं को पार्टी में जोड़ने का कार्य शुरू भी कर दिया गया है।

बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में महिलाओं की जबरदस्त वोटिंग ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने में खासी भूमिका निभायी थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में 36 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा को वोट किया था बाकी पार्टियों को 41 प्रतिशत मिला था।

महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) के माध्यम से लाने का प्रयोग ओडिशा में बीजू जनता दल ने किया है। नतीजतन ओडिशा में पांच बार से नवीन पटनायक सत्ता में हैं। इन समूहों से जुड़ी सभी जातिवर्ग की महिलाओं में भाजपा की तरफ झुकाव भी देखा गया है। एक स्वयं सहायता समूह में न्यूनतम 10 और अधिकतम 20 महिलाएं होती हैं। उत्तर प्रदेश में 80 हजार के करीब ऐसे समूह है, जो महिला सशक्तिकरण का कारगर माध्यम हैं। केंद्र की मोदी सरकार इन्हें प्रोत्साहित करने की ओर पूरी तत्परता से लगी है। महिलाओं के कल्याण के लिए आरक्षण कानून के साथ ही लगभग दो दर्जन योजनाएं प्रभावी तौर पर चलाई जा रही हैं। योजनाओं के ही चलते देश में एक करोड़ लखपति दीदी बन चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य इनकी संख्या तीन करोड़ करने का है।

बीते दस साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता पर रखा है। घर, शौचालय, रसोई गैस जैसी योजनाएं तो महिलाओं के जीवन परिवर्तन का कारण हैं। अब उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सरकार ने राष्ट्रीय शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन भी शुरू किया है। सरकार ने सबसे अधिक ध्यान स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाकर उनसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को जोड़ने पर शुरू किया है। इनमें जुड़ी महिलाओं के चेहरे पर आत्मनिर्भरता का भाव देखा जा सकता है।

अब जरा तुलनात्मक आंकड़ा देखिए। यूपीए सरकार में भी स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की योजना स्वर्ण जयंती ग्राम योजना के नाम से संचालित थी, लेकिन उसका दायरा सीमित था। यूपीए शासन काल में सिर्फ 2.37 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी थीं, जबकि मोदी सरकार में यह संख्या 10 करोड़ पहुंच चुकी है। तब बैंक लिंकेज मात्र 22.9 हजार करोड़ रुपये का था, जबकि मोदी सरकार ने इसे 8.28 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया गया। मोदी सरकार ने सिर्फ स्वयं सहायता समूहों और उससे जुड़ी महिलाओं की संख्या ही नहीं बढ़ाई, बल्कि आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा भी उन्हें उपलब्ध कराई। 7.4 करोड़ महिलाओं को पीएम सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा। महिलाओं के सहयोग के लिए बैंकिंग सखी और बीसी सखी बनाई गईं। इससे आर्थिक प्रबंधन के परिणाम भी मिले और स्वयं सहायता समूहों ने भाजपा सरकार के प्रति महिलाओं में भरोसा बढ़ाया है।

अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं से ठगी

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पिछले दिनों केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने उद्घोष कर दिया है कि 'हम राम को लाए हैं' और प्रधानमंत्री ने श्रीराम की नई मूर्ति की यजमान बनकर प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी है। एतत्पश्चात् भारी संख्या में श्रद्धालु-राम-भक्तों के वहां आने का सिलसिला जारी है। हालांकि त्रेता युग वाले राम के समय वाली सुचारु व्यवस्था इस कलियुग में संभवन नहीं हो पा रही है। तब अपराध मुक्त साम्राज्य था। उस समय "सब मिलि करहिं परस्पर प्रीती'था। मलिनता के नाम पर केवल हवन के धुवें से होने वाली कालिमा ही थी,(मूलन ही की जहां अधोगति केशव गाइय। होम हुताशन धूम नगर एकै मलिनाइय) बाकी सब स्वच्छ ही था। इस समय आने वाले श्रद्धालु साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। आगंतुकों को कहीं न कहीं ठहरना भी होता है। जालसाजों ने फर्ज़ी वेबसाइटें बना रखी हैं और उन पर होटल,धर्मशालाओं के कमरों की बुकिंग हो रही है। श्रद्धालुओं से मोटी रकमें आन लाइन लेकर,उन्हें कमरे बुक कर दिए जाते हैं। अयोध्या पहुंचने पर भक्तगण पाते हैं कि या तो उस नाम का होटल,धर्मशाला वहां है ही नहीं या है तो उनके नाम की कोई बुकिंग उसमें नहीं है। वे मन मसोस कर रह जाते हैं। अब वे पुलिस थानों के चक्कर लगावें या दर्शन,पूजन करें!

असली राम के समय भूले भटके यदि कोई अपराध घटित हो जाता था,तो त्वरित दंड व्यवस्था होती थी। चाहे कार्यार्थी कुत्ते को न्याय देना रहा हो या शम्बूक वध। वर्तमान में सरकार डींगें चाहे जितनी मारे, साइबर ठगों से निपटने की उनके तंत्र में यथेष्ठ क्षमता नहीं है। या फिर पुलिस की मिलीभगत रहती है। मैं एक ठोस उदाहरण दे रहा हूं। वह मेरा अपना है। अयोध्या का तो नहीं किंतु अवध क्षेत्रांतर्गत लखनऊका है,जो प्रदेश की राजधानीहै। गत 22 दिसंबर,2022 को मैं एक छोटी साइबर ठगी का शिकार हुआ। पुलिस कमिश्नर को तत्काल ई-मेल किया। उनके आदेश पर नगर के थाना सुशांत गोल्फ सिटी में 2;जनवरी,2023 को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एक वर्ष से ऊपर हो गया है,कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई। इसे क्या कहा जाएगा; जब कि मैं स्वयं मजिस्ट्रेट रहा हूं। ऐसे में ऊपर संदर्भित सामान्य श्रद्धालुओं को न्याय मिलना दुष्कर ही प्रतीत हो रहा है।

संपत्ति के लिए बेटे ने मां-पिता को घर में बंद कर लगा दी आग

गुरसहायगंज, कन्नौज, अमृत विचार: एक बेटे ने संपत्ति के लिए बुजुर्ग माता-पिता को घर में बंद करके आग लगा दी और पत्नी के साथ फरार हो गया। आसपास के लोगों ने बचाया लेकिन गृहस्थी के सामान समेत बाइक जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू की है।

नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी रिटायर शाखा प्रबंधक प्रकाश नारायण चतुर्वेदी का कहना है कि उसका बड़ा पुत्र व पुत्रवधू घर के पिछले हिस्से में रह रहे हैं। रविवार की देर रात लगभग 11.45 बजे पुत्र व पुत्रवधू ने संपत्ति हड़पने की नीयत से घर में रखे गैस सिलेंडरों को गेट के पास रख दिया और घर के दरवाजे, खिड़कियों, बाइक, कार आदि पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसके बाद घर के जीने व मुख्य गेट को बंदकर फरार हो गए। चीख पुकार सुनकर पहुंचे मोहल्ले वासियों ने गेट का कुंडा तोड़कर परिजनों को बाहर निकाला और आग पर काबू पाया। आग बुझाने के प्रयास में पीड़ित प्रकाश नारायण, उनका पुत्र शिवम झुलस गए। घटना में बाइक, कार व घरेलू सामान जल गया। सूचना पर पहुंचे कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने पूछताछ कर जांच शुरू कर दी।

बहराइच में सांड़ के हमले में महिला की मौत

राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार : जनपद के माधवपुरवा गांव निवासी एक महिला पर सोमवार सुबह सांड़ ने हमला कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करेहना के मजरा माधवपुरवा निवासी राम दुलारी (53) पत्नी शोभाराम सोमवार दोपहर घर के बगल में खेत गई थी तभी आवारा सांड़ ने हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई। पति शोभाराम ने आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली नगर की पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हादसों से नहीं ले रहे सबक, बैठाईं जा रहीं क्षमता से ज्यादा सवारियां

फतेहपुर, अमृत विचार : कासगंज हादसे के बाद भी दोआबा के लोग सबक नहीं ले रहे और खुले आम ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर सफर कर रहे हैं। इन्हें न अपनी जान का डर है और ना ही दूसरों की। एआरटीओ और ट्रैफिक पुलिस इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही। जिले के मुख्यालय पर ही ट्रैक्टर-ट्रॉली व लोडर में सवारियां ढोने का सिलसिला यातायात नियमों की अनदेखी कर बदस्तूर जारी है। दो दिन पूर्व माघी पूर्णिमा पर मुख्यालय की सड़कों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली व लोडर में यात्रियों को बैठाकर फर्राटा भरते नजर आए। ऐसे वाहन हर मार्ग पर दिख जाएंगे। इन पर लगाम नहीं लगाई जाती।

उन्नाव में युवक की हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

उन्नाव, अमृत विचार: बारासगवर थानाक्षेत्र के गांव लालमन खेड़ा में युवक की कुल्हाड़ी से करने के मामले में कोर्ट ने 19 माह में सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी को दोषी ठहराया। अपर जिला जज ने उसे आजीवन कारावास के साथ 60 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

बता दें कि बारासगवर थानाक्षेत्र के लालमन खेड़ा गांव निवासी पुष्पराज पुत्र रामनरेश सिंह ने 9 मई-2022 को छोटे भाई रिंकू उर्फ पुष्पेंद्र की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसका भाई रिंकू उर्फ पुष्पेंद्र 8 मई-2022 को दोपहर धानी खेड़ा बाजार गया था लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। देर रात 1 बजे गांव के द्वारिका पासी ने उसके भाई का शव संकठा कुर्मी के खेत में पड़ा होने की सूचना दी थी। पिता रामनरेश सिंह ने गांव निवासी गोविंद पासी पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने गोविंद को जेल भेज दिया था। 19 माह के अंदर एडीजे-4 की कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई पूरी हुई।

एएनएम से दुष्कर्म में युवक दोषी करार

अयोध्या, अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्त एएनएम से दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई 27 फरवरी को होगी। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज यशपाल की अदालत से सोमवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय ने बताया कि उत्तराखंड की रहने वाली एक युवती रौनाही थाना क्षेत्र के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम के पद पर तैनात थी। 27 अगस्त 2019 की रात बड़ागांव का रहने वाला इमरान उसके आवास पहुंचा और दुष्कर्म किया। विरोध पर जान से मारने की धमकी। इमरान जेल में है। कोर्ट ने उसे घर में घुसकर दुष्कर्म करने का दोषी पाते हुए जेल भेज दिया।

अयोध्या में बरात से लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या

कांग्रेस जिलाध्यक्ष के भाई पर आरोप, अज्ञात पर केस दर्ज

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र में रविवार मध्य रात्रि बाद एक युवक की ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी गई। वह पूराकालंदर थाना क्षेत्र निवासी था और मिट्टी खनन व प्रॉपर्टी के व्यवसाय से जुड़ा था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पिता ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष के भाई समेत अन्य पर भी शक जताया है।

पूराकलंदर थाना क्षेत्र के ग्राम टोनिया, मउयदुवंशपुर निवासी विशाल यादव (25) रविवार देर शाम गांव निवासी मनीष यादव के वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के मक्खापुर गांव जा रहा था। उसके साथ गांव का एक अन्य युवक भी था। रात करीब साढ़े 11 बजे उसके पिता रामबली यादव ने फोन मिलाया तो विशाल का मोबाइल स्विच ऑफ मिला। बरात से लौट रहे एक व्यक्ति ने विशाल को घायल अवस्था में कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम मसिनिया स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में राम करन यादव के घर के पास देखा तो अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामवली ने आरोप लगाया कि मिट्टी खनन के विवाद में बेटे को नउवा कुंआ निवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष के भाई व महावा निवासी व्यक्ति ने चचेरे भाई की मुखबिरी पर हत्या कर दी।

रिश्वत लेने में पकड़ा गया लेखपाल निलंबित

राजपुर, कानपुर देहात, अमृत विचार: जमीन बंटवारे में रिपोर्ट लगाने के एवज में किसान से रिश्वत लेने के आरोपी लेखपाल व मारपीट करने वाले उसके भाई को एंटी करप्शन टीम के जेल भेजे जाने के बाद निलंबित कर दिया गया है। हल्के की जिम्मेदारी राजस्व निरीक्षक को दी गई है। बता दें कि सिकंदरा तहसील में तैनात लेखपाल संजीव कुमार सचान को शनिवार दोपहर राजपुर थाने के पास से एंटी करप्शन की टीम ने दमनपुर गांव निवासी किसान मन्ना सिंह की शिकायत पर 18 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोचा गया था। अकबरपुर कोतवाली में एंटी करप्शन टीम प्रभारी सुशील कुमार पाराशर की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सिकंदरा एसडीएम शिखा संखवार ने आरोपी लेखपाल को निलंबित कर दिया है।

सरकार युवाओं के साथ कर रही खिलवाड़

सैफई, संवाददाता इटावा

कटाक्ष

▸▸ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर लगाया पेपर लीक कराने का आरोप

अमृत विचार: सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर पेपर लीक कराती है। ये करके नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। पहले तो नौकरियां निकल नहीं रही हैं और सरकार नौकरी निकलवाती भी है तो उसका पेपर भी जानबूझकर लीक करा देती है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को अपने पैतृक गांव सैफई में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि जब पहली बार ही प्रदेश में पेपर लीक हुआ था, उसी समय कार्रवाई हो गई होती तो इस तरह पेपर लीक नहीं होते। पुलिस भर्ती, आरओ-एआरओ समेत तमाम परीक्षाओं की तैयारी कर रहे करीब 60 लाख युवा परेशान हैं। पेपर छपने से लेकर, पेपर बंटवाने तक में सरकार के लोग शामिल हैं। सरकार की नियत है कि नौकरी न देनी पड़े क्योंकि बजट नहीं है। नौकरी के नाम पर भी फॉर्म से एकत्रित रुपये का सरकार उपयोग कर रही है। आगरा में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के बाद रविवार देर शाम पैतृक गांव सैफई आए थे।

निलंबित किए गए केस्को के सहायक अभियंता

कानपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ .आशीष कुमार गोयल ने कम राजस्व वसूली और बिजली चोरी न रोक पाने पर सोमवार को लाटूश रोड के सहायक अभियंता सतीश चंद्र को निलंबित कर दिया। लापरवाही में कई अधिकारियों को चेतावनी दी। उन्होंने कार्यों की समीक्षा के साथ पनकी थर्मल पावर प्लांट का निरीक्षण भी किया। उन्होंने विकास नगर स्थित स्काडा में केस्को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व वसूली पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की।

पूर्व राज्यपाल ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने सोमवार को अपनी पुत्री के साथ अयोध्या पहुंचकर रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद सरयू नदी में नौका विहार का आनंद लिया। उन्होंने रामलला से देश के सुख-समृद्धि की कामना की। शाम को लखनऊ लौट गए।

पहले मतदान, फिर कुछ काम का लें संकल्प

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : हिन्दुत्व और देश, इस पर वोट दो और निर्वाचन के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करो। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के संचालन के लिए मतदान बहुत जरूरी है। ये बातें सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहीं। वो कारसेवकपुरम में चल रही विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल और प्रबंध समिति की बैठक के दूसरे दिन सोमवार को पारित हुए दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि आज शत-प्रतिशत मतदान और श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद अब रामराज्य की ओर विषय से संबंधित प्रस्ताव पारित हुए हैं। बैठक में अभी और कई बड़े प्रस्ताव और पारित किए जाने हैं जिन पर चर्चा जारी है।

उन्होंने कहा कि आज की बैठक में राष्ट्रहित में मतदान करें, मतदान शत प्रतिशत हो विषय से पारित प्रस्ताव को दरभंगा के जीवेश्वर मिश्रा ने रखा। जिसका अनुमोदन अजमेर की स्नेहलता पवार ने किया।

विहिप की बैठक में पारित हुए प्रस्तावों की जानकारी देते विहिप के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार।

इस प्रस्ताव में कहा गया है कि विश्व हिंदू परिषद का प्रन्यासी मण्डल हिंदू समाज का आह्वान करता है कि अपने निजी स्वार्थ, जातिगत अभिनिवेश, भाषावाद, सम्प्रदायवाद व क्षेत्रवाद आदि को छोड़कर राष्ट्रहित में मतदान जरूर करें। नोटा का प्रयोग कदापि न करें और यह सुनिश्चित करें कि मतदाता सूची में नाम हो। इतना ही नहीं पहले मतदान फिर कुछ और काम का सभी संकल्प भी लें। कार्याध्यक्ष ने बताया कि दूसरे प्रस्ताव को पटना के कामेश्वर चौपाल ने बैठक में प्रस्तुत किया।

जनजागरण अभियान चलाएगी विहिप

विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि विहिप आतंकवाद, नक्सलवाद व जिहाद के खिलाफ समाज मे जनजागरण अभियान चलाएगी। देश मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करें। इसके लिए विहिप के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों का आह्वान करेंगे। जाति-धर्म के आधार पर वोट न करने की अपील की जाएगी।

अभिलेख न देने पर सचिव निलंबित

कन्नौज, अमृत विचार :ग्राम पंचायतों के ऑडिट में अभिलेख न देने के मामले में सचिव को निलंबित कर दिया गया है। डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत हसेरन को जांच अधिकारी नियुक्त कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट मांगी है। निलंबन अवधि में सचिव ब्लॉक मुख्यालय कन्नौज से संबद्ध रहेंगे। डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने जारी किए आदेश में कहा है कि ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र के पनवारा, सारोंतोप व जलालपुर पंचमा के ग्राम पंचायत अधिकारी अशोक प्रजापति से पंचायती राज समिति की बैठक को लेकर तीन जनवरी तक ग्राम पंचायतों के व्यय के प्रमाणित अभिलेख मुहैया कराने को कहा गया था।

सार-संक्षेप

पीएचडी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 मार्च तक

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो . प्रतिभा गोयल के निर्देश पर पीएचडी सत्र 2023-24 के लिए कुल 29 विषयों में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई। पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो . फर्रुख जमाल ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा ऑनलाइन आवेदन व शुल्क के साथ अंतिम तिथि 15 मार्च तक निर्धारित की गई है। वहीं अभ्यर्थी विलम्ब शुल्क के साथ 23 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 20 अप्रैल को पीएचडी प्रवेश परीक्षा कराई जायेगी। मीडिया प्रभारी डॉ . विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश संबंधी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

प्रधानमंत्री ने आचार्य अभिषेक को स्कॉलरशिप दी

बांदा : मुंगुस ग्राम निवासी आचार्य अभिषेक शुक्ल ने वाराणसी से प्राचीन राजशास्त्रार्थ शास्त्र विभाग में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर बांदा जनपद का नाम रोशन किया। इसके लिए प्रधानमंत्री ने अपने दौरे पर स्कॉलरशिप देकर सम्मानित किया। इस सम्मान से उनके परिवारी जन और क्षेत्रवासी गदगद हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी दौरे पर विश्वनाथ वाराणसी मन्दिर न्यास द्वारा स्वतंत्रता भवन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेताओं के साथ ही संस्कृत के विभागों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्कॉलरशिप देकर सम्मानित किया, जिसमें आचार्य अभिषेक शुक्ल पुत्र आचार्य राजेश शुक्ल ने आचार्य की परीक्षा में विश्वविद्यालय में प्राचीन राजशास्त्रार्थ शास्त्र विभाग में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर बांदा का नाम रोशन किया है। आचार्य अभिषेक तिंदवारी के ग्राम मुंगुस निवासी हैं।

कुलपति डॉ. बिजेंद्र भारतीय सब्जी विज्ञान समिति के अध्यक्ष

कुमारगंज, अयोध्या : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रही स्वर्ण जंयती राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के सभी कृषि वैज्ञानिकों ने एकमत से विवि के कुलपति डॉ . बिजेंद्र सिंह को (आईएसवीएस) भारतीय सब्जी विज्ञान समिति का अध्यक्ष चुना है। इसके साथ ही संगोष्ठी का सोमवार को समापन हो गया। इस अवसर पर कृषि जगत में सब्जी विज्ञान के क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाले वैज्ञानिकों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व संगोष्ठी में वैज्ञानिकों ने सब्जी विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नवाचार, नवीन तकनीक, किसानों की दोगुनी आय, बंजर जमीनों के प्रयोग के बारे में बताया। संरक्षित खेती,जैविक एवं प्राकृतिक खेती, सब्जियों से पोषण सुरक्षा, दलहनी फसलों, सब्जी फसल जैसे मटर, टमाटर, बैंगन, करेला, तरोई, खीरा, मिर्चा आदि किस्मों पर विस्तार से चर्चा की। कृषि महाविद्यालय आजमगढ़ के एसोसिएट डीन डॉ . डीके सिंह व वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ . संजय पाठक के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

वैज्ञानिकों को अवॉर्ड देकर सम्मानित करते कुलपति।

किशोरी से दुष्कर्म करने पर 10 साल की सजा

उन्नाव। असोहा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 16 मार्च-2016 को थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी को लखनऊ जिले के गोसाईगंज थानांतर्गत कुल्लीखेड़ा निवासी रोहित रावत पुत्र स्व . रामबहादुर बहला-फुसलाकर भगा ले गया और उससे दुष्कर्म किया था। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कोर्ट में पीड़िता ने बयान देकर अपने संग दुष्कर्म की बात कही थी। साक्ष्य जुटाकर आईओ जितेंद्र बहादुर सिंह ने चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता चन्द्रिका प्रसाद बाजपेई की दलीलें सुनने के बाद एडीजे विवेकानंद विश्वकर्मा ने रोहित को 10 साल की सजा और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

बुआ की तेरहवीं में उन्नाव पहुंचे डिप्टी सीएम

उन्नाव। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपनी बुआ के तेरहवीं संस्कार में पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसके बाद लौटते समय स्थानीय सीएचएसी का निरीक्षण किया। पत्नी नम्रता पाठक के साथ पहुंचे डिप्टी सीएम ने सोमवार को बुआ के तेरहवीं संस्कार में पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। उनकी बुआ आग तापते समय झुलस गई थीं। इसके बाद उनका बीती 14 फरवरी को कानपुर के एलएलआर अस्पताल में निधन हो गया था। डिप्टी सीएम की बुआ की सोमवार को तेरहवीं थी। जहां डिप्टी सीएम ने पत्नी के साथ पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने फुफेरे भाई विनोद मिश्रा, भतीजे पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल मिश्र व अन्नू मिश्रा आदि से मिलकर उनको सांत्वना दी।

बुआ के चित्र पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि देते ब्रजेश पाठक।

पीएम से जो मांगा, वो सुलतानपुर को मिला : मेनका

अमृत भारत योजना

▸▸ सांसद ने सुना वर्चुअली उद्बोधन बोली- पीएम की पहल पर लंभुआ स्टेशन बेहतर बनाया जाएगा

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचार : अमृत भारत योजना अंतर्गत पुनर्विकास के तहत लंभुआ रेलवे स्टेशन का शिलान्यास एवं लोकार्पण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूदा सांसद मेनका संजय गांधी मौजूद रहीं।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर लंभुआ रेलवे स्टेशन बेहतर बनाया जाएगा। हाल ही में रेल विभाग 508 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन बनाने के लिए चुना था, जिसमें सुलतानपुर जनपद में लंभुआ रेलवे स्टेशन को भी चुना गया था। कार्यक्रम में बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। जिसमें सांसद के साथ सभी गणमान्य तथा आम जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम को देखी। लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से लंभुआ अमृत स्टेशन का बेहतर विकास किया जाएगा और यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। शिलान्यास के मौके पर सांसद मेनका गांधी ने कहा कि चुनाव के बाद से ही हमने हर एक दिन अपने क्षेत्र को सिर्फ सौगात देने में लगा दिया और अभी तक सौगात देते चले आ रहे हैं। हमने प्रधानमंत्री जी से जो मांगा वह हमें मिला। हमने कहा था कि सुलतानपुर वालों के लिए एक ट्रेन दी जाए, जिससे वह लखनऊ में जाकर अपना कामकाज निपटाकर शाम तक फिर घर वापस लौट सकें। मुझे यह भी सौगात दी गई और सुलतानपुर वालों को ट्रेन मिली। अमृत स्टेशन के रूप में चयनित होने पर विशेष रूप से लंभुआ रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा और निर्माण कार्य मजबूत होगा। हमने अपने कार्यकाल में क्षेत्र में ढेर सारे विकास किया और छोटी बड़ी समस्या का निस्तारण कराया। उन्होंने कहा कि हमने क्षेत्र को अच्छे अधिकारी और अच्छे पुलिस वाले भी दिए। कार्यक्रम में सांसद ने रेलवे को बेहतर बनाए जाने के लिए आयोजित प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं।



कार्यक्रम के दौरान सांसद को मांग पत्र देते लोग। अमृत विचार

प्रधानाचार्य के घर में खाना बनाना छोड़ा तो नहीं दिया प्रवेश पत्र

अयोध्या, अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के बीच एक बड़ा खुलासा हुआ है। प्रधानाचार्य ने पीड़ित छात्रा की माता द्वारा उनके घर पर खाना बनाना छोड़ देने पर प्रवेश पत्र ही नहीं दिया। डीआईओएस ने आरोपी प्रधानाचार्य को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा 26 फरवरी को जारी आदेश के अनुसार, बांगुर पुत्र अब्दुल सन्तार मिर्जापुर माफी द्वारा शिकायत की गई है कि उनकी पुत्री न्यू इरा पब्लिक स्कूल सहनवां दर्शननगर में कक्षा 10 की छात्रा है। उसकी मां विद्यालय की प्रधानाचार्या के घर पर खाना बनाती थीं। अस्वस्थता के उनके द्वारा प्रधानाचार्या के घर पर खाना बनाने का कार्य छोड़ दिया गया है। प्रवेश पत्र न देने के कारण हिंदी विषय की परीक्षा में छात्रा शबनम बानों सम्मिलित नहीं हो सकी। न्यू इरा पब्लिक स्कूल दर्शननगर की माध्यमिक शिक्षा की मान्यता नहीं है। प्रधानाचार्य ने गलत ढंग से संस्था में पंजीकरण कर लिया। डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार आर्या ने निर्देशित किया है कि छात्रा को प्रवेश पत्र तत्काल प्राप्त कराएं और प्राप्ति रसीद को उसी समय मोबाइल पर उपलब्ध कराएं। कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सालाना 15 करोड़ कारतूस का उत्पादन करेगा अडाणी का रक्षा कारखाना

कानपुर, अमृत विचार। अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की ओर से साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में शुरू किए गए दो मेगा प्लांट में से एक में कारतूसों का उत्पादन शुरू कर दिया गया है। पहले चरण में प्लांट में रायफल, लाइट मशीन गन और कार्बाइन की 150 मिलियन राउंड गोलियां बनेंगी। यह देश की सालाना जरूरत का एक चौथाई हिस्सा है। अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपों और हैंड ग्रेनेड का उत्पादन होगा।

- **घाटमपुर साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस का उद्घाटन**

बालाकोट हवाई हमले की पांचवीं वर्षगांठ पर हुए प्लांट का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। स्व सुरक्षा नाम से आयोजित समारोह में बताया गया कि 500 एकड़ क्षेत्र में फैले इसे प्लांट में उच्च गुणवत्ता वाले छोटे, मध्यम और बड़े कैलिबर के आयुधों का उत्पादन होगा। फिलहाल प्लांट में छोटे कैलिबर आयुध का उत्पादन शुरू हो चुका है। समारोह में रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर जोर देते हुए चीफ आफ आर्मी स्टाफ मनोज पांडे ने कहा कि हाल की भू-राजनीतिक घटनाएं इस बात पर जोर देती हैं कि लंबे समय तक चलने वाले आपसी संघर्ष की तैयारी के लिए आयुध की आंतरिक स्रोतों से विश्वसनीय आपूर्ति समय की सबसे महत्वपूर्ण मांग है।

प्रदर्शनी में तरह-तरह के ड्रोन और मिसाइलें

कानपुर। रक्षा उत्पादन प्लांट में लगाई गई उत्पादों की प्रदर्शनी में अत्याधुनिक व लंबी दूरी के उड़ान भरने वाले ड्रोन को खासतौर पर शामिल किया गया। इनमें छोटे आकार का टोही ड्रोन विभ्रम, बड़े आकार और लंबी दूरी तक उड़ान भरने वाला टोही ड्रोन 999, आकार में छोटा और दुश्मन के पैरों के निशान तक को कैप्चर करने वाला ड्रोन स्पॉट मिनी सहित अन्य ड्रोन प्रदर्शित किए गए थे। कारतूस में 5 .56-45 एमएम, 7 .62-51 एमएम व .338 लापुआ मेग्नम कारतूस को प्रदर्शित किया गया। अचूक मारक क्षमता वाली 9 एमएम ऑटोमैटिक गन अभय, 5 .56 एमएम ऑटोमैटिक गन अभय, 7 .62 एमएम गन जीत, 9 एमएम पीएलआर पिस्टल, 7 .62 एमएम गन अचूक को भी रखा गया।

कारबाइन से निशाना साधते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

सीएम ने लगाया निशाना, दागी गोली

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अडाणी के आयुध प्लांट का उद्घाटन करने के बाद शूटिंग रेंज का भी दौरा किया। उन्होंने वहां अत्याधुनिक हथियारों से निशाना लगाकर गोलियां भी चलाईं। सीएम का सटीक निशाना देखकर मौजूद लोगों ने ताली बजाई। इससे पहले समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले यूपी में जहां तमंचे लहराए जाते थे, आज युवाओं के हाथ में टैब है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 के जरिए 10 लाख 24 हजार करोड़ का निवेश धरातल पर उतारा गया है। निवेश वहीं होता है, जहां व्यक्ति के साथ पूंजी को भी सुरक्षित वातावरण मिले।

एक नजर

अकबर अत्याचारी और बलात्कारी था : दिलावर

जोधपुर : राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने एक भड़काऊ टिप्पणी में आरोप लगाया कि मुगल सम्राट अकबर महान नहीं बल्कि अत्याचारी और बलात्कारी था। विद्यालय पाठ्यक्रम में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर दिलावर ने रविवार को बालोतरा में संवाददाताओं से कहा कि अकबर बाजारों से लड़कियां मंगाता था और उनके साथ बलात्कार करता था। राजस्थान के विद्यालयों में अनिवार्य रूप से सूर्य नमस्कार कराये जाने पर उन्होंने कहा कि इसे धीरे-धीरे लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह शुरू हो गया है। कुछ ही दिनों में सूर्य नमस्कार सभी विद्यालयों में नियमित हो जाएगा।

संजय राउत के करीबी सुजीत पाटकर को मिली जमानत

मुंबई : एक मजिस्ट्रेट अदालत ने कथित जंबो कोविड केंद्र घोटाले से जुड़े एक मामले में सांसद संजय राउत के करीबी सहयोगी व कारोबारी सुजीत पाटकर को समानता के आधार पर जमानत देते हुए कहा कि अन्य आरोपियों को भी ऐसी ही राहत दी गयी है और आरोपपत्र दाखिल कर दिया गया है। बहरहाल, पाटकर जेल से बाहर नहीं आएंगे क्योंकि वह धन शोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में हैं जिसकी जांच ईडी कर रहा है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट एसपी शिंदे ने शुक्रवार को पाटकर को जमानत दी।

नवजोत सिद्धू कांग्रेस के लिए बोझ : मान

चंडीगढ़ : पंजाब के सीएम भगवंत मान ने सोमवार को कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू पर निशाना साधते हुए उन्हें एक बेकार दलबदलू बताया जो जिस भी पार्टी में शामिल होते हैं उसके लिए बोझ बन जाते हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, मान ने कहा कि ये नेता जो मानते हैं कि उन्हें शासन करने का दैवीय अधिकार है, वे यह बात हजम नहीं कर पा रहे हैं कि एक आम आदमी राज्य को कुशलतापूर्वक चला रहा है।

देश में गरीबी अब सबसे निचले स्तर पर : प्रधानमंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली

- नारी सशक्तिकरण और रोजगार के अवसर पैदा होने से बदली देश की तस्वीर
- एक समाचार चैनल के सम्मेलन में मोदी ने उपभोग के आंकड़ों का दिया हवाला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत में गरीबी अब अपने न्यूनतम स्तर पर है क्योंकि घरों में खपत एक दशक पहले की तुलना में ढाई गुना बढ़ गई है। एक समाचार चैनल के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि ग्रामीण भारत में खपत शहरी भारत की तुलना में तेज गति से बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि विभिन्न सेवाओं और सुविधाओं पर खर्च करने की लोगों की क्षमता बढ़ी है और अब उनके पास भोजन के अलावा अन्य चीजों का उपयोग करने के लिए अधिक पैसा है। मोदी ने कहा कि यह गांवों, गरीबों और किसानों पर हमारे ध्यान केंद्रित करने के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने ग्रामीण भारत को ध्यान में रखते हुए बुनियादी ढांचे का निर्माण किया, महिलाओं को सशक्त बनाया और रोजगार के नए अवसर पैदा किए। कहा कि भोजन पर खर्च किए जाने वाले धन का प्रतिशत अब पहली बार कुल घरेलू खर्च के 50 प्रतिशत से भी कम है। पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने वोट बैंक की राजनीति के चलते जानबूझकर लोगों को अभाव में रखा लेकिन उनकी सरकार ने सभी के संतुष्टिकरण का रास्ता चुना जिससे भेदभाव की कोई गुंजाइश नहीं रहती। उन्होंने कहा कि हम अभाव की राजनीति में नहीं बल्कि शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने की राजनीति में विश्वास करते हैं। हमने तुष्टिकरण नहीं किया है बल्कि लोगों की संतुष्टि का रास्ता चुना है। यही हमारा मंत्र रहा है।

वोट बैंक की राजनीति को प्रदर्शन की राजनीति में बदला

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने वोट बैंक की राजनीति को प्रदर्शन की राजनीति में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि अगर दुनिया अब यह सोचती है कि भारत लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है तो पिछले 10 साल में जो काम हुआ है, उसका लॉन्च पैड पीछे छूट चुका है। कहा कि अब दुनिया भारत के साथ चलने में ही अपना फायदा देख रही है। कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में विश्वास, मानसिकता, शासन में भारी बदलाव आया है और भारत आज जिस पैमाने पर काम कर रहा है, वह अभूतपूर्व और कल्पना से परे है। मोदी ने कहा कि हमारे तीसरे कार्यकाल में भारत के सामर्थ्य को नई ऊंचाई तक पहुंचाना है। विकसित भारत की संकल्प यात्रा में आने वाले पांच वर्ष हमारे देश की प्रगति और प्रशस्ति के वर्ष हैं।

चुनाव मोदी के राष्ट्रभक्तिपूर्ण नेतृत्व और परिवारवादी गठबंधन के बीच : शाह

सिलवासा : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि आगामी आम चुनाव में मतदाताओं को मोदी के राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नेतृत्व और परिवारवादी दलों के गठबंधन में से एक का चुनाव करना है। शाह ने यहां आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राम मंदिर के निर्माण और धारा 370 को निरस्त करने सहित देश की जनता से जो वायदे किए थे उसे पूरे किए हैं। कहा कि मोदी सरकार भारत को विश्व की बड़ी अर्थिक ताकत बनाने में लगी है जबकि वर्तमान विपक्ष जब सत्ता में था, भ्रष्टाचार में लिप्त था। इस कार्यक्रम में उन्होंने संघशासित प्रदेश दमन और दीव में लगभग 2448 करोड़ रुपये की 53 विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया तथा सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर दमन और दीव के प्रशासक प्रफुल्ल पटेल और केन्द्रीय गृह सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शाह ने कहा कि आज देश चुनाव की दहलीज़ पर खड़ा है और देश की जनता के सामने दो विकल्प हैं, एक ओर देशभक्ति से ओतप्रोत नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व और दूसरी ओर सात परिवारवादी पार्टियों का गठबंधन। उन्होंने कहा कि देश की जनता को तय करना है कि उसे भारत को दुनिया के पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने वाले प्रधानमंत्री मोदी का शासन चाहिए या 12 लाख करोड़ रूपए के घपले-घोटाले करने वालों का शासन।

जयशंकर, सीतारमण कर्नाटक से लड़ सकते हैं चुनाव : जोशी

हुबली: केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी लोकसभा चुनाव में कर्नाटक या अन्य राज्य निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ सकते हैं।

जोशी ने सोमवार को कहा कि डॉ. एस जयशंकर और निर्मला सीतारमण कर्नाटक या अन्य राज्य निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ सकते हैं। निर्वाचन क्षेत्र के बारे में अभी भी कोई स्पष्टता नहीं है। डॉ. जयशंकर और सीतारमण राज्यसभा सदस्य हैं। लोकसभा सीटों पर चर्चा के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक 29 फरवरी या मार्च के पहले हफ्ते में होने की संभावना है।

घोषणापत्र के लिए नड्डा ने शुरू किया अभियान

आमनज से सुझाव मांगने के लिए रथों को किया रवाना

एजेंसी, नयी दिल्ली

- लगभग एक करोड़ लोगों के सुझाव के बाद बनेगा घोषणापत्र

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगामी लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र के लिए लोगों से सुझाव मांगने की खातिर सोमवार को पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की और साथ ही विकसित भारत-मोदी की गारंटी रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नड्डा ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि देश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से हम लगभग 250 स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करेंगे और उनके सुझावों का भी हम अपने घोषणापत्र में समावेश करेंगे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इसके साथ ही पार्टी की ओर से एक विशेष मिस्ड कॉल नंबर जारी किया जाएगा और इसके जरिए भी लोगों से सुझाव मंगवाए जाएंगे। वीडियो वैन को विकसित भारत-मोदी की गारंटी रथ का नाम दिया गया है। इसमें भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है। नड्डा ने कहा कि ये वीडियो वैन सारे देश में जाएंगी और लगभग एक करोड़ से ज्यादा सुझाव पत्र हमारे पास 15 मार्च तक पहुंचेंगे और उनका समावेश करके हमारा संकल्प पत्र बनेगा, जो 2024 में विकास के लिए एक लंबी छलांग लगाने के लिए होगा। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगने का कार्य 15 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी का घोषणापत्र तैयार करने का काम प्रगति पर है।

सेना में चयनित दो लाख युवाओं के साथ हुआ अन्याय

एजेंसी, नयी दिल्ली

- कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आग्रह किया कि वह उन करीब दो लाख नौजवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करें, जिन्हें सेना की नियमित भर्ती में चयन होने के बावजूद सेवा में शामिल नहीं किया गया।

उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा इनकी भर्ती रोककर अग्निपथ योजना लाई गई, जिसके कारण इन युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। खरगे ने पत्र में कहा कि मैं आपको भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च अधिकारी के रूप में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे पर लिख रहा हूं। यह मुद्दा लगभग दो लाख युवाओं के भविष्य को लेकर है, जिनका भविष्य भारत सरकार के फैसलों के कारण अंधकारमय हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों की सेवा के लिए चयनित युवाओं से मैं हाल ही में मिला था। इन युवाओं को बेहद असंवेदनशीलता के साथ देशसेवा के अवसर से वंचित किया गया है। 2019 से 2022 के बीच लगभग दो लाख युवक और युवतियों को सूचित किया गया कि उन्हें तीन सशस्त्र सेवाओं, थलसेना, नौसेना और वायु सेना के लिए चयनित किया गया है।

इन युवक-युवतियों ने सेना में चयन हेतु मानसिक, शारीरिक और लिखित परीक्षा पास करने के लिए तमाम बाधाओं व कठिनाइयों के बावजूद संघर्ष किया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 31 मई, 2022 तक उन्हें विश्वास था कि उन्होंने अपने सपने पूरे कर लिए हैं और बस अपने ज्वाइनिंग लेटर का इंतज़ार कर रहे हैं। दुर्भाग्य से उस दिन भारत सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया को समाप्त करने और इसके स्थान पर अग्निपथ योजना लागू करने के निर्णय ने उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया।

गरीबों को कांग्रेस देगी हर माह पांच हजार रुपये

अनंतपुर : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आगामी आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनव और लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत सोमवार को राज्य के अनंतपुर में की और पात्र गरीब परिवारों को हर महीने 5,000 रुपये महीने देने का वादा किया। खरगे ने मासिक आर्थिक मदद को कांग्रेस की गारंटी करार दिया तथा कर्नाटक में पूरी की जा रहीं कांग्रेस की पांच गारंटियों और तेलंगाना में लागू की जा रहीं छह गारंटियों से बड़ा चुनावी वादा बताया। उन्होंने कहा कि यह वादा नहीं, गारंटी है। भारत में अन्य किसी राज्य ने ऐसा नहीं किया, लेकिन हम गरीबों के लिए वादा कर रहे हैं। हर गरीब परिवार को हर महीने उनके खाते में 5,000 रुपये मिलेंगे।

पिता से जुड़े सवालों से हो चुकी हूं परेशान : संघमित्रा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : अपने पिता के बारे में सवाल पूछे जाने पर सांसद संघमित्रा बिफर गईं। कहा कि वह पिता के बारे में दो-ढाई साल से पूछे जा रहे सवालों से परेशान हो चुकी हैं।

सोमवार सुबह सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य एसएसपी कार्यालय के पास अंडरपास के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंची थीं। कार्यक्रम के बाद वह पत्रकारों से मुखातिब हुईं। उन्होंने कहा कि जिले में 11 स्थानों पर लोकार्पण का कार्यक्रम हुआ था। केंद्र सरकार के आंतरिम बजट में 157 नए अमृत भारत स्टेशन का निर्माण कार्य होना है जिसके अंतर्गत बदायूं का भी एक रेलवे स्टेशन चुना गया है। अब बदायूं रेल सेवा से सीधे जुड़ेगा। एक पत्रकार ने सांसद के पिता स्वामी प्रसाद मौर्य के नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के गठन को लेकर सवाल किया तो सांसद बिफर गईं। कहा कि आप लोग पिता-पुत्री के सवालों से ऊपर उठें। वह दो से ढाई साल से पिता के बारे में पूछे गए सवाल सुन-सुनकर से परेशान हो चुकी हैं।

रंग नहीं, स्पर्श सही : राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में पर्पल फेस्ट के दौरान दिव्यांग बच्चों ने फूलों को छूकर महसूस की खुशी।

मध्यस्थों की नियुक्ति मामले में कोर्ट की भूमिका तय करे पूर्ण पीठ

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- पूर्ण पीठ नामित करने को मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा मामला

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मध्यस्थता कार्यवाही को लेकर 'कोर्ट' की भूमिका को परिभाषित करते हुए कहा कि मध्यस्थता और सुलह अधिनियम,1996 की धारा 29-ए के अनुसार घरेलू वाणिज्यिक मध्यस्थता के लिए उच्च न्यायालय और अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता के मामलों में सर्वोच्च न्यायालय मध्यस्थों की नियुक्ति के संबंध में निर्णय ले सकता है।

ऐसी व्यवस्था अधिनियम की दो अलग-अलग धाराओं 29ए(6) और 11 के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न न होने के लिए की गई है। अधिनियम की धारा 29ए (6) के तहत मध्यस्थों को प्रतिस्थापित करने की शक्ति अधिनियम की धारा 11 के तहत मध्यस्थों को नियुक्त करने की शक्ति के समान है। अगर किसी मामले में उक्त अधिनियम की धारा 29 ए के तहत वाणिज्यिक न्यायालय अपनी शक्ति का प्रयोग करता है जिसमें उच्च न्यायालय ने मध्यस्थ की नियुक्ति की है तो ऐसे में उच्च न्यायालय अधिनियम की धारा 29 ए(6) के तहत प्रतिस्थापन की शक्ति का प्रयोग कर सकता है। यह स्पष्ट है कि विधायिका की मंशा मध्यस्थ की नियुक्ति और उसे प्रतिस्थापित करने की शक्ति सिविल न्यायालय/वाणिज्यिक न्यायालयों को देने की नहीं थी।

मौजूदा मामले में जयप्रकाश इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अधिनियम की धारा 29ए(4), 29ए(5) के तहत आवेदन दाखिल कर मध्यस्थता कार्यवाही को पूरा करने की प्रार्थना की गई थी, जिस पर विचार करते हुए कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से न्यायिक अनुशासन के सिद्धांतों के अनुसार विभिन्न एकलपीठों द्वारा परस्पर विरोधी निर्णयों को निपटाने हेतु मामले में पूर्ण पीठ नामित करने के लिए मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया।

राज ठाकरे को राजग में शामिल करने की कोई जरूरत नहीं : अठावले

लातूर : केंद्रीय मंत्री और आरपीआई (ए) के अध्यक्ष रामदास अठावले ने सोमवार को कहा कि राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

अठावले ने यहां संवाददाताओं से कहा कि राज ठाकरे की पार्टी यदि भाजपा नीत गठबंधन से हाथ मिलाने के बजाय अकेले चुनाव लड़ती है तो उसे अधिक फायदा हो सकता है। मनसे के आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा, शिवसेना और राकांपा के 'महायुति' गठबंधन में शामिल होने की अटकलें चल रही हैं। मुंबई भाजपा के अध्यक्ष आशीष शेलार ने हाल में राज ठाकरे से उनके मुंबई स्थित आवास पर मुलाकात की थी। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री अठावले ने कहा कि मनसे को राजग में शामिल करने की कोई जरूरत नहीं है। मैं राजग के साथ हूं और मनसे को गठबंधन में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आरपीआई (ए) आगामी लोकसभा चुनाव में सोलापुर और शिरडी लोकसभा सीटों पर दावा करेगी और विधानसभा चुनाव के लिए भी कम से कम 8 से 10 सीटों पर दावा करेगी। अठावले ने कहा कि महायुति के नेताओं को लोकसभा चुनाव के लिए सीटों को अंतिम रूप देते समय आरपीआई को विश्वास में लेना चाहिए।

गैरसैंण में धामी सरकार को लग रही ठंड : रावत

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : बजट सत्र गैरसैंण में नहीं कराए जाने पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने सांकेतिक मौन व्रत रखा। उनके साथ पार्टी के कार्यकर्ता भी सांकेतिक मौन व्रत कार्यक्रम में शामिल हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार को गांधी पार्क में एक घंटे का सांकेतिक मौन व्रत रखा। मौन व्रत के समापन पर उपस्थित सभी ने रघुपति राघव राजाराम...भजन गाकर धामी सरकार की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की। रावत ने कहा कि सरकार द्वारा गैरसैंण की लगातार की जा रही अनदेखी के विरोध में यह मौन व्रत है। उन्होंने कहा कि हिमालयी राज्य की अवधारणा के साथ बने राज्य की सरकार को गैरसैंण में ठंड लग रही है। रावत ने बजट सत्र की अवधि को लेकर सवाल उठाए और कहा कि प्रचंड बहुमत और डबल इंजन के सात साल बाद भी सरकार यदि गैरसैंण में कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों एवं पत्रकारों के लिए मूलभूत व्यवस्थाएं तक जुटा पाने में समर्थ नहीं रही तो दोष किसको दिया जाए।

दून में बजट सत्र कराए जाने के विरोध में हरीश रावत ने रखा मौन व्रत। ● अमृत विचार

रुद्रपुर में दंपति ने की बेटी की गला दबा कर हत्या

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : ऊधम सिंह नगर में ऑनर किलिंग का एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है। शादीशुदा प्रेमी से मिलने पर माता-पिता ने नाबालिग बेटी की दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया है, दोनों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा भी बरामद हो गया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

सीओ सदर निहारिका तोमर ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि बीती 24 फरवरी को सूचना मिली कि पहाड़गंज में एक नाबालिग की हत्या कर दी गई है। हत्या छिपाने के लिए उसका शव रुद्रपुर से सटे रामपुर जिले के अजीम नगर के बजवाला स्थित कब्रिस्तान में दफनाने को ले जाया जा रहा है। सूचना पर रम्पुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी कब्रिस्तान पहुंचे और लड़की का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लड़की की गला दबाकर हत्या किए जाने का तथ्य सामने आया।

इसके बाद पुलिस ने माता-पिता से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने ऑनर किलिंग की बात कबूल ली। सीओ ने बताया कि बेटी का पड़ोस में रहने वाले शादीशुदा युवक से प्रेम प्रसंग था। माता-पिता ने बार बार मना किया लेकिन बेटी मानने को तैयार नहीं थी। वह बीती 23-24 फरवरी की रात को भी प्रेमी से मिलने गई थी। इस पर गुस्से में आकर माता-पिता ने नाबालिग की दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल दुपट्टा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों हत्यारोपी माता-पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। उन्हें सोमवार की देर सायं कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस की हिरासत में हत्यारोपी माता-पिता। ● अमृत विचार

ऑनर किलिंग

- नाबालिग बेटी के शादीशुदा प्रेमी से संबंध रखने पर थे नाराज
- शव दफनाने ले जा रहे थे बिलासपुर, पुलिस को भनक लगने से खुल गई

मौलाना तौकीर रजा पर कार्रवाई करें एसएसपी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पंडित सुशील पाठक ने मुख्यमंत्री से की थी शिकायत

अमृत विचार : आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा के जेल भरो के आह्वान पर नौ फरवरी को इस्लामिया ग्राउंड में भीड़ इकट्ठी होने के बाद शहामतगंज में हुए बवाल के मामले में शासन ने एसएसपी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

इस मामले में कुछ दिन पहले श्री शिरडी साई सर्वदेव मंदिर के महंत पंडित सुशील पाठक ने मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। इसमें कहा गया था कि मौलाना तौकीर कई बार शहर की शांति के लिए खतरा बन चुके हैं। नौ फरवरी को भी उनके भड़काऊ बयानों के कारण शहामतगंज में दंगा होने से बच गया था। पंडित सुशील पाठक ने शिकायत में यह भी कहा था कि मौलाना तौकीर अक्सर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ भड़काऊ भाषण देते हैं लेकिन प्रशासन भाजपा के एक बड़े नेता की वजह से कोई कार्रवाई नहीं करता है। वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय के संयुक्त सचिव अजय कुमार ओझा ने एसएसपी को इस मामले में कार्रवाई करने को कहा है।

अदालत से सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय तटरक्षक बल में स्थायी कमीशन दिए जाने पर की सुनवाई

महिलाओं को स्थायी कमीशन दें, नहीं तो हम देंगे

एजेंसी, नई दिल्ली

- तटरक्षक बल ऐसी नीति बनाए जो महिलाओं के लिए निष्पक्ष हो

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र से यह सुनिश्चित करने को कहा कि महिलाओं को भारतीय तटरक्षक बल में स्थायी कमीशन मिले और यदि सरकार ऐसा नहीं करती तो वह खुद यह सुनिश्चित करेगा। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि महिलाओं को वंचित नहीं रखा जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी की इन दलीलों का संज्ञान लेते हुए कहा कि शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों (एसएससीओ) को स्थायी कमीशन देने में कुछ कार्यात्मक और परिचालन संबंधी कठिनाइयां हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि परिचालन आदि संबंधी ये सभी दलीलें वर्ष 2024 में कोई मायने नहीं रखतीं। महिलाओं को (वंचित) छोड़ा नहीं जा सकता। यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो हम ऐसा करेंगे। इसलिए उस पर एक नजर डालें। अटॉर्नी जनरल ने पीठ को यह भी बताया कि मुद्दों को देखने के लिए भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) द्वारा एक बोर्ड स्थापित किया गया है। पीठ ने समयाभाव के कारण याचिका की अगली सुनवाई के लिए शुक्रवार का दिन निर्धारित करते हुए कहा कि आपके बोर्ड में महिलाएं भी होनी चाहिएं। इससे पहले पीठ ने कहा था कि तटरक्षक बल को ऐसी नीति बनानी चाहिए, जो महिलाओं के लिए निष्पक्ष हो।

पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण अपना रही केंद्र सरकार

शीर्ष अदालत भारतीय तटरक्षक अधिकारी प्रियंका त्यागी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें बल की पात्र महिला 'शॉर्ट-सर्विस कमीशन' अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने की मांग की गई थी। पीठ ने तब कहा था, 'आप नारी शक्ति की बात करते हैं। अब इसे यहां दिखाएं। आपको एक ऐसी नीति बनानी चाहिए, जो महिलाओं के साथ न्याय करे।' न्यायालय ने यह भी पूछा था कि क्या तीन सशस्त्र बलों थलसेना, वायुसेना और नौसेना, में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने के संबंध में शीर्ष अदालत के फैसले के बावजूद केंद्र सरकार अब भी पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण अपना रही है।

दिल्ली मॉडल दिखा रहा पूरे देश को नई दिशा

एजेंसी, नयी दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज दिल्ली मॉडल पूरे देश को नई दिशा दिखा रहा है जिसके तहत हमने शानदार स्कूल-अस्पताल बनाए, बिजली-पानी ठीक किया और गली-गली में मोहल्ला क्लीनिक बनवाए।

केजरीवाल ने विधानसभा में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सोमवार को कहा कि आज दिल्ली मॉडल पूरे देश को नई दिशा दिखा रहा है। आप की सरकार दिल्ली के अंदर जो काम कर रही है वह 75 साल के अंदर नहीं हुआ। इस मॉडल के तहत पूरे देश का विकास हो सकता है। कहा कि आज पूरे देश के लोग मानते हैं कि दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम हुआ है। हमने शिक्षा के ऊपर सबसे ज्यादा निवेश किया है। इससे कई सारे सरकारी स्कूलों का कायाकल्प हुआ। इसका सबसे बड़ा सबूत यह है कि करीब चार से पाँच लाख बच्चों ने प्राइवेट स्कूल से अपना नाम कटवाकर सरकारी स्कूल में दाखिला लिया है।

धर्म दर्शन

भारत भाव रूप श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण भारत के लोकजीवन में वर्तमान हैं। देश में हजारों-हजारों ही सांस्कृतिक-समूह हैं और वे अपने-अपने भाव के साथ श्रीकृष्ण के पास रहते हैं, उपासना अर्थात् पास बैठना या यों कहें कि श्रीकृष्ण उनके भावों में प्रत्यक्ष ही रहते हैं। भारत में जितनी भी सांस्कृतिक-धाराएं हैं, वे लगभग सभी किसी न किसी रूप में श्रीकृष्ण में समाहित हो गईं हैं और वे सब वर्तमान हैं, किताब की बात नहीं, जीवन की बात है, इसलिए अब किताब का भी क्या काम?

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चित्रकार इन भाव भावनाओं के आधार पर चित्र बना रहे हैं, मूर्तिकार मूर्तियां गढ़ रहे हैं, गवैए गीत गा रहे हैं, नर्तक नृत्य कर रहे हैं, कवि कविता रच रहे हैं, कथाकार कथा सुना रहे हैं। कीर्तनकार कीर्तन कर रहे हैं। नर नारी भांति-भांति के लोकगीत गा रहे हैं। कोटि कोटि जन कृष्ण भाव को लेकर ब्रज भूमि, द्वारिका, कुरुक्षेत्र आदि की यात्रा करते हैं। कृष्ण चेतना का आंदोलन इस्कॉन तो अब विश्वव्यापी बन चुका है। अमेरिका में वृंदावन की प्रतिष्ठा हो चुकी है। बंगाल की कहावत है धान बिना खेत नहीं, कान्हा बिन गीत नहीं। श्रीकृष्ण हरि भी हैं न, हरिमन्दिर साहब में भी हरि के रूप से विराजमान हैं।

यदुकुलः द्वारकानाथ : वृष्णिवीर देवकीनन्दन, वसुदेवनन्दन, वासुदेव, यदुनन्दन, यदुकुलनन्दन, अन्धक-वृष्णिनाथ, दाशार्हनन्दन, जदुनाथ, जदुराई, यदुवीर, यदुवंश-विवर्धन, यदुसुखावह, यदु-कुलश्रेष्ठ, शौरि, यादवेश्वर, यादवनन्दन। वृष्णिशार्दूल, वृष्णिकुलोद्वह, वृष्णिनन्दन, वृष्णिसत्तम। इस बात के अनेक सन्दर्भ मिलते हैं कि कृष्ण यदुवंशियों के कुलदेवता के रूप में पूज्य थे। वज्रनाभ कृष्ण की वंश-परम्परा में था और उसने कृष्ण की स्मृति में मन्दिरों का निर्माण कराया। पाञ्चरात्र-परंपरा में वृष्णिवीरों की पूजा तथा वृष्णिवीरों का तात्त्विक-विवेचन है।

श्रीकृष्णः महाभारत-संदर्भ महाभारत-संदर्भ से जुड़े हुए कृष्ण के नाम हैं- पार्थसारथि, पार्थमित्र, गीतागायक, द्रौपदी की लाज राखी, साग विदुरघर खाई, पांचौ पंडा छठे नारायन, कौन्तेयप्रियवन्धु, पाण्डुरर्जुन-वल्लभः ।

गोप-संस्कृतिपरक- "आभीरेन्द्रसूनुः। कढ़िगौ अंबीर पै 'अहीर कौं' कढ़ें नहीं। सूरदासजी का एक पद है-हम तौ नन्द-घोष के बासी। नाम गुपाल जाति कुल गोपक, गोप-गुपाल उपासी। गोविन्द और गोपाल नाम बहुत व्यापक हैं तंत्रशास्त्र में गोपालसुंदरी की आराधना है। गोपाल-चूड़ामणि, गो-गोप संघावृत, गोपस्त्री-परिवेष्टितो जैसे नाम गोपाल-सहस्रनाम में हैं। 'आगें गाय पाछें गाय इत गाय उत गाय गोविंद को गायन में बसिबौ ही भावै। 'गोपी ग्वाल गाय गोसुत-हित सात दिवस गिरि लीन्हों।' गाय और गाय की विभूति से संबंधित सभी नाम गोप-संस्कृति के सन्दर्भ-सूत्र हैं, जैसे-नवनीतप्रिय, छाछपिबइया, माखनचोर। 'सोभित कर नवनीत लिये।' गोकुलनाथ, गोकुलचन्द्रमा, गोकुलेश, गोवर्धननाथ, गोलोकनाथ। श्रीकृष्ण को गोविन्द गोपाल नाम ही प्रिय हैं, द्वारकानाथ, त्रिलोकीनाथ नाम उन्हें नीरस प्रतीत होता है -प्यारौ नाम गोबिंद गुपाल कों बिहाय हाय, ठाकुर त्रिलोक के कहाय करि हैं कहा? (रत्नाकर)-संस्कृति लोक-जीवन में प्रवाहित होती है। उपासक-समूह उपास्य-तत्त्व की रचना करता है। इस दृष्टि से गोप, आभीर, गूजर जनजातीय-तत्त्व महत्त्वपूर्ण हैं।

तमिलनाडु में आयर कहलाने वाले ग्वाल लोग मुल्लै वन-प्रान्त में गाय चराते और कण्णन के गीत गाते थे। क्या ये वे ही लोग हैं, जो यादवों के साथ दक्षिण-मथुरा चले गए थे? आगे चलकर हमें यादव-गोप और आभीर जातियां एक-दूसरे में समाहित होती हुई दृष्टिगत होती हैं, जिनका देवता 'गोपाल' है। रांगेयराघव ने आभीरों को गोपालदेवता का उपासक बताया है, जो ई.पू. 1500 में आक्रमण करते हैं। अर्जुन पर आभीरों के आक्रमण का उल्लेख भागवत में भी है। रांगेयराघव के अनुसार ई.पू.800के लगभग 'कृष्ण' आभीर देवता-गोपाल में अन्तर्भुक्त हुए थे। अहीर की छोहरियां छछिया भर छाछ पै नाच नचावें। (रसखान) तथा 'हम तौ निपट अहीर बाबरी जोग दीजिये जानन' (सूरदास)। गोप-संस्कृति के सन्दर्भ में डॉ.चन्द्रभान रावत का यह मत ध्यान देने योग्य है कि -कृष्ण का व्यक्तित्व कुछ दिन के लिए यादवों, वृष्णियों और सात्वतों के हाथ से छूट गया और उसका विकास कुछ ऐसी घूमन्तू पशुपालक-जातियों में हुआ, जो भारत में बहुत पहले ही आ गई थीं, जो बौद्धिक अनुष्ठानों से अधिक महत्त्व अपनी स्वच्छन्द भावात्मक संस्कृति को देती थी, जिनका लोक-साहित्य सरस और प्रेमपरक था। एक गोप के रूप में कृष्ण का विकास हुआ। अपने घूमन्तू-जीवन में कृष्ण ब्रजभूमि में पलती-पनपती अन्य संस्कृतियों के सम्पर्क में भी आए और धीरे-धीरे उन सबका विलयन गोपसंस्कृति में हो गया।

श्रीकृष्णः परब्रह्मः रस

परब्रह्म श्रीकृष्ण के नाम हैं-अव्यय, अधिदेव, अच्युत, अनन्त, अनादि, अखण्ड, अव्यक्त, भूतेश्वर, भूतपति, सनातन, विश्वतोमुखी, आदिकर्ता निर्गुणोनित्यो, आनन्दकन्द सच्चिदानन्द। अप्रकट-परब्रह्म पुरुषोत्तम हैं और प्रकट-परब्रह्म श्रीकृष्ण हैं। ब्रह्म की अवधारणा कृष्ण-अवतार में समाहित होती हैं। श्रीकृष्ण परब्रह्म के पर्याय बन जाते हैं - "परब्रह्म तु कृष्णोहि सच्चिदानंदकं बृहत्।" (वल्लभाचार्य)

कृष्ण में नारायण तथा विष्णु की अन्तर्भुक्ति

भगवान नारायण, जनार्दन, मधुसूदन, मुकुन्द, गरुड़गोविन्द, शेषशायी, मुरारि, केशव, गरुड़ध्वज, माधव, पुरुषोत्तम, श्रीनाथ, दीनानाथ, बैकुण्ठनाथ, पुण्डरीकाक्ष, कमलनाभ, पद्मनाभ, चक्रधर, चक्रपाणि, चक्रगदाधर, शंखचक्र-गदापाणि, गदाधर, उपेन्द्र, दामोदर, श्रीपति, श्रीधर, श्रीनिधि, शार्ङ्गधनुर्धर, शार्ङ्गी, सत्य, सुपर्णकेतु, मधुपति, त्रिविक्रम, जगतपिता, जगदीश, जगद्गुरु, क्षीराब्धिशयन:, पुण्यश्लोक आदि कृष्ण के ऐसे नाम हैं, जो कृष्ण में नारायण तथा विष्णु की अन्तर्भुक्ति के प्रतीक हैं।

भक्ति ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ट साधन

रामानुजम् के अनुसार अपने अराध्य अथवा भगवान के दासत्वव की प्राप्ति ही भक्ति है। श्रीहरि विष्णु के लोक वैकुण्ठ में श्री, भू, लीला देवियों के साथ नारायण की सेवा करना ही परम पुरूषार्थ है। मुक्ति की प्राप्ति उपासना (भक्ति या आराधना) से ही होती है। सकर्मक क्रिया या उपासनात्मक भक्ति ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ट साधन है। मुक्ति का दूसरा साधन आराध्य के प्रति गहन ध्यान के साथ भगवान के प्रति पूर्ण शरणागति है। नारायण, विभु (सर्वव्यापक) तथा 'भूमा' (ऐश्वर्य)हैं, उनके चरणों में आत्म समर्पण से ही जीव को शांति मिलती है। उनकी प्रसन्नता से ही मुक्ति की प्राप्ति संभव है। अतः सब कुछ त्याग कर उनकी शरण लेनी चाहिए। वैष्णव संप्रदाय के सर्वसम्मानित आचार्य, वेदान्त दर्शन में "विशिष्टा द्वैतवाद" के प्रवर्तक, सगुणों पासक रामानुजम्, छूआछूत और जातिवाद के घोर विरोधी थे। उनके अनुसार "व्यक्ति की पहिचान जाति नहीं, उसके गुणों के आधार पर होनी चाहिए।" शंकराचार्य जी के "ब्रह्मं सत्यं जगन्मिथ्या"(ब्रह्म सत्य है और जगत मिथ्या है) का खंडन करते हुए उनका तर्क था कि यदि ब्रह्म या ईश्वर सत्य है तो उसी की निर्मिति (निर्माण) जगत असत्य कैसे हो सकता है? शंकराचार्यजी के 'मायावाद' का खंडन के उनके प्रमुख तर्क "सप्तानुपत्ति" कहलाते हैं। सगुण ब्रह्म के उपासक आचार्य रामानुज "आत्मा" और "ब्रह्म" में अंतर स्पष्ट करते हुए कहते हैः- (क)=आत्मा अणु है और ब्रह्म विभु (सर्वव्यापक) है। (ख)=ब्रह्म जहां पूर्ण और अनन्त हैं, आत्मा ब्रह्म पर पूरी तरह निर्भर उनका अंश मात्र है। (3)=जैसे अंश, सदैव अंश ही रहता है, कभी पूर्ण नहीं हो सकता है, गुण, गुण ही रहता है कभी द्रव्य नहीं हो सकता है, उसी प्रकार आत्मा भी कभी ब्रह्म या ईश्वर भी नहीं हो सकता है। उनका स्पष्ट मत है कि मोक्ष प्राप्ति के बाद, आत्मा सर्वसत्तात्मक सर्वोच्च परमेश्वर में विलीन न होकर ब्रह्मवत् या ब्रह्म के समान हो जाने पर भी अपना पृथक् अस्तित्व बनाये रखता है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

तृप्तिदायक हे दिव्य सोम

तृप्तिदायक हे दिव्य सोम! मित्र, वरुण, इन्द्र, अग्नि, बृहस्पति एवं विष्णु आदि देवताओं को संतुष्ट करने के लिए, यज्ञों की निर्विघ्न सफलता एवं उनके विस्तार के लिए हम आपको यज्ञशाला में स्थापित करते हैं। नियम पूर्वक ग्रहण किए गए हे सोमदेव! अपने स्थान से कभी विचलित न होने वाले, स्थिर रहने वालों में अग्रगण्य, आप स्थिर निवास वाले "ध्रुव" नाम से विख्यात हैं। स्थिर चित्त वाले हम याजक, आपको कल्याणकारी देवताओं की संतुष्टि के लिए यज्ञशाला में स्थापित करते हैं। इंद्रदेव शत्रुओं का विनाश करते हुए हमारी संतानों को सद्बुद्धि प्रदान करें।

हे पात्र! आप दिव्य प्रकाश को धारण करने वाले वर्चस्वी हैं। हमारे प्राण वायु, उदान वायु एवं व्यान वायु को तेज प्रदान करें। आप हमारे मन, वाणी एवं कर्म में तेजस्विता की स्थापना करें। हमारे नेत्रों एवं कर्ण इंद्रियों को दिव्य शक्ति से संपन्न बनाएं। हे तेजस्विता प्रदान करने वाले! हमारी आत्मा में वर्चस् जागृत करें, हमारे ओज में वर्चस् जागृत करें, हमारे आयुष्य में वर्चस् जागृत करें। पृथ्वी के समस्त प्राणियों एवं प्रजाओं को तेज प्रदान करने की कृपा करें। साधकगण अपनी रक्षा के निमित्त, दिव्यशक्ति से संपन्न, ऐश्वर्य एवं पराक्रम प्रदान करने वाले, जल की वर्षा करने वाले इंद्रदेव का मरुदगणों के साथ आवाहन करते हैं।

हे ग्रहों (पात्रों) आपको मरुदगणों सहित इंद्रदेव की तृप्ति के लिए नियमानुसार ग्रहण किया गया है। यह आपका मूल स्थान है। मरुतों को बल एवं प्रसन्नता प्रदान करने के लिए आपको यहां स्थापित करते हैं। हे मरुत् वान इंद्रदेव! अपनी प्रसन्नता के लिए आप तृप्तिदायक सोम का पान करें और दुराचारियों से युद्ध करें। इस पोषक मधुर सोमरस को पेट भरकर पिएं। अद्वितीय शौर्यवान्, यज्ञों का विस्तार करने वाले हे इंद्र! प्रजा की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाले राजा की भांति, आप याजकों को ऐश्वर्य प्रदान कर, उनकी इच्छाएं पूर्ण करें। याजकों द्वारा सम्मानित हे इंद्र! आप उन्हें बलवान बनाएं। हे ग्रह (पात्र) नियमपूर्वक ग्रहण किए गए आपको महान इंद्रदेव की तृप्ति तथा प्रसन्नता के लिए नियुक्त करते हैं। यही आपका स्थान है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

प्रेमपंथ ऐसो कठिन

रवींद्रनाथ के एक उपन्यास में एक युवती अपने प्रेमी से कहती है कि मैं विवाह करने को तो राजी हूं, लेकिन तुम झील के उस तरफ रहोगे और मैं झील के इस तरफ। प्रेमी की बात समझ के बाहर है। वह कहता हैः तू पागल हो गई है? प्रेम करने के बाद लोग एक ही घर में रहते हैं। उसने कहा कि प्रेम करने के पहले भला एक घर में रहें, प्रेम करने के बाद एक घर में रहना ठीक नहीं, खतरे से खाली नहीं। एक-दूसरे के आकाश में बाधाएं पड़नी शुरू हो जाती हैं। मैं झील के उस पार, तुम झील के इस पार। यह शर्त है तो विवाह होगा। हां, कभी तुम निमंत्रण भेज देना तो मैं आऊंगी। या मैं निमंत्रण भेजूंगी तो तुम आना। या कभी झील पर नौका-विहार करते अचानक मिलना हो जाएगा। या झील के पास खड़े वृक्षों के पास सुबह के भ्रमण के लिए निकले हुए अचानक हम मिल जाएंगे, चौंक कर, तो प्रीतिकर होगा। लेकिन गुलामी नहीं होगी। तुम्हारे बिना बुलाए मैं न आऊंगी, मेरे बिना बुलाए तुम न आना। तुम आना चाहो तो ही आना, मेरे बुलाने से मत आना। मैं आना चाहूं तो ही आऊंगी, तुम्हारे बुलाने भर से न आऊंगी।

इतनी स्वतंत्रता हमारे बीच रहे, तो स्वतंत्रता के इस आकाश में ही प्रेम का फूल खिल सकता है। एक तो साधारण प्रेम है जिसको तुम जानते हो। इस प्रेम ने तुम्हारे जीवन को नरक बना दिया है। इस प्रेम की बात नहीं कर रहा प्रेम-पंथ ऐसो कठिन! यह तो कठिन है ही नहीं। यह तो बड़ा सरल है। दुनिया में सभी इसको सम्हाल लेते हैं। इसमें कठिनाई क्या होगी? हर घर में चल रहा है, हर परिवार में चल रहा है, हर व्यक्ति में चल रहा है। यह तो बड़ा सरल है। इससे ऊंचा एक प्रेम होता है। उसको प्रेम में गिरना नहीं कह सकते। उसको हम कहेंगेः प्रेम में होना, बीइंग इन लव। वह बड़ी और बात है। उसका स्वभाव मैत्री का है। खलील जिब्रान ने ठीक कहा है कि सच्चे प्रेमी मंदिर के दो स्तंभों की भांति होते हैं। बहुत पास भी नहीं, क्योंकि बहुत पास हों तो मंदिर गिर जाए। बहुत दूर भी नहीं, क्योंकि बहुत दूर हों तो भी मंदिर गिर जाए।...देखते हो ये स्तंभ, जिन्होंने च्वांग्त्सु-मंडप को सम्हाला हुआ है? ये बहुत पास भी नहीं हैं, बहुत दूर भी नहीं हैं। थोड़ी दूरी, थोड़े पास। तो ही छप्पर सम्हला रह सकता है। एकदम पास आ जाएं तो छप्पर गिर जाए; बहुत दूर हो जाएं तो छप्पर गिर जाए। एक संतुलन चाहिए। असली प्रेमी न तो एक-दूसरे के बहुत पास होते हैं, न बहुत दूर होते हैं। थोड़ा सा फासला रखते हैं, ताकि एक-दूसरे की स्वतंत्रता जीवित रहे। ताकि एक-दूसरे की स्वतंत्रता में व्याघात न हो, अतिक्रमण न हो। ताकि एक-दूसरे की सीमा में अकारण हस्तक्षेप न हो। प्रेम में होने का अर्थ होता हैः हम पास भी होंगे इतने कि हमें एक-दूसरे से कोई भय का कारण नहीं, और हम इतने दूर भी होंगे कि हम एक-दूसरे को रौंद भी न डालेंगे, हमारे बीच आकाश होगा। और तुम्हारा निमंत्रण होगा तो मैं आऊंगा, और मेरा निमंत्रण होगा तो तुम मेरे भीतर आओगे। मगर निमंत्रण पर। यह हक न होगा, अधिकार न होगा।

-ओशो

प्रदेश

धारा 17 के तहत अधिग्रहित भूमि पर भूस्वामी माना जाएगा अतिक्रमणकर्ता

▸▸ याचिका खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

विधि संवाददता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी देते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम,1894 की धारा 17 के तहत अधिगृहित भूमि अधिसूचना की तारीख से 15 दिनों के बाद बिना किसी बाधा के सरकार में निहित हो जाती है। अधिनियम के तहत अवार्ड पारित करना भी आवश्यक नहीं है। ऐसी भूमि पर कुछ वर्षों के बाद कब्जा करना संविधान के अनुच्छेद 300-ए के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने दीपक शर्मा की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने आगे सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जिस भूस्वामी की भूमि धारा 17 के तहत अधिगृहित की गई है, वह सरकार द्वारा अर्जित भूमि पर अतिक्रमणकर्ता होगा। ऐसे में उस भूमि के संबंध में राज्य को परमादेश जारी नहीं किया जा सकता। मालूम हो कि वर्ष 2006 में उत्तर प्रदेश सरकार ने उक्त अधिनियम के तहत अधिसूचना जारी कर याची की भूमि अधिग्रहित कर ली थी। वर्ष 2010 में जिला मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्ध नगर द्वारा अवार्ड भी पारित कर दिया गया था। उसके बाद याची ने भूमि के एक हिस्से की लीज वापसी के अधिकार का दावा किया। याची के अधिवक्ता ने यह प्रस्तुत किया कि उसके दावों पर विचार किए बिना अधिकारियों द्वारा भूमि पर कब्जा कर लिया गया।

देरी के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति का दावा किया खारिज

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित एक मामले का निस्तारण करते हुए कहा कि अनुकंपा नियुक्ति का दायरा तत्काल वित्तीय संकट से निपटने के लिए माना गया है। परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु के बाद आर्थिक संकट झेल रहे परिवार को उबारने के लिए सरकार की ओर से अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। यह सत्य है कि संबंधित नियमों में संशोधन के अनुसार मृतक का पोता अनुकंपा नियुक्ति का हकदार है, लेकिन तत्कालिकता के प्रश्न पर सुनिश्चित सीमा अवधि बीत जाने पर ऐसी नियुक्ति के लिए दावे पर विचार नहीं किया जा सकता है। मामले के अनुसार याची की दादी श्रीमती मृदुला पांडेय की वर्ष 2012 में नौकरी के दौरान मृत्यु हो गई थी। याची के अधिवक्ता का कहना है कि उसके पिता चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ नहीं है, इसलिए संबंधित नियमों में संशोधन के आधार पर उनका पुत्र यानी मृतक का पोता अनुकंपा नियुक्ति का पात्र है। इस पर कोर्ट ने कहा कि दादी की मृत्यु वर्ष 2012 में हुई थी। मृत्यु के लगभग 6 साल बाद वर्ष 2017 में याची ने पहली बार अनुकंपा नियुक्ति के लिए दावा किया। उसके बाद फिर 2023 में नियुक्ति के लिए अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। याची की ओर से नियुक्ति के लिए दावा करने में हुई एक दशक की देरी के विषय में कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत नहीं किया गया, इसलिए याची को मांगी गई राहत ना देते हुए याचिका खारिज कर दी गई।

पति नहीं लाता मोमोज नाराज पत्नी पहुंची थाने

▸▸ परिवार परामर्श केंद्र ने कराई पति-पत्नी के बीच सुलह

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : मोमोज खाने की शौकीन महिला अपने पति से इतना नाराज हो गई कि वह घर छोड़ आई। उसका गुस्सा यहीं नहीं थमा। उसने अपने पति के खिलाफ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई। महिला का आरोप था कि उसने अपने पति को पहले ही बता दिया था कि उसे मोमोज बहुत पसंद हैं। बार-बार कहने के बावजूद उसका पति उसके लिए मोमोज नहीं लाता था। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा।

मलपुरा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की शादी 6 माह पूर्व पिनाहट के युवक से हुई। युवक पिनाहट में पत्थरों का कार्य करता है। युवक की पत्नी ने पुलिस से शिकायत की उसका पति उसके खाने-पीने का ख्याल नहीं रखता है। उसे खाने में मोमोज बहुत पसंद है, लेकिन उसका पति उसके लिए मोमोज लेकर नहीं आता है। इस बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। इससे नाराज होकर वह अपने मायके चली आई। पिछले 2 महीने से वह अपने मायके में रह रही थी। इस बीच महिला ने थाना मलपुरा में अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद मामला परिवार परामर्श केंद्र में पहुंच गया। रविवार को दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। जहां दोनों पक्षों में आपसी सुलह कराई गई।

हफ्ते में दो बार लाएगा मोमोज

परिवार परामर्श के काउंसलर अमित गौर ने बताया कि दोनों पति-पत्नी की शादी को ज्यादा समय नहीं हुआ था। पत्नी गर्भवती थी। इसलिए पत्नी खाने-पीने की चीजों की फरमाइश करती थी। दोनों पति पत्नियों के बीच आपसी समझौता करा दिया गया है। पति ने वायदा किया है कि वह अब सप्ताह में दो बार मोमोज लेकर आएगा। हालांकि उसने यह भी कहा कि वह काम से लौटते समय इतना थक जाता था कि उसे मोमोज खरीद कर ले जाने का ध्यान नहीं रहता था। आगे वह इस बात का ख्याल रखेगा।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 01.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र-हस्त पूर्ण रात्रि तक।

मेष — आज आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। जॉब को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। शरीर में आलस्य की अधिकता रहेगी। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आज आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए।

वृष — नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलाप होगा। बॉस आप पर जिम्मेदारियों का बोझ डाल सकता है। अन्तरंग संबंधों में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शान्त रहेगा।

मिथुन — आज चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। व्यापार में सफलता मिलेगी।

कर्क — आज सरकारी कार्यों में आ रही रुकावट दूर होगी। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे। वरिष्ठ अधिकारियों आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी।

सिंह — आज परिजनों का व्यवहार अशांत कर सकता है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। फार्मा सेक्टर से जुड़े लोगों को धन लाभ मिल सकता है। लोगों से बहुत अपेक्षायें न रखे।

कन्या — आज नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। जॉब में आपको तरक्की मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।

तुला — आज अनैतिक कार्यों में सन्लिप्तता नुकसानदेह साबित होगी। दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। अधीनस्थ लोगों का अच्छा खासा समर्थन और सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में तनाव रहने वाला है। सेहत नरम रहने वाली है।

वृश्चिक — नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार करेंगे। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

धनु — आज घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की उम्मीद करेगा। भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है।

मकर — आज अपने रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। छात्र उच्च शिक्षा के लिए किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। जॉब इन्टरव्यू में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल हो सकते हैं।

कुंभ — आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से थोड़े क्रुद्ध हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी। कोई मशीन खराब हो सकती है।

मीन — जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। मन में कई दिनों से जो शंका थी उसका आज समाधान हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करें। समस्त योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में अपेक्षित प्रगति होगी।

वर्ग पहेली-355

बाएं से दाएं
2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4.1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5.1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

ऊपर से नीचे
1.1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण
2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4.1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6.1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।



वर्ग पहेली - 354 का हल

1 अ	क	थ	■	2 कृ
व	■	3 पै	■	पा
4 डे	ढ़ी	■	5 गं	धा	लु
र	■	ब	■	■
■	6 झिं	गा	र	7 ना
8 पू	■	■	जु	■
ती	■	9 रे	खां	क	न

सुडोकू-72

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			8	7			1	
8	2			1		3		
	4					9		
5		7			3			1
	6		9		7		2	
9			6			4		8
		3		6			5	
		8		9			4	6
	1				2			

सुडोकू - 71 का हल

5	4	1	2	7	6	9	3	8
7	6	9	5	3	8	4	1	2
3	2	8	4	1	9	6	7	5
2	9	7	1	8	5	3	6	4
4	3	5	7	6	2	1	8	9
1	8	6	3	9	2	2	5	7
9	5	3	8	2	1	7	4	6
8	7	2	6	4	3	5	9	1
6	1	4	9	5	7	8	2	3

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जो बोले सो निहाल — सुबह : 09.43
- कुली नंबर वन — शाम : 06.57

SONY SMAX
- दिल तो बच्चा है — सुबह : 08.00
- झूम बराबर झूम — रात : 07.00

Utsav Gold
- घराना — दोपहर : 01.30
- प्यार के साइड इफेक्ट्स — रात : 07.30

ZEE CINEMA
- वटवारा — सुबह : 10.25
- क्रांतिवीर — शाम : 04.15

colors CINEPLEX
- चलते चलते — सुबह : 08.03
- देवदास — शाम : 04.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीटू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है
शीटू- सिरदर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात करो
टीटू- क्यों?
शीटू- तुमने सुना नहीं है, जहर ही जहर को मारता है।

डॉक्टर- आपका लड़का पागल कैसे हो गया?
पिता- वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था।
डॉक्टर- तो इससे क्या?
पिता- लोग बोलते थे थोड़ा खिसको, थोड़ा खिसको, तभी से खिसक गया।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,790.13	22,122.05
गिरावट	352.67	90.65
प्रतिशत में	0.48	0.41

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, मंगलवार, 27 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000

चावल प्रति कुन्तल

चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मंसूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500

दाल दलहन

चना देसी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राजमा सफेद	13000-14000
राजमा काला	11500-12500

तेल तिलहन

अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800
तेल सरसों (15 ली)	1475-1900।

विकसित भारत लक्ष्य में कपड़ा क्षेत्र अहम

प्रधानमंत्री ने भारत टेक्स-2024 का किया उद्घाटन, कहा- इस क्षेत्र का योगदान बढ़ाने का प्रयास कर रही है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कपड़ा क्षेत्र को पूरा सहयोग देने का वादा किया और साथ ही इस बात पर बल दिया कि यह क्षेत्र 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत 2047 में आजादी के सौ साल पूरे करेगा। मोदी ने 'भारत टेक्स-2024' का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में कपड़ा क्षेत्र के योगदान को और बढ़ाने के लिए सरकार बहुत व्यापक स्तर पर काम कर रही है। 'भारत टेक्स' देश में आयोजित सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "हमने अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र में बदलने का संकल्प लिया है। विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभ- गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं। विशेष रूप से भारत का कपड़ा क्षेत्र इन सभी स्तंभों से जुड़ा हुआ है। इसलिए 'भारत टेक्स' जैसा आयोजन हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।" उन्होंने कहा कि 2014 में भारत के कपड़ा बाजार का मूल्यांकन सात लाख करोड़ रुपये से भी कम था, जबकि अब यह 12 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में धागे, कपड़े और परिधान के उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार का कपड़ा क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण पर पूरा ध्यान है। कपड़ा क्षेत्रों में रोजगार की संभावना, ग्रामीण आबादी और महिलाओं की भागीदारी पर उन्होंने कहा कि परिधान निर्माताओं में दस में से सात महिलाएं हैं और हथकरघा में तो यह संख्या और भी अधिक है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि पिछले 10 साल में उठाए गए कदमों ने खादी को विकास और नौकरियों का एक मजबूत माध्यम बना दिया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पिछले दशक की कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने से कपड़ा क्षेत्र को भी फायदा हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार कपास किसानों का समर्थन कर रही है और उनसे कपास खरीद रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेश किया गया 'कस्तूरी कॉटन' वैश्विक स्तर पर भारत का 'ब्रांड मूल्य' बनाने में एक बड़ा कदम होगा।

ऐसे समाज का निर्माण करेंगे, जहां सरकारी दखल कम से कम हो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहां सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो और वह लोगों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करे। 'भारत टेक्स 2024' के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें ऐसा समाज बनाना होगा, जिसमें सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो। मैं विशेष रूप से मध्यम वर्ग के जीवन में हस्तक्षेप को पसंद नहीं करता हूं।' मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से वह न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप वाले समाज के निर्माण के लिए लड़ रहे हैं और अगले पांच वर्षों में भी ऐसा करना जारी रखेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार को उत्प्रेरक एजेंट के रूप में कार्य करना चाहिए।

भारत की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 7% रहेगी

मुंबई, एजेंसी

● जर्मन ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने लगाया अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जर्मनी की ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर स्थिर मूल्य पर जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। यह पूर्व में जताए गए अनुमान से अधिक है।'

तिमाही वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 29 फरवरी को जारी किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही थी। ब्रोकरेज कंपनी के विश्लेषकों के अनुसार, उसका अनुमान औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, आयात (तेल और सोने को छोड़कर), बैंक कर्ज और उपभोक्ता वस्तुओं सहित पांच महत्वपूर्ण संकेतकों के सूचकांक पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 65 उच्च-आवृत्ति वाले संकेतकों से जुड़ा एक अन्य संकेतक भी दिसंबर तिमाही में 7 प्रतिशत वृद्धि का संकेत दे रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले साल रूस-यूक्रेन युद्ध और उससे पहले कोविड महामारी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। आर्थिक वृद्धि की गति अनुमान से कहीं बेहतर रही है।'

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	71,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति नग)	47,650-47,850

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,200
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,050
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	72,200
चांदी तैयार	72,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	715 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,200।

बीते साल विलय-अधिग्रहण सौदों का मूल्य 27 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

● पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या

भारत में विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों का मूल्य पिछले साल यानी 2023 में 27 प्रतिशत घटकर 136 अरब डॉलर रह गया। डेलॉयट इंडिया की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, विलय एवं अधिग्रहण बाजार के इस साल स्थिर रहने की संभावना है।

रिपोर्ट 'इंडिया एमएंडए ट्रेंड्स' के अनुसार, "ऊंची ब्याज दरों, व्यापक आर्थिक अनिश्चितता, नियामकीय जांच और भू-राजनीतिक जोखिमों से उत्पन्न महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत का विलय एवं अधिग्रहण बाजार 2023 में मजबूत रहा।" रिपोर्ट में कहा गया, "वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय बाजार में सौदे स्थिर रहने की उम्मीद है जो वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच कंपनियों और निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।"

पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की अनुमति: डीजीएफटी

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की तत्काल प्रभाव से अनुमति है। यह अनुमति उन खेपों के लिए है, जिन्हें 30 अप्रैल या उससे पहले जहाज पर लदान से जुड़े बिल जारी किए गए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि एमआईपी (न्यूनतम आयात मूल्य) और बंदरगाह प्रतिबंध शर्तों के बिना आयात की अनुमति है। डीजीएफटी अधिसूचना में कहा गया है कि हालांकि इसके लिए आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण की जरूरत है।

भारतीय होटल उद्योग सात से नौ फीसदी राजस्व वृद्धि दर्ज करेगा

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय होटल उद्योग को अगले वित्त वर्ष (2024-25) में सात से नौ प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। इक्रा ने कहा कि घरेलू अवकाश यात्रा का निर्वाह, बैठकों, सम्मेलन और प्रदर्शनियों (एमआईसीई) की मांग ऐसे कारक हैं, जो आगामी आम चुनावों के दौरान अस्थायी शांति के बावजूद अगले वित्त वर्ष में मांग को बढ़ाएंगे।

शोध कंपनी ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में आध्यात्मिक पर्यटन और दूसरी श्रेणी के शहरों से समग्र मांग में सार्थक योगदान मिल सकता है। इक्रा के अनुसार, चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में अखिल भारतीय होटल अधिभोग का अनुमान दशक के उच्चतम स्तर 70 प्रतिशत से 72 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 68 प्रतिशत से 70 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में देशभर में कमरों का औसत शुल्क 7,200 से 7,400 रुपये रह सकता है, जिसके अगले वित्त वर्ष में बढ़कर 7,800 से 8,000 होने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, क्रेडिट रेटिंग में सुधार के साथ इक्रा का भारतीय होटल उद्योग के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक है।

एसबीआई समेत 3 बैंकों पर आरबीआई ने लगाया 3 करोड़ का जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन को लेकर भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और सिटी यूनियन बैंक पर लगभग तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने सोमवार को बयान में कहा कि जमाकर्ता शिक्षा जागरूकता कोष योजना, 2014 से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए एसबीआई पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा आय पहचान, फंसे कर्ज को लेकर कुछ निर्देशों का अनुपालन न करने को लेकर सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड पर 66 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

राष्ट्रीय

संदेशखालि: शाहजहां को हर हाल में गिरफ्तार करे पुलिस

कलकत्ता हाईकोर्ट ने दूसरी बार पश्चिम बंगाल सरकार को लगाई फटकार, कहा- गिरफ्तारी पर कोर्ट की रोक नहीं

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को फटकारते हुए निर्देश दिया कि संदेशखालि में यौन उत्पीड़न के आरोपी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसके साथ कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है।

अदालत ने कहा कि यह जानकर आश्चर्य हुआ कि संदेशखालि में उत्पीड़न की घटनाओं की सूचना राज्य पुलिस को चार साल पहले ही दे दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा, 'यह और भी आश्चर्यजनक है कि 42 मामलों को आरोपपत्र का रूप लेने में चार साल लग गए।' मामले में पेश अधिवक्ताओं ने कहा कि एक गलत धारणा बनाई गई कि अदालत ने शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। इस पर पीठ ने कहा कि संदेशखालि में घटनाओं के संबंध में ऐसा कोई मामला रिकॉर्ड में नहीं है कि शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई गई है। अदालत ने कहा, 'अतः संबंधित पुलिस प्राधिकारी उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करें।'

अदालत ने निर्देश दिया कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न और आदिवासी लोगों की जमीन हड़पने के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले में शेख प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राज्य के गृह सचिव को पक्षकार बनाया जाए। पीठ ने निर्देश दिया कि हाईकोर्ट रजिस्ट्री द्वारा समाचार पत्रों में एक सार्वजनिक नोटिस दिया जाए, जिसमें यह कहा गया हो कि शेख को मामले में पक्षकार बनाया गया है, क्योंकि वह फरार है और उसे 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय पर भीड़ के हमले के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

गत 5 जनवरी को संदेशखालि में शाहजहां के आवास पर छापेमारी के लिए गई ईडी टीम पर भीड़ द्वारा हमला किया गया था। शेख तब से फरार है। शाहजहां व उसके समर्थकों के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हो रहे हैं।

सात दिनों में गिरफ्तार किया जाएगा शाहजहां: टीएमसी

कोलकाता। टीएमसी के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने सोमवार को कहा कि शाहजहां शेख को सात दिन में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीएमसी नेता का यह बयान कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा यह स्पष्ट किए जाने के तुरंत बाद आया है कि शाहजहां की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। घोष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'शेख शाहजहां की गिरफ्तारी के बारे में अभिषेक बनर्जी की बात सही है। मामला अदालत के कानूनी पचड़े में फंसा हुआ था। विपक्ष इस मौके का फायदा उठाकर राजनीति कर रहा था। मामले को स्पष्ट करने और पुलिस को कार्रवाई की आज इजाजत देने के लिए उच्च न्यायालय को धन्यवाद। शाहजहां को सात दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

आरोपी तृणमूल नेताओं के घरों में तोड़फोड़

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के अशांत क्षेत्र संदेशखालि में सोमवार को एक बार फिर प्रदर्शन हुआ और लोगों के एक समूह ने टीएमसी के स्थानीय नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की। इन नेताओं पर क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रताड़ित करने का आरोप है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि लाठी-डंडों से लैस स्थानीय लोगों ने टीएमसी के पंचायत नेता शंकर सरदार के खिलाफ अपनी नाराजगी जताते हुए संदेशखालि के बरमाजुर इलाके में कुछ घरों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि भूमि हड़पने का आरोपी शंकर घर में मौजूद नहीं था और ग्रामीणों ने घर में मौजूद परिवार के सदस्यों के साथ मार-पीट की। पुलिस बाद में वहां पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की।

जवानों-किसानों का शोषण कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने मोदी सरकार को जवान और किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि उसकी नीतियों के कारण देश का किसान तथा जवान पीड़ित है और इन दोनों का जमकर शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा वरिष्ठ नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में आज जवान और किसान दोनों का शोषण हो रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, "आज देश के नौजवानों में सेना भर्ती को लेकर रुचि कम हो गई है। इसका जिम्मेदार कौन है। आप फौज पर राजनीति करके राष्ट्रहित की बात नहीं कर सकते। इसलिए सरकार अग्निपथ योजना वापस ले और सेना में पक्की भर्ती दोबारा शुरू करे। सेना द्वारा करीब दो लाख युवकों का पूरी प्रक्रिया के बाद चयन हुआ है, उन सभी नौजवानों को जॉइनिंग दी जाए।" कांग्रेस नेताओं ने कहा "सरकार जी-20 के आयोजन, प्रधानमंत्री के हवाई जहाज, सेंट्रल विस्टा जैसे प्रोजेक्ट और अपने प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च कर सकती है, लेकिन पैसा बचाने के लिए सेना भर्ती प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ कर रही है, जो देश की सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकता है। हमारा आग्रह है कि चयनित युवाओं को नौकरी दी जाए। पार्टी देश के उन सभी लाखों युवाओं के साथ खड़ी है जो सेना में अपना भविष्य देखते हैं।"

उन्होंने कहा, "देश में कोविड के दौरान और उससे पहले सेना की कई भर्तियां पूरी हो चुकी थी और चयनित युवकों की सिर्फ जॉइनिंग बाकी थी, लेकिन अग्निपथ योजना आने के बाद चयनित इन नौजवानों को जॉइनिंग नहीं दी गई। इन नौजवानों ने राहुल गांधी जी से मिलकर अपना दर्द साझा किया था।"

कांग्रेस नेताओं ने लगाए आरोप

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस नेता पवन खेड़ा।

एक नजर

तमिलनाडु सरकार ईडी की मदद करे: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि राज्य मशीनरी को यह पता लगाने में ईडी की मदद करनी चाहिए। इसमें कोई नुकसान नहीं है। शीर्ष अदालत ने पिछले हफ्ते धनशोधन के एक मामले में ईडी की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने को लेकर तमिलनाडु सरकार से सवाल किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टर को तलब किया था।

दुष्कर्म के आरोपी ने युवती को गोली मारी, गिरफ्तार

जयपुर। कोटपूतली-बहरोड़ जिले में दुष्कर्म के एक आरोपी और उसके दो साथियों ने 25 वर्षीय पीड़िता को कथित तौर पर गोली मारी और उस पर गंडासे से हमला कर दिया। हमले मे पीड़िता का भाई भी घायल हो गया। दोनों का जयपुर में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी राजेंद्र यादव का सोमवार को जयपुर में ट्रेन की चपेट में आने से पैर कट गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया गया है।

क्रिकेट खेलने के दौरान बेहोश होकर गिरा युवक, मौत

गुना। मध्य प्रदेश के गुना जिले में क्रिकेट खेलते समय 28 वर्षीय एक युवक बेहोश होकर गिर गया और उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एसओ भोला ने कहा कि एक क्रिकेट मैच के दौरान गिरने के बाद दीपक खांडेकर को अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस प्रभारी ने कहा कि अस्पताल ले जाने के दौरान खांडेकर की नब्ज नहीं चल रही थी।

मोदी के दौरे से पहले आईएस सदस्य गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल की राजधानी के दौरे से एक दिन पहले यहां वट्टियूरकावु थाना की सीमा से आईएसआईएस से संबंध रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि तमिलनाडु के मूल निवासी सादिक बाशा को रविवार को उनकी कार पर नकली पुलिस स्टिकर के साथ गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, उसे आईएसआईएस के लिए धन जुटाने के मामले में एनआईए ने वट्टियूरकावु में उसकी पत्नी के घर से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसे राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए 24 महीने जेल की सजा मिली थी। खबरें थीं कि जेल से रिहा होने के बाद उसने कई बार वट्टियूरकावु का दौरा किया। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को पार्टी 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भी शामिल होंगे।

कश्मीर-लद्दाख के बीच में फंसे 260 सैलानियों को एयर लिफ्ट किया

जम्मू। वायुसेना ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे लगभग 260 यात्रियों को हवाई मार्ग से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया। एक अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही भारी बर्फबारी के कारण 434 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने पर 22 जनवरी को सेवा शुरू होने के बाद से एएन-32 विमान से अब तक कुल 1,551 यात्रियों को 'एयरलिफ्ट' किया गया है। एएन-32 विमान को करगिल कूरियर भी कहा जाता है।

झारखंड से कांग्रेस सांसद भाजपा में शामिल

रांची। झारखंड के सिंहभूम (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। कोड़ा भाजपा मुख्यालय में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। उन्होंने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आज भाजपा में शामिल हो गई। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति करके देश को संकट में डाल दिया है। पार्टी कहती है कि वह सभी को साथ लेकर चलेगी, लेकिन वह केवल अपने परिवार को साथ लेकर चलती है।' भाजपा-आजसू (अखिल झारखंड छात्र संघ) गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 संसदीय सीट में से 12 पर जीत हासिल की थी।

मराठा आरक्षण: प्रदर्शन के बीच महाराष्ट्र के अंबड में कर्फ्यू लागू

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

● जिला प्रशासन ने एहतियातन उठाया कदम

कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा मराठा आरक्षण के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के जालना जिले के अंबड तालुका में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

जालना के जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल ने आदेश में कहा कि जरांगे ने रविवार को घोषणा की कि वह मुंबई जाएंगे और मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की अपनी मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। इसमें कहा गया है कि ऐसी आशंका है कि लोग उन्हें (मुंबई जाने से) रोकने के लिए जालना के अंतरवाली सरती गांव में आ सकते हैं, जहां कार्यकर्ता भूख हड़ताल कर रहे हैं। आदेश में कहा गया है कि भारी भीड़ के कारण धुले-मुंबई राजमार्ग और आसपास के अन्य इलाकों पर यातायात प्रभावित होने की आशंका है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवाजाही, दूध वितरण, मीडिया और अस्पतालों को इस आदेश से छूट दी गई है। जरांगे रविवार की रात अंतरवाली सरती से रवाना होकर पास के भांबेरी गांव पहुंचे।

जरांगे ने 17 दिन बाद अनशन वापस लिया

मुंबई। आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को घोषणा की कि वह मराठा आरक्षण मुद्दे पर अपना 17 दिन से जारी अनशन वापस ले रहे हैं। जरांगे ने हालांकि कहा कि वह अपना आंदोलन तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि महाराष्ट्र सरकार उन लोगों के विस्तारित परिवार के सदस्यों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करना शुरू नहीं कर देती, जिनके पास पहले से ही ऐसे दस्तावेज हैं।

जरांगे का यह फैसला मराठा समुदाय के लिए नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण से संबंधित अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए मुंबई तक मार्च की घोषणा के एक दिन बाद आया है, जबकि मुंबई में राज्य विधानमंडल का बजट सत्र भी शुरू होने जा रहा है।

चुनावी बॉण्ड रद करने से अधिक पारदर्शिता आएगी : सेन

कोलकाता, एजेंसी

● प्रख्यात अर्थशास्त्री ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने चुनावी बॉण्ड योजना को रद करने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का सोमवार को स्वागत किया और इस योजना को घोटाला बताकर इसकी निंदा की। सेन ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स से बात की और कहा कि इस कदम से चुनाव के संदर्भ में लोगों के बीच अधिक पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा, 'चुनावी बॉण्ड एक घोटाला था और मुझे खुशी है कि अब उसे हटा दिया गया है।'

उच्चतम न्यायालय ने इस महीने की शुरुआत में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया था और चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था।

लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया। सेन ने कहा, 'भारत में चुनावी प्रणाली दलगत राजनीति की प्रकृति से काफी प्रभावित है, जिससे आम लोगों के लिए यह सुनना बहुत कठिन हो जाता है कि उन्हें चुनाव में भाग लेना चाहिए।'

अर्थशास्त्री ने कहा कि देश की चुनावी प्रणाली इस बात से प्रभावित होती है कि सरकार विपक्षी दलों के साथ कैसा व्यवहार करती है। उन्होंने कहा, 'यह विपक्षी दलों और उन लोगों के साथ व्यवहार से प्रभावित होती है, जिन्हें सरकार प्रतिबंधों के तहत रखना चाहती है। हम नागरिकों की अभिव्यक्ति और कार्य करने की स्वतंत्रता के अलावा यथासंभव स्वतंत्र चुनावी प्रणाली चाहते हैं।'

जिन्हें सफलता की भूख, हम उन्हीं को देंगे मौका : रोहित

सरफराज, ध्रुव, यशस्वी और आकाशदीप ने जीत में अहम भूमिका निभाई

रांची, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मेहनत किए बिना राष्ट्रीय टेस्ट टीम में जगह बनाने का सपना देखने वालों से कहा कि मौका केवल उन्हीं को दिया जाएगा जो 'सबसे कड़े' प्रारूप में 'सफलता की भूख' दिखाएंगे। भारत ने सोमवार को चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला जीत ली है। सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियों ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई जिससे रोहित खुश दिखे। रोहित ने कहा कि जिन लोगों को भूख है हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे। अगर भूख नहीं है तो उनको टीम में खिलाने का मतलब नहीं है।

रोहित की यह प्रतिक्रिया बीसीसीआई के उस आदेश के बाद आई, जिसमें इशान किशन और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए कहा गया था लेकिन इन दोनों ने इसे नजरअंदाज कर दिया था। भारतीय कप्तान ने कहा कि मैंने टीम में कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जो भूखा नहीं हो। सभी लड़के जो यहां हैं और जो नहीं हैं, वे सभी खेलना चाहते हैं, लेकिन टेस्ट टीम में बहुत ही कम मौके मिलते हैं। अगर आप उन मौकों का फायदा नहीं उठाते तो वह चले जाते हैं। इशान किशन झारखंड के लिए रणजी ट्रॉफी में नहीं खेले, लेकिन आईपीएल के लिए उन्हें मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग करते हुए देखा गया। रोहित ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट सबसे कठिन प्रारूप है। यदि आप इस प्रारूप में उत्कृष्टता और सफलता हासिल करना चाहते हैं तो आपको अपनी भूख दिखानी होगी।

युवाओं को अच्छे प्रदर्शन के लिए माहौल देना जरूरी

रांची। युवा ब्रिगेड के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड को टेस्ट श्रृंखला में हराने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि टीम में आए युवाओं को सलाह की जरूरत नहीं है बल्कि अच्छे प्रदर्शन के लिए सहयोगी माहौल चाहिए। अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन किया। यशस्वी जायसवाल, आकाश दीप और सरफराज खान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। रोहित ने कहा कि यह काफी कठिन श्रृंखला है और जीतने के बाद अच्छा लग रहा है। ये युवा खिलाड़ी घरेलू सर्किट, स्थानीय क्लब क्रिकेट से यहां आए हैं। यह बड़ी चुनौती थी लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमें उन्हें अनुकूल माहौल देना होगा। प्रमुख खिलाड़ियों का नहीं होना अच्छा नहीं होता लेकिन इसमें कुछ किया नहीं जा सकता।

पिता से जुरेल को मिले निर्भीक तेवर: रैना

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को सेना की पृष्ठभूमि के कारण निर्भीक तेवर मिले और यहां तक पहुंचने के लिए उसने काफी मेहनत की है। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाकर भारत की 5 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई।

रैना ने कहा कि मैं जुरेल की विकेटकीपिंग से काफी प्रभावित हूं। उसने काफी मेहनत की है। उसके पिता सेना में थे लिहाजा उसमें वह हार नहीं मानने का निर्भीक तेवर है। जुरेल की पारी की सुनील गावस्कर ने भी तारीफ की, जिन्होंने उसे अगला महेंद्र सिंह धोनी कहा था। रैना ने कहा कि जुरेल शानदार खिलाड़ी है। मैने उसके साथ उत्तर प्रदेश के लिए कुछ मैच खेले हैं। रोहित शर्मा बधाई के पात्र हैं जिस तरह से उन्होंने पहले सरफराज खान को और फिर जुरेल को मौका दिया। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके लगातार अर्धशतक बनाना आसान नहीं है खासकर इतने महत्वपूर्ण मैच में जहां विकेट टर्न ले रहा हो। चेन्नई सुपर किंग्स का अहम हिस्सा रहे रैना ने कहा कि वह चाहते हैं कि विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर इस बार आईपीएल खिताब जीते। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि विराट और आरसीबी खिताब जीते। लंबा इंतजार हो गया। चेन्नई ने पिछली बार जीता था लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि इस बार वह टीम जीते जिसने अब तक ट्रॉफी नहीं जीती है। विराट मेहनत कर रहा है और जीत का हकदार है।

खेल डायरी

दक्षिण अफ्रीका में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने हमें मजबूत बनाया: हरमनप्रीत

राउरकेला, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरे में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने उन्हें मजबूत बनाया। भारत ने चार देशों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था जहां मेजबान टीम के खिलाफ उसने जीत दर्ज की। फ्रांस के खिलाफ टीम को एक जीत मिली और एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि नीदरलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। रविवार को भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण के अपने अंतिम मैच में आयरलैंड को 4-0 से हरा दिया था। भारत फिलहाल अंक तालिका में नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने रविवार की जीत के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हम दक्षिण अफ्रीका दौरे से मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा होकर वापस आए हैं। हमने वहां टीम से जुड़ी कई गतिविधियों में हिस्सा लिया जिससे हम एक मजबूत इकाई बन गए। मुझे लगता है कि हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया और दुनिया की शीर्ष टीमों की चुनौती का सामना किया।

आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने दिया इस्तीफा

जयपुर। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गहलोत ने ऐसे समय में पद छोड़ा है जब राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) ने बकाए का भुगतान न करने पर सवाई मान सिंह स्टेडियम और आरसीए कार्यालय को शुक्रवार को सील कर दिया था। सवाई मानसिंह स्टेडियम को अगले महीने से आईपीएल की मेजबानी करनी है। गहलोत ने कहा कि आरसीए कार्यालय में जल्दबाजी में ताला लगाया गया। मुझे निशाना बनाकर आरसीए में अविश्वास का माहौल पैदा किया जा रहा है। मैं राज्य की क्रिकेट और खिलाड़ियों को बचाने के लिए स्वेच्छा से आरसीए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने उतरेगी भारतीय टीम

अलान्या (तुर्की), एजेंसी। भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को तुर्की महिला कप में अपने अंतिम राउंड रोबिन मैच में जब कोसोवो से भिड़ेगी तो उसकी नजरें दक्षिण एशिया के बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने पर होंगी। भारतीय टीम को खिताब के लिए मंगलवार को हर हाल में कोसोवा को हराना होगा। भारतीय टीम अभी लीग तालिका में कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर है। दोनों टीम के समान अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर से कोसोवो शीर्ष पर है। 4 टीम की राउंड रोबिन लीग में भारतीय टीम ने एस्टोनिया (4-3) और हांगकांग (2-0) के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं। कोसोवो ने भी हांगकांग और एस्टोनिया के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं लेकिन भारत के प्लस 3 के मुकाबले उसका गोल अंतर प्लस चार है जिससे वह शीर्ष पर चल रहा है।

भारत ने सैफ अंडर 16 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्य कोच बिबी थॉमस मुत्ताह ने सोमवार को एक से 10 मार्च तक नेपाल में होने वाली सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है। भारत ने 2018 और 2019 में अंडर 15 प्रारूप में जीत दर्ज की थी। दोनों बार भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पहली बार टूर्नामेंट अंडर 16 प्रारूप में खेला जा रहा है। अंतिम टीम का चयन संभावितों में से किया गया जो गोवा में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम मंगलवार को नेपाल रवाना होगी। उसे एक मार्च को भूटान से, पांच मार्च को बांग्लादेश और सात मार्च को नेपाल से खेलना है। राउंड राबिन चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी। सारे मैच ललितपुर में खेले जाएंगे। **भारतीय टीम : गोलकीपर :** केटी देवी, मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी **डिफेंडर :** अमृता घोष, बोनिफिला शुलाइ, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लाकड़ा, गौरी, रिआना लिज जैकब, रूपश्री मुंडा, एस अलेना देवी **मिडफील्डर :** अनिता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, एच यशिका, एल नीरा चानू, रितु बडाइक, श्वेता रानी, टी मोनी बास्के **फॉरवर्ड :** गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस।

नहीं चला बैजबॉल, श्रृंखला भारत के नाम

इंग्लैंड को चौथा टेस्ट 5 विकेट से हराकर भारत ने लगातार 17वीं टेस्ट श्रृंखला जीती

रांची, एजेंसी

अपनी सरजमीं पर बादशाहत एक बार फिर साबित करते हुए भारतीय टीम ने 'बैजबॉल' को बेअसर साबित कर दिया और चौथे टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड को चौथे ही दिन पांच विकेट से हराकर अपनी मेजबानी में लगातार 17वीं श्रृंखला जीत ली।

जीत के लिए 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कल के स्कोर पर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलना शुरू किया था। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (44 गेंद में 37 रन) और कप्तान रोहित शर्मा (81 गेंद में 55 रन) ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। दोनों के विकेट गिरने के बाद रजत पाटीदार और रविंद्र जडेजा भी सस्ते में आउट हो गए, लेकिन शुभमन गिल (नाबाद 52) और ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली जबकि पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

भारतीय टीम अपनी धरती पर आखिरी बार 2012-13 में एलेस्टेयर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम से हारी थी। उसके बाद से अपनी मेजबानी में खेले गए भारत ने 50 में से 39 टेस्ट जीते हैं। इस जीत के साथ ही भारत ने इंग्लैंड की आक्रामक खेल की 'बैजबॉल' शैली को भी नाकाम साबित कर दिया। पिछले दो साल से इंग्लैंड की जीत का मंत्र साबित हुई इस शैली की अब काफी आलोचना हो रही है। ब्रेंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद से हर हालात में आक्रामक खेल की इंग्लैंड की रणनीति को 'बैजबॉल' कहा जाता है। भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है और इसकी सूत्रधार भारत की युवा ब्रिगेड रही।

निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर विराट कोहली और चोटिल केएल राहुल के बिना भारत ने श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद लगातार 3 जीत दर्ज की। भारत के युवा खिलाड़ियों सरफराज खान, जुरेल और तेज गेंदबाज आकाश दीप ने मौके को बखूबी भुनाया। जुरेल ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी में नाबाद 39 रन बनाए। चौथे दिन सोमवार को रोहित ने (81 गेंद में 55 रन) ने यशस्वी जायसवाल के साथ 84 रन की बड़ी साझेदारी की। जायसवाल ने 44 गेंद में 37 रन जोड़े। आफ स्पिनर जो रूट ने जायसवाल को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टल ने रोहित का विकेट लिया। स्पिनर शोएब बशीर ने रजत पाटीदार (0) को पवेलियन भेजा। अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलते हुए भारत ने शुरूआत की। रोहित ने जेम्स एंडरसन की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर बशीर ने गेंद संभाली। रोहित और जायसवाल ने सहज होकर स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को रन बनाए। रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 9000 रन भी पूरे कर लिए। दोनों को आसानी से खेलते देख बेन स्टोक्स ने जो रूट को गेंद सौंपी, जिन्होंने कप्तान के भरोसे पर खरे उतरते हुए जायसवाल को आउट किया।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

- भारत ने 3-1 की विजयी बढ़त बनाई, पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में होगा
- श्रृंखला से बाहर विराट और चोटिल राहुल के बिना भारत ने लगातार 3 जीत की दर्ज

50 में से 39 टेस्ट मैच भारत ने देख में जीते

09 हजार रन रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किए पूरे

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी-353) (दूसरी पारी-145)

भारत (पहली पारी-307) दूसरी पारी 192/5 (61 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा का फोक्स बो हार्टली	55	81	5/1
यशस्वी जायसवाल का एंडरसन बो रूट	37	44	5/0
शुभमन गिल नाबाद	52	124	0/2
रजत पाटीदार का पोप बो बशीर	00	06	0/0
रविंद्र जडेजा का बेयरस्टो बो बशीर	04	33	0/0
सरफराज खान का पोप बो बशीर	00	01	0/0
ध्रुव जुरेल नाबाद	39	77	2/0

अतिरिक्त : 05, **विकेट पतन :** 1-84, 2-99, 3-100, 4-120, 5-120, **गेंदबाजी :** रूट 7-0-26-1, हार्टली 25-2-70-1, बशीर 26-4-79-3, एंडरसन 3-1-12-0

जीत पर टीम को कोहली ने दी बधाई

नई दिल्ली। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भारत की जीत को शानदार बताते हुए 'युवा' टीम के धैर्य, दृढ़ता और लचीलेपन की तारीफ की। निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर होने के बाद अपने पहले ट्वीट में कोहली ने कहा, यस (तिरंगा)। हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढ़ता और लचीलापन दिखाया। कोहली और अनुष्का शर्मा के घर 15 फरवरी को बेटे ने जन्म लिया। सचिन तेंदुलकर ने टीम की जीत पर एक्स पर लिखा, भारत ने दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत का पता चलता है। आकाशदीप ने टेस्ट में शानदार स्पेल डाला। ध्रुव ने दोनों पारियों में गेंद की लैंग्थ को भांपा और उसका फुटवर्क बेहतरीन था। कुलदीप यादव के साथ उसकी साझेदारी अहम थी। दूसरी पारी में कुलदीप का स्पेल महत्वपूर्ण था। रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और रोहित शर्मा जैसे सीनियर्स ने अपना काम बखूबी किया।

दिल्ली ने यूपी को नौ विकेट से रौंदा

बेंगलुरू, एजेंसी

राधा यादव और मारिजेन कैप की धारदार गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा और कप्तान मेग लेनिंग के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यूपी वारियर्स को नौ विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। यूपी की दो मैच में यह लगातार दूसरी हार है।

यूपी के 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम ने शेफाली (43 गेंद में नाबाद 64 रन, 6 चौके, 4 छक्के) और कप्तान मेग लेनिंग (43 गेंद में 51 रन, 6 चौके) के बीच पहले विकेट की 119 रन की साझेदारी से सिर्फ 14.3 ओवर में 1 विकेट पर 123 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। यूपी की टीम बाएं हाथ की स्पिनर राधा (20 रन पर 4 विकेट) और मारिजेन (पांच रन पर 3 विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 9 विकेट पर 119 रन ही बना सकी। श्वेता सहरावत (42 गेंद में 5 चौके और 1 छक्के) 45 रन बनाकर टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं। वहीं यूपी की कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू सकी। लक्ष्य पाने उतरी दिल्ली को कप्तान मेग लेनिंग और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने तेज शुरुआत दिलाई।

शेफाली ने सोफी एक्लेस्टोन पर चौके के साथ खाता खोला और फिर गौहर सुल्ताना पर पहला छक्का जड़ा। सुल्ताना के ओवर में लेनिंग भाग्यशाली रहीं जब वृंदा ने शॉर्ट फाइन लेग पर उनका कैच टपका दिया। शेफाली ने ताहलिया मैकग्रा के ओवर में दो चौके और 1 छक्के के साथ पावर प्ले में टीम का स्कोर बिना विकेट खोए 57 रन पहुंचाया।

डब्ल्यूटीसी तालिका में भारत की मजबूत स्थिति

दुबई। भारत ने रांची में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड की टीम के खिलाफ 5 विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। रोहित शर्मा की टीम ने श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली है। भारत का अंक 59.52% से बढ़कर 64.58% हो गया है। भारत ने क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया (55%) और बांग्लादेश (50%) पर मजबूत बढ़त बना ली है। इंग्लैंड 19.44% अंक के साथ आठवें स्थान पर है। भारत ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक 8 टेस्ट खेले हैं जिनमें से 5 में उसे जीत और दो में हार मिली जबकि 1 ड्रॉ रहा। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड को 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये से फायदा नहीं हो रहा है।

एटली ने की शाहरूख खान की तारीफ

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली ने वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान के परफॉर्मेंस की तारीफ की है। वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने परफॉर्म किया। इस अवसर पर शाहरुख खान ने भी अपनी परफॉर्मेंस दी। शाहरुख खान ने पठान के गाने पर डांस किया। शाहरूख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बना चुके एटली ने शाहरुख खान की परफॉर्मेंस की एक फोटो के साथ स्टोरी शेयर की। स्टोरी शेयर करते हुए एटली ने लिखा, 'बॉस मैन इन मॉस मोड'। इसके बाद शाहरुख खान के फैन पेज ने ट्वीट करते हुए उनकी स्टोरी शेयर की और लिखा, 'एटली कभी भी शाहरुख के चार्म से उबर नहीं पाते और हम भी'। शाहरुख खान ने एटली कुमार की स्टोरी पर रिप्लाई देते हुए लिखा कि, सर आपसे ही सीखा है।

देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर जारी



मुंबई, एजेंसी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवा' के निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने शाहिद कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मेरे सबसे प्यारे भाई शाहिद कपूर को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। ...हंसी...मस्ती... आप उन बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं जिनके साथ मैंने कभी काम किया है और मेरे देवा के रूप में आपको निर्देशित करना मेरे लिए सम्मान की बात है! बहुत सारे प्यार और सम्मान के साथ मैं आपको एक शानदार वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं! शाहिद कपूर ने जवाब में लिखा, धन्यवाद, रोशन। 'देवा' के सेट पर वापस आने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता। 'देवा' रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 11 अक्टूबर, 2024 को दशहरा के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत, अभिनेत्री पायस पंडित और डिंपल सिंह की भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कमला फिल्म्स क्रिएशन्स, डिजिटेक प्रोडक्शन प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर ईगल होम एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। प्रिंस सिंह राजपूत ने कहा कि यह फिल्म उनकी सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। फिल्म में उनका किरदार स्वच्छंद भ्रमण करने वाले लड़के की है। फिल्म में एक गुंजा नाम की लड़की गांव में रहती हैं, जहां उसके माँ बाप की बचपन में मृत्यु हो जाती हैं और वो अपने काका काकी के घर पर रहती हैं, जहाँ उसकी काकी उससे घर का हर काम कराती हैं और उसे ताना मारती हैं, वही काका काकी की बेटी नीलम शहर से गांव आती हैं। फिल्म के निर्माता गौतम कुमार, मनु भाई शाह और लोकेश मिश्रा हैं, जबकि निर्देशक मनोज ओझा हैं। गीतकार प्रकाश बारूद हैं। संगीतकार सर्विन्द मल्हार हैं। छायांकन फ़िरोज़ खान का है। संकलन गोविन्द दुबे और कोरियोग्राफी कानु मुखर्जी का है। कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म में प्रिंस सिंह राजपूत, पायस पंडित, डिंपल सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, जय प्रकाश, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, प्रिया, अंकुश कहार, आरती निगम, प्राची सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर फिल्म 'चमकीला'

मुंबई, एजेंसी। दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'चमकीला' 12 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगीद्य। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की आने फिल्म चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'चमकीला' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट आउट की है। नेटफ्लिक्स ने लिखा, माहौल बन जाता था जब वह छेड़ता था साज, कुछ ऐसा ही था चमकीला का अंदाज। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर यह फिल्म 12 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।

'झलक दिखला जा' को मिले 5 फाइनलिस्टस

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। एफएएम तिकड़ी - फराह खान, अरशद वारसी और मलाइका अरोड़ा द्वारा प्रेरित और जज किए गए शो झलक दिखा जा को अपने टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। इनमें कोरियोग्राफर अनुराधा अयंगर के साथ शोएब इब्राहिम, कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ सेलिब्रिटी टीन एक्टर अद्रिजा सिन्हा, कोरियोग्राफर सोनाली कर के साथ श्रीराम चंद्रा, कोरियोग्राफर आशुतोष पवार के साथ मनीषा रानी और कोरियोग्राफर सागर बोरा के साथ डॉक्टर एवं एक्टर धनश्री वर्मा हैं। शोएब ने कहा, झलक दिखला जा एक परिवर्तनकारी अनुभव रहा है, जो मुझे अपनी सीमाओं से आगे ले गया और एक डांसर और एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने की चुनौती दी। हर परफॉर्मेंस आत्म-खोज का सफर रहा है, जिससे मुझे खुद को उन तरीकों से अभिव्यक्त करने की इजाजत मिली है जिनके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था। फाइनल में जीतना या हारना मेरे लिए अंतिम लक्ष्य नहीं है। श्रीराम ने साझा किया, गायन पृष्ठभूमि से आने से डांस फ्लोर पर कदम रखना मेरे लिए कठिन काम था। चुनौतियों, सीखने के अनुभवों और यादगार पलों से भरा यह सफर किसी रोलरकोस्टर राइड से कम नहीं है। अद्रिजा सिन्हा ने कहा, झलक दिखला जा के टॉप 5 में रहना एक सपना था जो हकीकत बन गया है! मेरे परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के अटूट समर्थन के साथ, जो मेरी ताकत बनाकर मेरे साथ रहे हैं, हर परफॉर्मेंस सीखने का एक खास अनुभव रहा है, जिसने मुझे खुद को चुनौती देने और एक डांसर के रूप में विकसित होने के लिए प्रेरित किया है।

काजल का रोमांटिक गाना डोली जब कमरिया रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता कुणाल तिवारी और अभिनेत्री काजल यादव का भोजपुरी गाना 'डोली जब कमरिया' रिलीज हो गया है। डोली जब कमरिया गाने को विजय चौहान और अलका झा ने गाया है। इस गाने में कुणाल तिवारी रोमांटिक मूड में काजल से कहते हैं कि धड़के करेजा रानी धक धक, अइसन सिंगार पर लागेलु कड़क, करेला मन धरी दाबी अकवरिया तब काजल यादव कहती हैं कि मूड में जब आईब हम डोले जे कमरिया, तबे नु आईब हम तोहरा पजरिया यह रोमांटिक गाना भोजपुरी फिल्म 'पपुआ के पप्पी' का है। मधु मंजुल आर्ट्स एंड गीता तिवारी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता धीरेंद्र कुमार झा एवं कुणाल कुमार तिवारी हैं। निर्देशक धीरेंद्र कुमार झा हैं। मुख्य कलाकार कुणाल तिवारी, विराज भट्ट, काजल यादव, ऋचा दीक्षित, अमित शुक्ला, प्रकाश जैस, प्रियांशु सिंह, अनूप अरोरा, साहिल शेख हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

शीर्ष कोर्ट ने संजय की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी

● मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आप नेता ने हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उस याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, जिसमें संजय सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने जमानत याचिका को संजय सिंह की एक अन्य याचिका के साथ टैग कर दिया, जिसमें उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है। संजय सिंह की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने जमानत याचिका पर नोटिस जारी करने की मांग की और याचिका को लंबित मामले के साथ टैग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लंबित मामले की सुनवाई 5 मार्च को होनी है और इसलिए दोनों मामलों पर एक साथ सुनवाई की जानी चाहिए। पीठ ने सिंघवी के अनुरोध पर सहमति व्यक्त की और कहा कि दोनों याचिकाओं पर एक साथ विचार किया जाएगा। बता दें, दिल्ली हाईकोर्ट ने 7 फरवरी को सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

अन्नामलाई को राहत हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रोका

नई दिल्ली। शीर्ष अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को राहत दी। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने नफरती बयान देने के मामले में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी।

अन्नामलाई ने अक्तूबर 2022 में एक यूट्यूब चैनल को इंटरव्यू दिया था। जिसमें उन्होंने पटाखे फोड़ने को लेकर कथित तौर पर ईसाई समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ मामले में सुनवाई कर रही थी। पीठ ने इंटरव्यू में दिए गए बयानों की ट्रांसक्रिप्ट को देखा और कहा कि पहली नजर में यह कोई नफरत फैलाने वाला बयान नहीं है।

आप कौन होते हैं आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जनहित याचिका, कहा- आपको याचिका दायर करने का कोई अधिकार नहीं

तीन नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई है। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून 1 जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे।

जनहित याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने याचिका से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आप कौन होते हैं नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले?' मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आपके पास इस मामले में हस्तक्षेप करने का ही अधिकार नहीं है। जनहित याचिका में गृह और कानून मंत्रालय को पक्षकार बनाने की मांग की गई थी। तीनों नए आपराधिक कानून देश में न्याय व्यवस्था में बड़े बदलाव लेकर आएंगे और एक जुलाई से देशभर में लागू हो जाएंगे। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। तीनों नए आपराधिक कानून अंग्रेजी शासन काल के आईपीसी (इंडियन पीनल कोड), सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर) और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह लेंगे। बीते साल 21 दिसंबर को इन नए कानूनों को संसद की मंजूरी मिली थी और 25 दिसंबर को राष्ट्रपति ने इन्हें मंजूरी दी थी। हालांकि अभी हिट एंड रन मामले से जुड़े प्रावधान पर अमल नहीं होगा। दरअसल बीते दिनों देशभर में ड्राइवरों ने हड़ताल कर हिट एंड रन मामले में नए प्रावधानों का विरोध किया था। जिस पर सरकार ने आश्वासन दिया था कि इस कानून को ड्राइर यूनियन से चर्चा के बाद अमल में लाया जाएगा। सरकार ने नोटिफिकेशन में बताया है कि अभी भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) को अमल में नहीं लाया जाएगा। भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं, जिसमें 20 नए अपराधों को परिभाषित किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट में अरविंद केजरीवाल बोले- वीडियो रिट्वीट करना मेरी गलती

मानहानि मामला

दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान केजरीवाल ने अदालत के सामने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। दरअसल, ये मामला मई 2018 का है। अरविंद केजरीवाल ने 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी की एक पोस्ट को रीट्वीट किया था। इसी को लेकर उन पर मानहानि का आरोप लगा और मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया था। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को अदालत से कहा कि उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़े कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट करके गलती की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना ही शिकायतकर्ता से पूछा कि क्या वह मुख्यमंत्री की माफी के बाद इस मामले को बंद करना चाहते हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी के रूप में अरविंद केजरीवाल को जारी किए गए समन को बरकरार रखा था।

राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते केजरीवाल।

एक नजर



तिरुवनंतपुरम। सोमवार को अट्टुकल समापन के दौरान भक्तों ने जुलूस निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह अट्टुकल भगवती मंदिर का दस दिवसीय त्योहार है। यह त्योहार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है। साल 1997 में 15 लाख महिलाओं ने पोंगल चढ़ाकर रिकॉर्ड बनाया था।

गुजराती परिवार की मौत मामले में भारतवंशी शिकागो से गिरफ्तार

न्यूयॉर्क। मानव तस्करी की 2022 की एक घटना की जांच के दौरान शिकागो में एक भारतवंशी को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में गुजराती परिवार के चार सदस्य कनाडा से अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने के प्रयास में मृत पाए गए थे। पिछले हफ्ते द शिकागो ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि हर्षकुमार रमनलाल पटेल को शिकागो के ओ हेयर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। उसे 28 फरवरी को कोर्ट में पेश किया जाना है।

धोखाधड़ी मामले में फैसले के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप ने की अपील

न्यूयॉर्क। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 45.4 करोड़ डॉलर के न्यूयॉर्क नागरिक धोखाधड़ी मामले के फैसले के खिलाफ अपील की है, जिसमें एक न्यायाधीश के इस फैसले को चुनौती दी गई है कि ट्रंप ने अपनी संपदा के बारे में झूठ बोला था और अपने रियल एस्टेट साम्राज्य को इस तरह बढ़ाया था जिसने उन्हें लोकप्रियता दिलाई और राष्ट्रपति पद तक पहुंचाया था। ट्रंप ने अपील करते हुए कोर्ट से कहा कि न्यायाधीश आर्थर के फैसले को पलट दिया जाए।

भारतवंशी प्रोफेसर अमेरिकी सर्वोच्च शैक्षणिक पुरस्कार से सम्मानित

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल के अमेरिकी इंजीनियर और प्रोफेसर अशोक वीरराघवन को टेक्सास के सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। वीरराघवन को इंजीनियरिंग में एडिथ और पीटर ओ'डोनेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। टेक्सास एकेडमी ऑफ मेडिसिन, इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी राज्य के उभरते शोधकर्ताओं को यह पुरस्कार प्रदान करता है। वीरराघवन राइस यूनिवर्सिटी के जॉर्ज आर. ब्राउन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं। यह पुरस्कार उन्हें इमेजिंग तकनीक के विकास के लिए दिया गया है।

मरियम नवाज बनीं पाकिस्तान के पंजाब की पहली महिला मुख्यमंत्री

इमरान की पार्टी के नेता राणा को दी शिकस्त, पार्टी उपाध्यक्ष भी हैं नवाज की बेटी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री पीएमएलएन नेता मरियम नवाज को बनाया गया। बता दें कि मरियम तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की बेटी हैं। 50 वर्षीय उपाध्यक्ष मरियम ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के सांसदों के बहिर्गमन के बीच मुख्यमंत्री पद का चुनाव जीता है।

पीएमएलएन नेता ने पीटीआई समर्थित एसआईसी के राणा आफताब को हराकर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री चुनाव जीता। मरियम ने पंजाब विधानसभा में जाने से पहले जती उमरा में अपनी मां की कब्र का दौरा किया। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएमएलएन ने बताया कि मरियम ने अपने नाना-नानी की कब्रों का भी दौरा किया। पीएमएल-एन ने चुनाव से पहले एक्स पर एक पोस्ट में कहा 'हमारे देश के इतिहास में पहली बार, एक महिला पंजाब की सीएम बनेगी। मरियम नवाज शरीफ पंजाब की सीएम पद की शपथ लेने वाली पहली महिला होंगी।

2012 में राजनीति में उतरीं, 2024 में मुख्यमंत्री बनीं मरियम

मरियम नवाज पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी हैं। साल 1992 में सफदर अवान से मरियम नवाज की शादी हुई। सफदर अवान पाकिस्तान की सेना में कैप्टर रह चुके हैं। सफदर अवान, नवाज शरीफ के सुरक्षा अधिकारी भी रहे। मरियम नवाज के तीन बच्चे हैं। मरियम नवाज ने साल 2012 में राजनीति में कदम रखा और अपने पिता के साथ काम किया। साल 2024 के आम चुनाव में मरयम नवाज पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और पंजाब असेंबली के लिए पहली बार चुनी गई हैं।

गौहर खान फिर चुने गए इमरान की पार्टी पीटीआई के अध्यक्ष

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने यू-टर्न लेते हुए बैरिस्टर गौहर खान को फिर से पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने पहले बैरिस्टर अली जफर को अध्यक्ष नियुक्त किया था। बैरिस्टर गौहर खान (45 वर्षीय) को बीते साल दिसंबर में भी पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हालांकि पार्टी के संगठन चुनाव के नतीजों को अदालत में चुनौती दी गई। कोर्ट ने पीटीआई के आंतरिक चुनाव को रद कर दिया और पार्टी का चुनाव चिन्ह बैट भी छीन लिया गया। इसके बाद गौहर खान पार्टी के अध्यक्ष पद से हट गए थे। बीते हफ्ते गौहर खान ने एलान किया कि पार्टी के नए अध्यक्ष बैरिस्टर अली जफर होंगे और उन्हीं की देखरेख में 3 मार्च को पार्टी के आंतरिक चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, बैरिस्टर अली जफर ने पार्टी का चेयरमैन बनने से इनकार कर दिया। ऐसे में बैरिस्टर गौहर अली ने फिर से पार्टी के चेयरमैन बनने के लिए नामांकन किया। बैरिस्टर गौहर खान को पीटीआई चीफ इमरान खान ने नामांकित किया था, ऐसे में उनकी जीत तय मानी जा रही है।

साद अहमद होंगे भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त

नई दिल्ली। साद अहमद वराइच को भारत में पाकिस्तान का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। साद अहदम ने एजाज खान की जगह ली है। एजाज खान का कार्यकाल बतौर पाकिस्तानी उच्चायुक्त पूरा हो गया है। अब साद अहमद वराइच उनकी जगह लेंगे। वराइच ने नई दिल्ली पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वराइच इससे पहले अफगानिस्तान, तुर्किए और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत रह चुके हैं।

हिंद प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश तुवालु में फेलेटी टेओ को नया प्रधानमंत्री चुना गया है। तुवालु के संसदीय सदस्यों ने पूर्व अटॉर्नी जनरल फेलेटी टेओ को देश का अगला पीएम चुना। शीर्ष पद के लिए नामांकन करने वाले फेलेटी टेओ एकमात्र उम्मीदवार थे और उन्हें निर्विरोध पीएम चुन लिया गया। तुवालु के पूर्व पीएम कोसिया नातानो की 26 जनवरी को हुए चुनाव में हार हुई थी। नातानो ताइवान के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने के पक्ष में थे। नातानो की हार के साथ ही तुवालु की ताइवान को लेकर नीति पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

आतंक पर उरी और बालाकोट ही हमारा जवाब: एस जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

● बोले-भारत ने दृढ़ संकल्प से सभी को पीछे धकेलने में कामयाबी हासिल की

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मसले काफी जटिल होते हैं, लेकिन उरी हमले के बाद हुई सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा हमले के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक ने दुनिया को सख्त संदेश दिया है। देश के पश्चिम मोर्चे पर बढ़ते आतंकवाद के प्रति हमारा यह करारा जवाब है।

जयशंकर सोमवार को जेएनयू के कन्वेंशन सेंटर में भारत और विश्व विषय पर पंडित हृदय नाथ कुंजरू मेमोरियल व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा का पैमाना बहुत जटिल हो गया है। प्रतिस्पर्धा और दबाव के पारंपरिक तरीकों को प्रभाव और व्यवधान के नए उपकरणों से बल मिला है। यहां भी, भारत ने दृढ़ संकल्प और धैर्य के साथ सभी को पीछे धकेलने में कामयाबी हासिल की है। चीन की चर्चा करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि जब हमें चीन के साथ एलएसी पर चुनौती दी गई, तो कोविड महामारी के बीच त्वरित और प्रभावी जवाबी तैनाती उचित जवाब था। भारत ने सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास पर काम किया है, जो लंबे समय से उपेक्षित था। हमने देश की रक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया है।

भारतीयों को रूसी सेना ने दी छुट्टी, सूरत के युवक की मौत

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि रूसी सेना में सहायक कर्मियों के रूप में काम कर रहे कई भारतीयों को सरकार की मांग के बाद कार्यमुक्त कर दिया गया है। वहीं सूरत के 23 वर्षीय हेमिल मंगुकिया की युद्ध में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने केंद्र सरकार से शव लाने में मदद करने का आग्रह किया। भारत रूसी सेना से भारतीय नागरिकों की जल्द कार्यमुक्ति के सभी प्रासंगिक मामलों को रूसी प्राधिकारियों के साथ संपर्क करके आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और वह इन मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कई भारतीय रूसी सेना में सुरक्षा सहायक के रूप में कार्यरत हैं और उन्हें यूक्रेन के साथ लगती रूस की सीमा के कुछ क्षेत्रों में रूसी सैनिकों के साथ लड़ने के लिए भी मजबूर किया गया था। विदेश मंत्रालय ने कई भारतीयों को पहले ही कार्यमुक्त कर दिया गया है। बचे युवओं को वापस लाने के लिए केंद्र सरकार रूस से लगातार संपर्क में हैं।

तालिबान ने हत्या के दोषी को गोली मारकर दी मौत की सजा

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में तालिबान शासन के दौरान एक बार फिर से सार्वजनिक रूप से मौत की सजा देने की घटनाएं बढ़ गई हैं। उत्तरी अफगानिस्तान में सोमवार को हत्या के दोषी एक व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी गई।

यह सजा एक खेल स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई। पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली तीसरी ऐसी मौत की सजा है। मारे गए व्यक्ति के भाई ने दोषी को राइफल से पांच गोलियां मारीं। स्टेडियम के आसपास कड़ी सुरक्षा की गई थी। अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद से यह पांचवीं सार्वजनिक मौत की सजा है। तालिबान की ओर से इसे लेकर अभी कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

भोजन की आस...

गाजा : हताश लोगों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने में संयुक्त राष्ट्र (संरा) शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करने में विफल रहा है। मानवाधिकार की वकालत करने वाली संस्था 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने सोमवार को आरोप लगाते हुए गाजा पट्टी के लिए राहत सामग्री को अवरुद्ध करने के लिए इजराइल को दोषी ठहराया। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि इजराइल बुरी तरह प्रभावित उत्तरी गाजा में ईंधन उपलब्ध कराने की पर्याप्त सुविधा नहीं दे रहा है। दूसरी तरफ गाजा के समुद्र तट पर मानवीय सहायता की प्रतीक्षा में बैठे फिलिस्तीनी नागरिक। ● एजेंसी

फिलिस्तीन के पीएम मोहम्मद शतयेह ने दिया इस्तीफा

गाजा । इजराइल हमास युद्ध के बीच फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने अपनी सरकार से इस्तीफा दे दिया है। फिलिस्तीन की सरकार कब्जे वाले वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों पर शासन करती है।

इस्तीफे की जानकारी देते हुए शातयेह ने कहा, मैं सरकार का इस्तीफा राष्ट्रपति महमूद अब्बास को सौंपता हूं, उन्होंने कहा, यह गाजा के खिलाफ आक्रामकता और वेस्ट बैंक और यरूशलेम में तनाव से संबंधित घटनाक्रम के मद्देनजर लिया गया फैसला है। उन्होंने आगे कहा गाजा में युद्ध, नरसंहार और भुखमरी की वजह से मैंने इस्तीफा दिया है।

जब तक जिंदा हूं, बाल विवाह नहीं होने दूंगा

● मुस्लिम विवाह कानून निरस्त के बाद विस में विपक्ष के विरोध पर गरजे सीएम हिमंत बिस्व सरमा

गुवाहाटी, एजेंसी

असम सरकार की ओर से मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त किए जाने के बाद कांग्रेस और एआईयूडीएफ जैसी विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पर निशाना साधा है। इसका जवाब सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने विधानसभा में दिया। विपक्षी दलों पर गरजते हुए सरमा ने कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा।

मुस्लिम विवाह कानून के निरस्त होने पर कांग्रेस और एआईयूडीएफ ने आज विधानसभा में भाजपा का विरोध किया। इस पर भड़कते हुए हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, "आप मुझे ध्यान से सुन लें। जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा। जब तक हिमंत बिस्व सरमा जिंदा है, तब तक यह नहीं हो सकता। मैं आपको राजनीतिक तौर पर चुनौती देता हूं। मैं 2026 से पहले ये दुकान बंद कर दूंगा। इस बीच कांग्रेस और एआईयूडीएफ विधायकों ने असम विधानसभा में जमकर हंगामा किया। एआईयूडीएफ ने सरमा कैबिनेट के मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त करने के फैसले का विरोध करते हुए इसके खिलाफ स्थगन प्रस्ताव पेश किया। हालांकि, सदन के स्पीकर बिश्वजीत दयमारी ने इसे स्वीकार नहीं किया। दो दिन पहले ही असम सरकार ने राज्य में बाल विवाह पर रोक के लिए मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून, 1935 खत्म कर दिया। इसे लेकर शुक्रवार देर रात हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया था।

सोमवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में बोलते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

विज्ञान हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने की अजीबो-गरीब घटना की खोज

आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: इन दिनों हमारी आकाशगंगा में अजीबो गरीब घटना हो रही है । इस घटना में तारों के बादल तरंग के साथ तैर रहे हैं। इसका कारण गुरुत्वाकर्षण लहर माना जा रहा है। अब खगोलशास्त्री इस तरह की घटना दूसरी आकाशगंगाओं में तलाश करने लगे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार तारों के ये बादल हमारी आकाशगंगा की भुजाओं के साथ चलते हैं।

हांलाकि 2020 में सिर्फ एक तरंग जैसी आकृति देखी गई थी। मगर अब इसे श्रृंखला के रूप में देखा गया है। जो रोमांचक तरंग बना रहे हैं। आकाशगंगा के गुरुत्वाकर्षण के कारण यह संरचना दोलन करती है।



आकाशगंगा में तरंग के साथ तारों के तैरते बादल की तस्वीर।

हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

इस खोज में यह भी पता चला है कि यह संरचना आकाशगंगा की सर्पिल भुजा के साथ तारों के समूहों को जन्म दे रही है। तारों के बादलों की यह रेडक्लिफ तरंग न केवल एक लहर की तरह दिखती है, बल्कि उसी की तरह चलती भी है। पत्रिका नेचर में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यह संरचना हमारे आकाशगंगा के पिछले हिस्से में 9,000 प्रकाश-वर्ष लंबी फैली हुई है और सूर्य से केवल 500 प्रकाश वर्ष दूर मौजूद है। हमारी अजशगंगा में यह सबसे बड़ी संरचना है। बड़ी बात यह है कि अब हम इसके बारे में जानते हैं। अच्छी बात यह है कि यह वास्तव में हमारे बहुत करीब है।

कई और रहस्य होंगे उजागर

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह खोज कई अन्य रहस्य उजागर करने में मददगार साबित होगी, जो वैज्ञानिकों के लिए चुनौतीपूर्ण भी होगी। यह अपनेआप में बड़ी खोज है। आकाशगंगा में अक्सर कुछ न कुछ घटित होते रहता है। जिनके बारे में वैज्ञानिक अभी भी नही जानते हैं।

फिर तेरी कहानी याद आई...उदास हुई हस्तियां

पंकज उधास गजल गायिकी की दुनिया में एक बड़ा नाम थे। उन्हें 'चिट्ठी आई है' गजल से शोहरत मिली। यह गजल 1986 में रिलीज हुई फिल्म 'नाम' में गाई थी। पंकज ने कई गजलों को अपनी आवाज दी जिनमें 'ये दिल्लगी', 'फिर तेरी कहानी याद आई', 'चले तो कट ही जाएगा' और 'तेरे बिन' शामिल है। इसे अलावा 'ना कजरे की धार, 'चांदी जैसा रंग है तेरा' पंकज के यादगार गानों में से एक हैं। पंकज का जन्म 17 अप्रैल, 1951 को गुजरात के सर्वकुंड में हुआ था। पंकज के बड़े भाई मनहर उधास बॉलीवुड में पहले से ही प्लेबैक सिंगर थे। उनके दूसरे भाई निर्मल उधास भी अच्छे गजल गायक थे।

17 अप्रैल 1951 - 26 फरवरी 2024

● पढ़ाई पूरी करने के बाद पंकज उधास ने बॉलीवुड में अपना करियर शुरू किया तो बड़े-बड़े धुरंधरों जैसे मोहम्मद रफी, किशोर कुमार और मुकेश पहले से ही इंडस्ट्री पर राज कर रहे थे। ऐसे में उन्हें अवसर नहीं मिल पा रहा था। जब प्लेबैक सिंगिंग में बात नहीं बनी तो पंकज उधास ने गजल में हाथ जमाया और उर्दू सीखी।

पंकज ने संगीत को बनाया लोकप्रिय: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास के निधन पर परिजनों और प्रशंसकों के प्रति समवेदना व्यक्त की है। मुर्मु ने एक्स पर लिखा, सुप्रसिद्ध गजल गायक का निधन अत्यंत दुखद है। पद्म श्री से सम्मानित पंकज ने संगीत को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पंकज की गजलें आत्मा से बात करती थीं : मोदी

पंकज उधास के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- पंकज उधास की गायिकी कई तरह की भावनाओं को जाहिर करती थीं और जिनकी गजलें सीधे आत्मा से बात करती थीं, वह भारतीय संगीत के एक प्रकाश स्तंभ थे, जिनकी धुनें पीढ़ियों से चली आ रही थीं। उनके जाने से संगीत जगत में एक खालीपन आ गया है जिसे कभी नहीं भरा जा सकेगा। उनके परिवार और चाहने वालों के लिए हमारी संवेदनाएं।

भागवत-दत्तात्रेय होसबोले ने व्यक्त की संवेदना

आरएसएस सर संघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने पंकज उधास के निधन को दु:खदायी बताते हुए उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। कहा कि दुख की इस घड़ी में वे उनके अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं। पंकज उधास ने अपनी सुरीली और मनमोहक आवाज से लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। उनके निधन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हार्दिक संवेदना के साथ उनकी स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित करता है।